आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 36°C | 29°C |

इनसाइड न्यूज

उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु प्रौद्योगिकी और...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 27 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 222 | www.janexpresslive.com/epaper



सिंदूर मिटाने वाले का मिटना तय... 12

जन एक्सप्रेस की पड़ताल




# मौरंग माफिया पर मौन सिस्टम

## यूपी की सड़कों पर दौड़ती मौतें, गायब नम्बर प्लेट और गुम जिम्मेदारियां

**जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट**

**लखनऊ**




मौरंग खदानों से कानपुर देहात, कानपुर नगर और उन्नाव होते हुए राजधानी लखनऊ की ओर आने वाले ओवरलोडेड डंफर न सिर्फ सड़क पर खतरा बनकर दौड़ रहे हैं, बल्कि इनकी पहचान तक संभव नहीं। कारण साफ है- इनमें से अधिकांश वाहनों की नम्बर प्लेट या तो पूरी तरह गायब है या फिर जानबूझकर मिटा दी गई है। जन एक्सप्रेस की पड़ताल में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दौड़ रहे करीब 90% मौरंग लदे डंफर ऐसे हैं जिनकी नम्बर प्लेट या तो दोषयुक्त है, गलत फॉन्ट में है, या मिटा दी गई है, जिससे इनकी पहचान न हो सके।

### कानून क्या कहता है?

- मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अनुसार धारा 50 और 51 के तहत वाहन का पंजीकरण प्रमाणपत्र वाहन पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना चाहिए।
- धारा 39 के अनुसार, बिना वैध पंजीकरण या गलत/गायब नम्बर प्लेट के वाहन का संचालन अवैध है।
- धारा 177ए (2020 संशोधन के बाद) के अनुसार, अगर कोई वाहन दोषयुक्त नम्बर प्लेट के साथ पाया जाता है तो उसपर 5,000 तक जुर्माना और वाहन जब्त करने की कार्यवाही हो सकती है।
- धारा 190(1) के अनुसार, यदि वाहन मालिक नियमों का उल्लंघन करते हुए किसी खतरे या दुर्घटना की संभावना पैदा करता है, तो उसे 3 महीने की जेल या 1,000 तक जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

### क्या सिर्फ चालान से बचे रहेंगे ये मौत के डंफर?

इन मौरंग डंफरों की संख्या हजारों में है। ये वाहन कानपुर, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, हरदोई आदि ज़िलों से होते हुए राजधानी तक पहुंचते हैं। इनके मार्ग में पड़ने वाले हर आरटीओ, एआरटीओ और पुलिस थानों की जवाबदेही बनती है, परंतु कोई रोक-टोक नहीं। वजह? या तो मिलीभगत या प्रशासनिक लापरवाही।



### जन एक्सप्रेस की मांग

- सभी दोषयुक्त नम्बर प्लेट वाले वाहनों की पहचान कर तत्काल कार्यवाही की जाए।
- जिन अधिकारियों की नजरों के सामने ये वाहन रोज गुजरते हैं, उनकी जवाबदेही तय की जाए।
- सड़क सुरक्षा और नियम पालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए।
- सभी प्रमुख हाईवे पर नम्बर प्लेट रीडिंग कैमरे लगाए जाएं।

यह मामला सिर्फ अवैध परिवहन का नहीं, जानबूझकर की जा रही कानून की हत्या का है। जब कोई वाहन अपनी पहचान ही छिपा ले, तो वह न सिर्फ नियमों की अनदेखी करता है, बल्कि अपराध को आमंत्रित करता है। अगर अब भी कार्वाई नहीं हुई, तो अगली खबर किसी मासूम की जान जाने की होगी-क्योंकि मौत, अब नम्बर प्लेट से बेनकाब नहीं होती।

### मेरे संज्ञान में नहीं था: आरटीओ

जब जन एक्सप्रेस ने लखनऊ के आरटीओ (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज से इस मुद्दे पर बात की तो उन्होंने कहा, मेरे संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं था। आपने बताया है तो मैं इसे देखता हूं और कार्रवाई करता हूं।

**प्रश्न उठता है-** जब हाईवे पर यह समस्या रोज़ की है, तो क्या आरटीओ का अनभिज्ञ रहना महज संयोग है या यह चुप्पी किसी 'सौदे' की गवाही दे रही है?



संदीप कुमार पंकज
आरटीओ (प्रवर्तन), लखनऊ



# अंतरराष्ट्रीय तस्करी: पेट से निकाले सोने के 27 कैप्सूल, एक करोड़ कीमत

**जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद**

मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। गैंग के चार तस्करों के पेट से दुबई से लाए गए सोने के 27 कैप्सूल निकाले गए हैं। इनका वजन करीब 1.058 किलोग्राम है। इनकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। तस्करों के खिलाफ कस्टम एक्ट सहित बीएनएस की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी ने टीम के साथ चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में दो बदमाशों तौफिक (रामपुर दौराहा) और रजा (काशीपुर, उत्तराखंड) को गिरफ्तार कर लिया। उनके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी मूंढापांडे में भर्ती कराया गया। इनके कब्जे से अवैध असलहे, कारें और अपहृत चारों तस्करों को छुड़ाया गया।

### तस्करों के पेट में थे सोने के कैप्सूल, एक्स-रे में खुला राज

चारों तस्करों मुत्तलीब, अजरुद्दीन, शाने आलम और जुल्फेकार अली, निवासी टांडा (रामपुर) को पुलिस ने संदेह के आधार पर जिला अस्पताल भेजा। वहां एक्सरे में उनके पेट में मेटल जैसी आकृति के कैप्सूल दिखे। डॉक्टरों की निगरानी में जब उपचार शुरू हुआ तो उनके पेट से 27 सोने के कैप्सूल बरामद किए गए। पूछताछ में चारों ने बताया कि वह एक संगठित अंतरराष्ट्रीय तस्करी गिरोह का हिस्सा हैं। जहां वह बिल पर सोने के कैप्सूल खरीदकर पानी से निगल लेते और दुबई से मुंबई एयरपोर्ट तक पहुंच जाते।

### गिरफ्तार तस्करों की पहचान

- शाने आलम पुत्र सगीर अहमद, मोहल्ला रांड, टांडा, रामपुर
- मुत्तलीब पुत्र मोहम्मद सुलेमान, मोहल्ला यूसुफ चौक, टांडा, रामपुर
- अजरुद्दीन पुत्र मोहम्मद फारूक, मोहल्ला यूसुफ चौक, टांडा, रामपुर
- जुल्फेकार अली पुत्र अब्दुल कदीर, मोहल्ला नज्जूपुरा, टांडा, रामपुर

# चित्रकूट एआरटीओ ऑफिस में दलालों की सरकार! विवेक शुक्ला के संरक्षण में भ्रष्टाचार का खुला खेल

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

चित्रकूट जनपद का सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय अब भ्रष्टाचार और दलालों का गढ़ बन चुका है। जनता की सेवा के लिए बना यह सरकारी दफ्तर, अब विवेक शुक्ला नामक एआरटीओ के संरक्षण में दलाली, उगाही और शोषण का अड्डा बन गया है। यहां बिना दलाल के पत्ता भी नहीं हिलता!

### दलालों की चौपाल और अफसर की मेहरबानी

ऑफिस के बाहर बनी झोपड़ी अब 'दलाल चौपाल' बन चुकी है। सुबह से शाम तक दलालों की भीड़ फाइलें लेकर आती-जाती रहती है और आम जनता को खुलेआम कहा जाता है सीधे मत आइए, दलाल से मिलिए! सूत्रों की मानें तो एआरटीओ विवेक शुक्ला ने अपने निजी लोगों को ही कर्मचारी बनाकर सेटिंग कर रखी है,



जो मोटी रकम लेकर हर काम 'फास्ट ट्रैक' में करवाते हैं।

### सीसीटीवी खोल सकते हैं पोल

विधायक का कहना है कि यदि कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाए, तो दलालों की अंदर-बाहर की आवाजाही और फाइलों पर होते सौदों की पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। सवाल ये भी उठ रहा है कि क्या परिवहन विभाग जानबूझकर आंखें मूंदे हुए है?

### प्रयागराज और मिर्जापुर से संचालित होता भ्रष्टाचार का नेटवर्क

सूत्रों का दावा है कि एआरटीओ शुक्ला का निवास प्रयागराज और मिर्जापुर में है। वे रोज सुबह चित्रकूट आकर अवैध उगाही करते हैं और शाम को वापस लौट जाते हैं। ये सिलसिला वर्षों से चल रहा है, लेकिन विभाग ने आंख मूंद रखी है।

### अब जनता पूछ रही है, आखिर कब तक?

जनता का सब्र अब जवाब दे रहा है। आवाज़ उठ रही है कि एआरटीओ विवेक शुक्ला को तत्काल बर्खास्त कर जांच कराई जाए और परिवहन कार्यालय को दलालों से मुक्त किया जाए। सवाल ये भी है...

- क्या विभागीय अफसर भी इस दलाली तंत्र का हिस्सा हैं?
- क्या शासन-प्रशासन की नाक के नीचे सब कुछ यूं ही चलता रहेगा?
- जब तक जवाब नहीं मिलेगा, जन एक्सप्रेस इस भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ता रहेगा।

### फील्ड में उगाही का खेल, ट्रक चालकों की लूट

एआरटीओ विवेक शुक्ला की मौजूदगी फील्ड में भी सवालों के घेरे में है। जिले में बिना नंबर प्लेट के ट्रकों से खुलेआम उगाही हो रही है। ओवरलोड गाड़ियों से 'एंट्री फीस' वसूल की जाती है, और जो ट्रक 'सेटिंग' से बाहर हैं, उन्हीं पर कार्यवाही कर खानापूर्ति की जाती है।

### कोर्ट से स्टे लेकर फिर बहाल हुए थे एआरटीओ

चौंकाने वाली बात यह है कि पूर्व में लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप में एआरटीओ विवेक शुक्ला को सस्पेंड भी किया गया था, लेकिन कोर्ट से स्टे लेकर वे फिर बहाल हो गए। विभाग की ओर से कोई दमदार पैरवी न होने के कारण उनका मनोबल और बढ़ गया।

### विधायक ने खोला मोर्चा, सरकार से सीधी कार्रवाई की मांग

इस पूरे मामले की गूंज अब सत्ता के गलियारों तक पहुंच गई है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने परिवहन मंत्री और प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर एआरटीओ विवेक शुक्ला के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक का साफ आरोप है कि विवेक शुक्ला वर्षों से चित्रकूट में जमे हुए हैं और उन्हीं के संरक्षण में यह गोरखधंधा बेखौफ चल रहा है।

# यूपी: प्रदेश सरकार का बड़ा फैसला, अब मृतक शिक्षकों के परिजनों को मिलेगी डेथ ग्रेच्युटी, जारी हुआ शासनादेश

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

प्रदेश सरकार ने सहायता प्राप्त अशासकीय (एडेड) महाविद्यालयों के मृतक शिक्षकों के परिजनों को बड़ी राहत दी है। सेवाकाल में मृत्यु होने की स्थिति में शिक्षकों के परिजनों को मृत्यु उपादान (डेथ ग्रेच्युटी) का भुगतान शासनादेश के अनुरूप किया जाएगा। कैबिनेट की हरी झंडी के बाद इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि एडेड महाविद्यालयों के ऐसे शिक्षक जिन्होंने सेवानिवृत्ति का विकल्प नहीं दिया था और उनकी मृत्यु 58 वर्ष की आयु से पहले हो गई तथा वे शिक्षक जिन्होंने 60 वर्ष पर सेवानिवृत्ति का विकल्प भरा था, किंतु विकल्प परिवर्तन की निर्धारित अवधि से पहले ही उनका निधन हो गया। इन मामलों में उनके परिजनों



को डेथ ग्रेच्युटी दिए जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 03 फरवरी 2004 के बाद के उन मामलों में भी डेथ ग्रेच्युटी दी जाएगी, जिनमें शिक्षकों ने सेवानिवृत्ति का विकल्प नहीं चुना और 60 वर्ष की आयु से पहले निधन हो गया। ऐसे शिक्षक जिन्होंने 62 साल पर सेवानिवृत्ति का विकल्प भरा, मगर विकल्प परिवर्तन की निर्धारित अवधि से पहले ही उनका निधन हुआ।

# यूपी: प्रदेश में बिजली हड़ताल, संकट से निपटने के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम, जारी हुए हेल्पलाइन नंबर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

बिजलीकर्मियों के 29 मई से प्रस्तावित बेमियादी कार्य बहिष्कार को देखते हुए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने जोनल मुख्य अभियंता कार्यालयों में कंट्रोल रूम खोला है। निगम ने सोमवार को बरेली, सीतापुर, रायबरेली, अयोध्या, देवीपाटन व लखनऊ में खोले गए कंट्रोल रूम के नंबर भी जारी किए हैं। ये 24 घंटे कार्य करेंगे। इन नंबरों पर उपभोक्ता बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतें दर्ज कराकर निदान पा सकेंगे। कंट्रोल रूम में कर्मचारी भी तैनात कर दिए गए हैं।

### प्रदर्शन में शामिल चार संविदा कर्मी बर्खास्त

मध्यांचल निगम ने कार्य बहिष्कार व छंटनी के विरोध में मुख्य अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने वाले संविदा कर्मियों को बर्खास्त करने का सिलसिला शुरू कर दिया है।

# जौनपुर में तिहरे हत्याकांड से सनसनी पिता समेत दो पुत्रों की नृशंस हत्या



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कचगांव अंडरपास के पास बीती रात हुए तिहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात हमलावरों ने एक ही परिवार के पिता व उनके दो पुत्रों की बेरहमी से हत्या कर दी। इस दिल दहला देने वाली वारदात ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### दुकान पर सोते समय की गई हत्या

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लालजी, निवासी महमदपुर कांध इमलो, जल निगम विभाग में ठेकेदारी करते थे और उनकी जफराबाद थाना क्षेत्र के नेवादा कचगांव अंडरपास पर लालजी भइया इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रिकल्स खराद नाम से दुकान थी। रविवार रात वे अपने दोनों पुत्रोंध यादवीर (35) व गुड्डू (25)धके साथ दुकान पर रुक गए। सुबह जब दुकान नहीं खुली, तो स्थानीय लोगों ने जाकर देखा और अंदर का मंजर देखकर हक्के-बक्के रह गए। तीनों के शव खून से लथपथ अवस्था में पड़े थे। मौके से सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी गायब मिला, जिससे स्पष्ट है कि अपराधियों ने हत्या की पूर्व नियोजित साजिश के तहत साक्ष्य मिटाने की कोशिश की।

### पुलिस पर परिजनों का फूटा गुस्सा

घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। आरोप लगाया गया कि पुलिस ने शवों को बिना दिखाए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जिससे नाराज लोगों ने हाइवे जाम करने की कोशिश की। हालांकि मौके पर मौजूद सीओ सिटी देवेश सिंह, थानाध्यक्ष लाइन बाजार सतीश सिंह और थानाध्यक्ष जफराबाद जय प्रकाश यादव ने किसी तरह भीड़ को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

### फोरेंसिक जांच में अहम सुराग

पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया, जहां से एक मोबाइल फोन, लोहे की रॉड सहित अन्य साक्ष्य बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में व्यक्तिगत रंजिश की आशंका जताई जा रही है।

### पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष पर आरोप

मृतकों के परिजनों ने पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष पलटू राम नागर पर हत्या करवाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पुलिस ने अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन जांच तेज कर दी गई है।

### रेंज आईजी व डीआईजी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

घटना की गंभीरता को देखते हुए वाराणसी रेंज के आईजी व डीआईजी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मातहतों को सख्त निर्देश दिए कि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# जनहित को सर्वोपरि मानकर आगे बढ़ रही है राज्य सरकार: मुख्यमंत्री धामी

- कोटद्वार को विकास की नई सौगात, सात योजनाओं का सीएम धामी ने किया ई-लोकार्पण
- पांच घोषणाएं भी की गईं, मालन पुल से जुड़ा वर्षों पुराना इंतजार हुआ खत्म

**जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड**

**कोटद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कोटद्वार क्षेत्र की 70 करोड़ रुपये से अधिक की सात महत्वपूर्ण परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में आधारभूत ढांचे को सशक्त किया जा रहा है। राज्य सरकार आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य कर रही है।

### मुख्यमंत्री द्वारा इन परियोजनाओं का हुआ डिजिटल उद्घाटन

- **मालन पुल:** 26.75 करोड़ की लागत से सुरक्षात्मक कार्य।
- **सुखरौं पुल:** 4.50 करोड़ से पुनर्संरचना।
- **बीईएल क्षेत्र पुल:** 2.10 करोड़ की लागत से डबल लेन पुल।
- **ग्रास्टनगंज पुल:** 2.36 करोड़ में सुरक्षा कार्य।
- **गूलर पुल:** 2.70 करोड़ से संरचना सुदृढ़ीकरण।
- **खोह नदी पर आरसीसी पुल:** 4.87 करोड़ से तैयार।
- **चिल्लरखाल-कोटद्वार-पाखरो सड़क:** 18.25 करोड़ की लागत से 12 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण।

### रेलवे, चिकित्सा और शिक्षा सुविधाओं में भी हो रहा विस्तार

धामी ने जानकारी दी कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोटद्वार रेलवे स्टेशन को आधुनिक रूप में विकसित किया जा रहा है। सिद्धबली-कोटद्वार से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू हो गई है। साथ ही कोटद्वार में नए अस्पताल व बस टर्मिनल का निर्माण तेजी से हो रहा है। केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि हस्तांतरित कर दी गई है और जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

### कार्यक्रम में प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण, नगर निगम कोटद्वार के मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल और जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कोटद्वार में तेजी से हो रहा आधारभूत विकास

मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि कोटद्वार में 135 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण चल रहा है। साथ ही 691 करोड़ की लागत से चार लेन बाईपास व कोटद्वार-नजीबाबाद डबल लेन सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कोटद्वार-पौड़ी-श्रीनगर मार्ग को भी चौड़ा कर डबल लेन में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### मालन पुल बना ग्रामीणों के लिए नई उम्मीद

मुख्यमंत्री ने कहा कि मालन नदी पर नव निर्मित पुल राज्य सरकार की विकास प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पुल मोटाढाक क्षेत्र को कोटद्वार से जोड़ता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही व्यापार और आजीविका के अवसर भी बढ़ेंगे।

# चित्रकूट ARTO ऑफिस में दलालों की सरकार! विवेक शु ला के संरक्षण में भ्रष्टाचार का खुला खेल



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

चित्रकूट जनपद का सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय अब भ्रष्टाचार और दलालों का गढ़ बन चुका है। जनता की सेवा के लिए बना यह सरकारी दफ्तर, अब विवेक शुक्ला नामक ARTO के संरक्षण में दलाली, उगाही और शोषण का अड्डा बन गया है। यहां बिना दलाल के पत्ता भी नहीं हिलता!

### दलालों की चौपाल और अफसर की मेहरबानी

ऑफिस के बाहर बनी झोपड़ी अब 'दलाल चौपाल' बन चुकी है। सुबह से शाम तक दलालों की भीड़ फाइलें लेकर आती-जाती रहती है और आम जनता को खुलेआम कहा जाता है- सीधे मत आइए, दलाल से मिलिए! सूत्रों की मानें तो ARTO विवेक शुक्ला ने अपने निजी लोगों को ही कर्मचारी बनाकर सेटिंग कर रखी है, जो मोटी रकम लेकर हर काम 'फास्ट ट्रैक' में करवाते हैं।

### विधायक ने खोला मोर्चा, सरकार से सीधी कार्रवाई की मांग

इस पूरे मामले की गूंज अब सत्ता के गलियारों तक पहुंच गई है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने परिवहन मंत्री और प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर ARTO विवेक शुक्ला के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक का साफ आरोप है कि विवेक शुक्ला वर्षों से चित्रकूट में जमे हुए हैं और उन्हीं के संरक्षण में यह गोरखधंधा बेखौफ चल रहा है।

### सीसीटीवी खोल सकते हैं पोल

विधायक का कहना है कि यदि कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाए, तो दलालों की अंदर-बाहर की आवाजाही और फाइलों पर होते सौदों की पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। सवाल ये भी उठ रहा है कि क्या परिवहन विभाग जानबूझकर आंखें मूंदे हुए है?

### फील्ड में उगाही का खेल, ट्रक चालकों की लूट

ARTO विवेक शुक्ला की मौजूदगी फील्ड में भी सवालों के घेरे में है। जिले में बिना नंबर प्लेट के ट्रकों से खुलेआम उगाही हो रही है। ओवरलोड गाड़ियों से 'एंट्री फीस' वसूल की जाती है, और जो ट्रक 'सेटिंग' से बाहर हैं, उन्हीं पर कार्यवाही कर खानापूर्ति की जाती है।

### कोर्ट से स्टे लेकर फिर बहाल हुए थे ऋक्षह्न

चौंकाने वाली बात यह है कि पूर्व में लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप में ARTO विवेक शुक्ला को सस्पेंड भी किया गया था, लेकिन कोर्ट से स्टे लेकर वे फिर बहाल हो गए। विभाग की ओर से कोई दमदार पैरवी न होने के कारण उनका मनोबल और बढ़ गया।

### प्रयागराज और मिर्जापुर से संचालित होता भ्रष्टाचार का नेटवर्क

सूत्रों का दावा है कि ARTO शुक्ला का निवास प्रयागराज और मिर्जापुर में है। वे रोज सुबह चित्रकूट आकर अवैध उगाही करते हैं और शाम को वापस लौट जाते हैं। ये सिलसिला वर्षों से चल रहा है, लेकिन विभाग ने आंख मूंद रखी है।

### अब जनता पूछ रही है - आखिर कब तक?

जनता का सब्र अब जवाब दे रहा है। आवाज़ उठ रही है कि ARTO विवेक शुक्ला को तत्काल बर्खास्त कर जांच कराई जाए और परिवहन कार्यालय को दलालों से मुक्त किया जाए। सवाल ये भी है- क्या विभागीय अफसर भी इस दलाली तंत्र का हिस्सा हैं? क्या शासन-प्रशासन की नाक के नीचे सब कुछ यूं ही चलता रहेगा? जब तक जवाब नहीं मिलेगा, जन एक्सप्रेस इस भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ता रहेगा।

# मंदाकिनी सफाई अभियान जारी, मंत्रियों सहित समाजसेवियों ने किया श्रमदान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा मां मंदाकिनी नदी को निर्मल व अविरल बनाने के लिए जन सहभागिता के साथ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को रामघाट के भरत घाट में सफाई की गई। जिसमें मंत्रियों सहित जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने मंदाकिनी नदी में श्रमदान किया। साथ ही श्रद्धालुओं व आमजनमानस को नदी को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया।

सोमवार को भरत घाट में चलाए गए सफाई अभियान में मां मंदाकिनी नदी में पानी में उतर कर नदी के तलहटी में जमा घास और मलबे को निकालकर उचित जगत निस्तारण किया गया। सफाई अभियान के दौरान सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नदियां हमारी संस्कृति की संवाहक और जीवनदायिनी हैं। उनका संरक्षण एवं संवर्धन करना प्रत्येक संवेदनशील नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। सीएम डॉ मोहन यादव के आह्वान पर जल गंगा संवर्धन अभियान में दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा जनसहयोग से मां मंदाकिनी को निर्मल और स्वच्छ रखने सफाई अभियान शुरू किया गया है, जो सराहनीय हैं। मध्य प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि सामूहिक श्रमदान से सभी लोगो में जागरूकता पैदा होगी और नदियों को साफ स्वच्छ रखने का संदेश भी जायेगा। मानव संसाधन के अलावा इस कार्य में मशीनों की भी आवश्यकता होगी। मशीनों और आवश्यकतानुसार मैन पावर के सहयोग से मां मंदाकिनी को निर्मल और स्वच्छ रखा जाएगा। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि सफाई अभियान में लोगों का उत्साह देखने योग्य है। कहा कि सभी लोगों को व्यवहारिक दृष्टि से संकल्प लेना होगा कि नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर दो-तीन वर्षों तक उनकी देख-रेख करें, ऐसा करके निश्चित रूप से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। कहा कि मंदाकिनी महज एक नदी नहीं बल्कि आस्था का केंद्र है।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) के उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें सीएम योगी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लोकार्पण का सजीव प्रसारण देखा गया। साथ ही निपुण अभियान व समर कैंप के तहत विभिन्न कार्यों उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व टैबलेट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री ने कहा कि सीएम द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों का लोकार्पण किया है। जिसके तहत प्रदेश के बेसिक शिक्षा विद्यालयों का विकास किया जाएगा। कहा कि पहले की सरकारें शिक्षा के विकास के लिए कोई काम नहीं करती थीं। बताया आज के कार्यक्रम में सीएम ने डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये सीधे बच्चों के अभिभावकों के खाते में भेजे है। इसके साथ ही अच्छा कार्य करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व टैबलेट देकर सम्मानित किया है। कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी आम जनमानस के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य की पूरी व्यवस्था कर रहे हैं। कहा कि जनपद चित्रकूट आकांक्षी जनपद है। जिसने शिक्षा के क्षेत्र में देश में स्थान बनाया।

इस दौरान निपुण अभियान व समर कैंप के तहत विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को प्रभारी मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों ने प्रशस्ति पत्र व टैबलेट देकर सम्मानित किया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय ठर्री के अशोक कुमार सिंह, अरछा के ऋषि कुमार, रेरुवा के दिनेश कुमार सिंह, डाक बंगला के छेदीलाल, मानिकपुर रूरल के चंद्रशेखर, उच्च प्राथमिक विद्यालय खोह के इंद्रेश कुमार श्रीवास्तव, पहाड़ी की आदिता श्रीवास्तव, रेरुवा के शिवभूषण त्रिपाठी, चित्रवार के राजकुमार शर्मा, बभिया के रवि सिंह, प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर की गौरा देवी, मवई पहरा के रामभवन, उच्च प्राथमिक विद्यालय छेछरिया खुर्द के श्यामसुंदर यादव व सुभलेश सिंह, कंपोजिट विद्यालय खोर के संतलाल त्रिपाठी व रामजी, कोनिया की सुमन मिश्रा व सविता, प्राथमिक विद्यालय धौवापुरवा के संजय कुमार व सरैया भाग दो के राम प्रकाश त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलगदहिया के अशर्फी लाल सिंह, कंपोजिट विद्यालय बरेठी के अशोक त्रिपाठी, उच्च प्राथमिक विद्यालय भखरवार की रामावती पटेल, करही के रामशंकर, भगत सिंह नगर के रोहाणी कुमार को टेबलेट वितरण किया गया।

इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, भाजपा नेता सुरेश अनुरागी, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र सहित सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी व शिक्षक आदि मौजूद रहे।

# लोक गायक डॉ कृष्ण गोपाल मिश्रा ने लोकरंग, सुरों के संग कार्यक्रम में दी प्रस्तुति

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




जिला मुख्यालय के रौली कल्याणपुर के लूक गांव निवासी भजन एवं लोक गायक डॉ कृष्ण गोपाल मिश्रा ने दूरदर्शन चैनल के लोकरंग, सुरों के संग कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देकर जिले का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए जनपदवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

भजन एवं लोक गायक डॉ कृष्ण गोपाल मिश्रा इसके पहले अयोध्या महोत्सव, गोरखपुर महोत्सव, आजमगढ़ महोत्सव, प्रयागराज महोत्सव, महोबा महोत्सव, बांदा महोत्सव, कालिंजर महोत्सव, सिमोनी धाम महोत्सव, राष्ट्रीय ग्रामीण रामायण मेला, खेरिया महोत्सव आदि में अपने गीतों की प्रस्तुति दे चुके हैं।

# 28 को होगी जनसुनवाई

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से आगामी 28 मई बुधवार को महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा राजकीय गेस्ट हाउस कर्वी में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत समस्याएं सुनेंगी। बताया कि जनसुनवाई में महिलाओं के उत्पीड़न के साथ भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित महिलाओं की समस्याओं की भी समस्याएं सुनी जाएगी।

# दो जून तक बढ़ी आवेदन तिथि

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने बताया कि शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिये संचालित ''ओ'' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई से बढ़ाकर दो जून कर दी गई है।

बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त जनपद में कार्यरत संस्थाओं द्वारा ''ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र युवक-युवतियां अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से विभागीय वेबसाइट पर अब दो जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# रक्तदान शिविर में व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

जन एक्सप्रेस । उरई



व्यापार जगत के हितों के लिए संघर्ष करते हुए पुलिस की गोली व लाठी की परवाह ना कर कर्तव्य वेदी पर शहीद हो गए, ऐसे बहादुर व्यापारी भाइयों की शहादत पर व्यापार मंडल द्वारा प्रतिवर्ष 26 मई को प्रेरणा दिवस के रूप में उनको याद किया जाता है। अतः आज उसी के अंतर्गत अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में राजकीय मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आए हुए सभी व्यापारियों ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया करीब 20 व्यापारियों और महिलाओं ने रक्तदान भी किया।

रक्तदान करने बालों में जिला कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, जिलाध्यक्ष महिला बिंग से निशा राजपूत, सर्राफा एसोशिएशन से गोपाल सोनी, महेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष बलवीर जादौन, स्वेता गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता योगेंद्र जी, जिलामंत्री महिला बिंग कविता अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष बंटू गुर्जर, जिला मडिया प्रभारी सुधीर कुमार पांडेय, सीमा सिंह गुर्जर इत्यादि लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के क्षेत्रीय संयोजक आदरणीय अशोक राठौर, क्षेत्रीय सह संयोजक ज्ञान सिंह खागर, सीएमएस प्रशांत निरंजन, शांति स्वरूप माहेश्वरी, जिला महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, संजीव सिपोलिया, जिला प्रवक्ता प्रवीण ईटोंदिया, जिला महामंत्री संगठन श्रीमती रंजना अग्रवाल, जिला महामंत्री महिला श्रीमती सोनिया अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष महिला संगीता पाठक, सलिल तिवारी एवं व्यापारी मौजूद है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों की समस्याओं का किया जाएगा समाधान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा में आगामी 29 मई से 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। 12 जून तक चलने वाले इस अभियान में कृषि वैज्ञानिक सहित पुश चिकित्सक व अन्य अधिकारी खेतों में जाकर किसानों की कृषि से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करेंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक करेंगे।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान भारत सरकार की ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का अंग है, जिसका उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों, योजनाओं और संसाधनों से जोड़कर 'विकसित भारत, समृद्ध किसान' की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना है। बताया कि इस अभियान के अंतर्गत चित्रकूट जिले के 117 ग्राम केंद्रों तक कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी, पशु चिकित्सक सहित अन्य विभागों के विशेषज्ञ सीधे खेतों में जाकर किसानों से संवाद कर उनकी कृषि से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करेंगे।

साथ ही उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे।

बताया कि इस अभियान को व्यवस्थित रूप से क्रियान्वित करते के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां द्वारा तीन संयुक्त दलों का गठन किया है, जिनमें वैज्ञानिकों और तकनीकी कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। यह दल प्रतिदिन नौ से 10 ग्राम केंद्रों तक पहुँचकर कृषकों को फसल विविधिकरण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक खेती, पशुपालन, जल-संवर्धन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। बताया कि यह अभियान देशभर के 700 से अधिक आकांक्षी विकासखंडों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 100 से अधिक केंद्रों पर विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रम होंगे। जनपद में इस अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम केंद्र पर कृषि प्रदर्शन, मृदा परीक्षण शिविर, पशु चिकित्सा शिविर, किसान संवाद, महिला प्रशिक्षण, तकनीकी समाधान सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय कृषकों को सीधे लाभ प्राप्त होगा। यह अभियान चित्रकूट जिले में न केवल वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में एक समन्वित विकास मॉडल प्रस्तुत करेगा।

# अमृत पार्क का लोकार्पण, प्रभारी मंत्री बोले शहर की सुंदरता को मिला नया आयाम




जन एक्सप्रेस । उरई

नगर में उरई विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित अमृत पार्क का सोमवार को भव्य लोकार्पण किया गया। प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग के राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने फीता काटकर पार्क का उद्घाटन किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि ÷अमृत पार्क जैसे सुंदर सार्वजनिक स्थलों की आवश्यकता हर शहर को होती है। यह पार्क आमजन को न सिर्फ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उरई शहर की सुंदरता में भी वृद्धि करेगा। यहां आने वाले लोग सुबह-शाम सैर कर सकेंगे, बच्चे खेल सकेंगे और परिवार समय बिता सकेंगे। डबल इंजन की सरकार आम जनता के लिए लगातार विकास कार्य कर रही है, और यह पार्क उसी का प्रमाण है।÷ लोकार्पण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय एवं एसपी दुर्गेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी अमृत पार्क में घूम घूम कर जायजा लिया। डीएम ने बताया कि अमृत पार्क लगभग 1.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हुआ है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं जैसे-बच्चों के लिए झूले, वॉकिंग ट्रैक, बैठने की व्यवस्था, सेल्फी प्वाइंट, सुंदर फव्वारे, आकर्षक लाइटिंग और कैंटीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

पार्क का भ्रमण करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की सराहना की और इसे शहर के लिए एक बड़ी सौगात बताया। इस अवसर पर मुख्य सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, सहायक अभियंता सुधीर कुमार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### बीमारी से त्रस्त बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा में एक बुजुर्ग ने बीमारी से परेशान होकर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक लंबे समय से गले की तकलीफ और शुगर की बीमारी से ग्रसित था। शहर के मोहल्ला बघौरा निवासी अरविंद कुमार राठौर 65 वर्ष पुत्र स्व. नाथूराम बीते कई महीनों से बीमार चल रहे थे। जबकि उनकी पत्नी का निधन पहले ही हो चुका था और वह घर में अकेले रहते थे। बताया गया कि बेटा रोहित राठौर गुजरात में नौकरी करता है और दोनों बेटियां बड़ी बेटी किरन और छोटी बेटी कुसुम विवाहित हैं। रविवार की रात उन्होंने कमरे में लगे कुंडे से फांसी लगा ली। सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने अनहोनी की आशंका जताई और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची जेल चौकी पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर देखा तो वृद्ध का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला।जेल चौकी प्रभारी शीलवंत सिंह ने बताया कि खबर मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह बीमारी से मानसिक तनाव सामने आया है। फिलहाल मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# कॉलेज के चहुमुखी विकास के लिए बनीं आम सहमति

जन एक्सप्रेस । उरई

दयानंद वैदिक कॉलेज के पुस्तकालय परिसर में सोमवार को एल्युमिनी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की संयुक्त बैठक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश चंद पांडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में कॉलेज के उन्नयनीकरण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस बैठक के मुख्य बिंदु में कॉलेज के चहुमुखी विकास के लिए सामाजिक, आर्थिक और वैचारिक रूप से सभी में आम सहमति बनाते हुए और इस निर्णय को भी लिया गया कि इस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से ऐसे गणमान्य लोग हैं जो विभिन्न सम्मानित पदों पर आसीन हैं। जो इस कॉलेज में शिक्षा प्राप्त किए हुए हैं। उनको जोड़ने के लिए एक गूगल फॉर्म को विकसित किया गया है तथा उसके साथ-साथ यह भी निर्णय लिया गया है कि पुरातन समिति को चिटफंड समिति के द्वारा रजिस्टर्ड करा के इसमें अनेक लोगों को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाएगा। जिससे कि कॉलेज का चहुमुखी विकास संभव हो सके। इसमें सभी लोगों ने शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से इस बात का आश्वाशन दिया है कि वे आर्थिक, सामाजिक और मानसिक तौर पर कॉलेज के विकास के लिए तत्पर रहेंगे। इस बैठक में डॉ. अलका रानी पुरवार, डॉ. माधुरी रावत, डॉ. एसएस चौहान, डॉ राजेश पालीवाल, संयोजक एल्युमिनी, डॉ. अतुल बुधौलिया, डॉ नगमा, डॉ. हरीश श्रीवास्तव, डॉ. शगुफ्ता मिर्जा, डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, डॉ. हृदय कांत श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, मनीष, राघवेंद्र, हर्ष श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# लोकमाता का जीवन शौर्य, सेवा और समर्पण का प्रतीक: प्रभारी मंत्री

जन एक्सप्रेस । उरई

राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती की स्मृति में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग संजय सिंह गंगवार ने मां सरस्वती व अहिल्याबाई होल्कर जी के चित्र पर पुष्प अर्पितकर कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री गंगवार ने अपने वक्तव्य में कहा, ÷पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर का जीवन त्याग, तप, सेवा और शौर्य का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने न केवल मालवा क्षेत्र में लोक कल्याणकारी शासन दिया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित किया। उनका अखिल भारतीय दृष्टिकोण और सामाजिक समरसता आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। ÷लोकमाता अहिल्याबाई ने देश की एकता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में जो योगदान दिया।

वह भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। तीर्थ यात्राओं की पुनर्प्रतिष्ठा और मंदिरों के निर्माण कार्यों में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि कल टाउन हॉल स्थित अमृत पार्क उद्घाटन किया था। आज उन्होंने घोषणा की है कि उक्त पार्क अब पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम से जाना जाएगा।



सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा, लोकमाता अहिल्याबाई ने शासन को जनकल्याण का माध्यम बनाया। मंदिरों के पुनर्निर्माण से लेकर विधवाओं और जनजातीय समाज के कल्याण तक उनके कार्यों की व्यापकता अद्वितीय है। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। माधौगढ़ विधायक ने कहा, अहिल्याबाई का जीवन दर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, पूर्वमंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा, आरपी निरंजन, अरविंद चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि विजय चौधरी, नरेंद्र सिंह जादौन, बीजेपी जिलाध्यक्षा उर्विजा दीक्षित आदि सम्बंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

लखनऊ एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive
लखनऊ, मंगलवार, 27 मई, 2025




**संवेदनशील मनोरंजन ही असल सिनेमा...**

बता दे कि भारतीय सिनेमा को नई राह दिखाने वाली फ़िल्म थी किसान कन्या। जहां से सिनेमा रंगीन हुई और आप जानते हैं कि आज कहां पहुंच चुकी है। एक और फिल्म आई जो किसान जीवन पर आधारित थी मदर इंडिया उसने भी भारतीय सिनेमा को नई... पढ़ें पेज 12 पर...

# प्रदेश की हर विधानसभा में बनेंगे कंपोजिट विद्यालय प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की होगी पढ़ाई : सीएम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 43 सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय के शिलान्यास का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा का एक नया मॉडल देने जा रहा है। एक ऐसा कैंपस जहां प्री-प्राइमरी, आंगनबाड़ी भी होगा। यहां प्री प्राइमरी से 12वीं तक की पढ़ाई एक छत के नीचे होगी। 10 से 15 एकड़ में बनने वाले इन विद्यालयों की लागत लगभग 25-30 करोड़ होगी। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों को अटल आवासीय विद्यालयों की तर्ज पर एक मॉडल के रूप में चलाया जाएगा। यहां साइंस, मैथ्स, कंप्यूटर लैब, कौशल विकास केंद्र, स्टेडियम और मल्टीपर्पज हॉल भी होगा। अभी हर जिले में दो-दो विद्यालय दिए गए हैं। आगे चलकर हर विधानसभा में एक-एक सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय दिए जाएंगे। इससे एक ही घर के बच्चे अलग-अलग विद्यालयों में नहीं बल्कि एक ही कैंपस में पढ़ेंगे। सीएम ने कहा कि इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षित व पर्याप्त शिक्षक भी मिलेंगे। उन्होंने डीबीटी के माध्यम से बच्चों के यूनिफॉर्म, बैग, जूते, मोजे और स्वेटर के लिए 1200 करोड़ रुपये जारी करते हुए शिक्षकों से कहा कि वह इस राशि के सदुपयोग के लिए अभिभावकों को जागरूक करें। उन्होंने यह भी कहा कि जुलाई में शिक्षक घर-घर जाएं और अभिभावकों को 5 से 14 साल के हर बच्चे को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी। आज इन स्कूलों में शौचालय, पेयजल, खेल के मैदान, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसकी वजह से स्कूलों में छात्रों की संख्या 800 से 1200 तक पहुंच गई है। यह शिक्षा का एक नया मॉडल है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर दे रहा है। उन्होंने पांच विद्यालयों के निर्माण के लिए 150 करोड़ देने के लिए ओएनजीसी का भी आभार जताया।

### बीमारू राज्य के धब्बे से निकला यूपी : ब्रजेश पाठक

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी बीमारू राज्य के धब्बे से निकालकर विकासशील राज्य बना है। यहां के पानी, बिजली, सड़क, अस्पताल, कानून व्यवस्था की चर्चा देश भर में है। अब यहां टूटी सड़क नहीं मिलती है। प्रदेश के लोग बाहर जाते हैं तो उनको सम्मान मिलता है। पहले लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूल भेजने नहीं चाहते थे। स्कूलों में 8- 10 बच्चे ही होते थे। शिक्षक नियमित नहीं जाते थे। उन्होंने कहा कि आज इन सरकारी स्कूलों में 1.90 करोड़ बच्चे हैं। पहले सिंडिकेट मिड-डे-मील खाता था। आज बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाक में घर में बैठे आतंकियों को, उनके अड्डे को नष्ट किया है। क्या पहले यह संभव था। मुंबई की घटना याद है। पीएम मोदी के नेतृत्व में अब भारत घर में घुसकर मारने वाला है। भारत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन रहा है। यूपी भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। गेहूं, चीनी उत्पादन में नंबर एक है। अब शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नंबर बनेंगे।

### सीएम ने इन योजनाओं का किया लोकार्पण, शिलान्यास व शुभारंभ

- 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों व 66 मुख्यमंत्री अच्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास
- 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों और अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण
- बच्चों के ड्रेस व स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र 1200 की धनराशि अभिभावकों के बैंक खाते में हस्तांतरित
- 7409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 5,258 विद्यालयों में आईसीटी लैब की शुरुआत की
- शिक्षकों को 51667 टैबलेट वितरण व 503 पीएमश्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ
- राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान में स्थापित एडुकेशनल ब्रॉडकास्ट स्टूडियो का किया शुभारंभ
- कक्षा 3 से 12 के छात्र-छात्राओं के स्मार्ट असेसमेंट हेतु निपुण प्लस एप की शुरुआत की
- सभी परिषदीय उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैंप नवाचार का किया शुभारंभ
- निपुण आंकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 05 शिक्षकों को किया सम्मानित
- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा तैयार किताबों सारथी व अनुरूपण का विमोचन

### यह शिक्षा की क्रांति का पर्व है : संदीप सिंह

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि डीबीटी हस्तांतरण, अन्य योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास यह कार्यक्रम है। यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, शिक्षा की क्रांति का पर्व है। बीते आठ साल में जो काम हुए हैं वह भविष्य निर्माण की एक योजना है। यूपी में शिक्षा अब केवल सरकार की योजना मात्र नहीं, जनआस्था बन चुकी है। 8 साल में बेसिक में 1.32 लाख स्कूलों की तस्वीर 11 हजार करोड़ के निवेश व ऑपरेशन कायाकल्प से बदी है। स्कूलों तक किताबें समय से पहुंचाने की व्यवस्था की है। इस साल नया प्रयोग समर कैंप का किया गया है। इससे बच्चों को जीवन कौशल और रचनात्मकता की शिक्षा दे रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु प्रौद्योगिकी और योजनाओं की भूमिका पर बल : डॉ. संजय कुमार निषाद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने आज आईसीएआर-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीएफजीआर), लखनऊ का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य में मत्स्य पालन क्षेत्र को विकसित करने हेतु तकनीकी नवाचार और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की महत्ता पर बल दिया। संस्थान की निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने माननीय मंत्री का स्वागत किया तथा उन्हें मत्स्य आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण, विकास और सतत उपयोग के लिए किए जा रहे संस्थान के अनुसंधान कार्यों की जानकारी दी। डॉ. निषाद ने विशेष रूप से मिल्ट क्रायोप्रिजर्वेशन तकनीक को 'गेम-चेंजर' बताते हुए कहा कि इस तकनीक के व्यावसायीकरण और व्यापक प्रचार-प्रसार से साल भर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है, जिससे मछली उत्पादन में गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने इस तकनीक को छोटे एवं मध्यम मछली पालकों तक पहुंचाने की जरूरत बताई। मंत्री का दौरा एक संवादात्मक सत्र के साथ समाप्त हुआ, जिसमें उन्होंने आईसीएआर-एनबीएफजीआर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि मत्स्य पालन क्षेत्र को मजबूत बनाने हेतु वैज्ञानिक प्रयासों और नीति-निर्माण के बीच समन्वय को और सशक्त किया जाएगा। डॉ. निषाद ने कहा, ÷मत्स्य पालन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें ग्रामीण और सीमांत समुदायों के लिए आजीविका सृजन और आर्थिक सशक्तीकरण की अपार संभावनाएं हैं।÷ उन्होंने मछुआरों, मछली पालकों, जल उद्यमियों और अन्य हितधारकों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) सहित विभिन्न योजनाओं का पूर्ण लाभ उठाएं।

# उत्तर प्रदेश की पुलिस व्यवस्था अधर में!

## 31 मई को रिटायर हो रहे डीजीपी प्रशांत कुमार, लेकिन सरकार अब तक चुप क्यों?

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े राज्य में पुलिस प्रमुख (डीजीपी) की नियुक्ति को लेकर अनिश्चितता गहराती जा रही है। वर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार महज़ कुछ दिनों में 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, और सरकार अब तक उनके उत्तराधिकारी के नाम पर चुप्पी साधे बैठी है। यह न केवल प्रशासनिक असावधानी है, बल्कि राज्य की कानून-व्यवस्था को संकट में डालने वाला संकेत भी है।

### यूपीएससी को अब तक नहीं भेजा नामों का पैनल

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार ने अब तक यूपीएससी को योग्य अफसरों के नामों की सूची नहीं भेजी है। यह वही पैनल होता है जिसके आधार पर नए डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होती है। ऐसे में यह लापरवाही शासन की प्राथमिकता पर सवाल खड़ा कर रही है।

### नई चयन प्रणाली खुद बनी बाधा?

राज्य सरकार ने डीजीपी चयन के लिए जो नई गाइडलाइन बनाई है, उसमें हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली चयन समिति का गठन प्रस्तावित है। लेकिन जब तक सरकार पैनल ही नहीं भेजती, तब तक यह समिति भी मात्र औपचारिकता बनकर रह जाएगी।

### जन एक्सप्रेस की पड़ताल में बड़ा खुलासा

जन एक्सप्रेस की गहन पड़ताल में स्पष्ट हुआ है कि सरकार ने इस विषय में अब तक कोई निर्णायक और ठोस कार्यवाही नहीं की है। यह निष्क्रियता प्रदेश की सुरक्षा प्रणाली को पंगु बना सकती है। डीजीपी जैसे संवेदनशील पद पर विलंब न केवल प्रशासकीय असफलता है, बल्कि जनविश्वास पर चोट भी है।

### चुप्पी में छिपे कौन से समीकरण?

कहीं ये देरी राजनीतिक जोड़तोड़ और सत्ता समीकरणों का परिणाम तो नहीं? क्या सरकार ÷मनचाहे÷ डीजीपी की तलाश में समय बर्बाद कर रही है? जब सवाल जनता की सुरक्षा का हो, तब ऐसी रणनीतिक चुप्पी गंभीर चिंता का विषय बन जाती है।

### अगला कदम क्या होगा?

अब पूरा देश देख रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार कब जागेगी और जिम्मेदारी से अगला डीजीपी नियुक्त करेगी। अगर जल्द निर्णय नहीं हुआ, तो राज्य की कानून-व्यवस्था पर गहरा असर पड़ना तय है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को दिशा देने वाला नेतृत्व ही जब अधर में हो, तो जनता किससे उम्मीद करे? जन एक्सप्रेस इस पूरे घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए है और जनता को हर अपडेट से रूबरू कराता रहेगा।

### ये हैं डीजीपी की रेस में आगे अफसर

**राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की बागडोर संभालने की दौड़ में ये नाम प्रमुख हैं**

- राजीव कृष्णा
- आलोक शर्मा
- दलजीत चौधरी
- एम.के. बशाल
- तिलोत्तमा वर्मा

पुलिस सेवा के इन वरिष्ठ व अनुभवी अधिकारियों में से किसी एक को कमान सौंपी जानी है, मगर निर्णय प्रक्रिया अभी तक अंधकार में है।

# आदेश के बावजूद नहीं चला एलडीए का बुलडोजर! किसके दबाव में झुकी प्राधिकरण की टीम?




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी में अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासनिक सख्ती के दावों की हकीकत एक बार फिर बेनकाब हो गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने कृष्णानगर के चित्रगुप्त नगर इलाके में अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण के आदेश तो पारित कर दिए, यहां तक कि आयुक्त न्यायालय ने भी अपील खारिज कर कार्रवाई को सही ठहराया।लेकिन इसके बावजूद अब तक एक ईंट तक नहीं हटी! चरनजीत सिंह, परमजीत सिंह, मनजीत सिंह और मोहन सिंह द्वारा कानपुर रोड स्थित वरिगवां क्षेत्र की गाटा संख्या 569/153 पर बिना स्वीकृति बनाए गए बेसमेंट, भूतल और प्रथम तल के निर्माण को पहले विहित प्राधिकारी ने अवैध ठहराया, फिर 22 अप्रैल 2025 को मंडलायुक्त ने भी अपील खारिज कर दी। आदेश स्पष्ट था- 20 मई को सुबह 11 बजे निर्माण ध्वस्त किया जाए। लेकिन तय दिन और समय पर न तो एलडीए की प्रवर्तन टीम पहुँची, न कोई मशीनरी, और न ही बुलडोजर। सूत्रों के मुताबिक, पूरी कार्रवाई को टाल दिया गया वो भी बिना किसी ठोस कारण के।

### प्रश्न उठता है, किसका दबाव है?

जब उच्च न्यायालय से लेकर मंडलायुक्त तक ने आदेश स्पष्ट कर दिए, और प्राधिकरण ने खुद जिला प्रशासन से पुलिस बल की मांग कर रखी थी, तो आखिर कौन ताकतवर लोग हैं जिनके आगे एलडीए की मशीनरी ठप पड़ गई? क्या प्राधिकरण दबाव में काम कर रहा है? या फिर यह किसी बड़े भ्रष्ट गठजोड़ की ओर इशारा है? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मामला केवल एक अवैध निर्माण का नहीं, बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति की असलियत का है। अगर इतने स्पष्ट आदेश के बाद भी कार्रवाई न हो, तो आम जनता का कानून पर भरोसा कैसे बना रहेगा? एक स्थानीय निवासी ने सवाल उठाया।

### एलडीए चुप, जिम्मेदार अधिकारी मौन

पूरे घटनाक्रम पर न तो एलडीए के प्रवर्तन जोन-2 के अधिकारी कुछ बोलने को तैयार हैं, न ही प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी। जब जन एक्सप्रेस ने प्रवर्तन टीम से संपर्क किया तो जवाब मिला, उच्च अधिकारियों के निर्देश का इंतजार है। लेकिन सवाल यह है कि जब विधिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, तो अब किस निर्देश की प्रतीक्षा हो रही है?

### अब जनहित में ज़रूरी सवाल यह हैं

- क्या प्राधिकरण दबाव में है?
- क्या दोषी निर्माणकर्ताओं को किसी राजनैतिक या प्रशासनिक रसूखदार का संरक्षण प्राप्त है?
- क्या लखनऊ में सिर्फ छोटे दुकानदारों और गरीबों पर ही चलता है बुलडोजर?
- इस प्रकरण ने एलडीए की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि शीघ्र ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की गई, तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि राजधानी में कानून के नाम पर दोहरी नीति चल रही है।

# बृजेश पाठक ने एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए दीवार लेखन कर चलाया जन जागरण अभियान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा एक देश एक चुनाव के समर्थन में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकर्ताओं के साथ कैंट विधानसभा क्षेत्र में मोतीलाल नेहरू चंद्रभान गुप्त नगर वार्ड में दीवान लेखन के माध्यम से बार-बार का खर्चा भारी, एक चुनाव है समझदारी। जैसे स्लोगन लिखकर जनता को एक साथ चुनाव के लिए जागरूक किया। देश में एक साथ चुनाव होने के फायदे गिनाते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन भारत के लोकतंत्र को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बार-बार चुनाव कराने से देश में आर्थिक संसाधनों की हानि होती है और बार-बार आचार संहिता लागू होने से प्रशासनिक कार्यों व विकास योजनाओं पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ता है यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराया जाए तो इससे समय धन और ऊर्जा की बचत हो सकती है।

# जेसीबी से कुचलकर ड्राईवर की मौत

## भाई ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जॉच में जुटी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में युवक का जेसीबी के नीचे दबा शव मिलने से हडकम्प मच गया। सुबह 7.30 बजे ग्रामीण तालाब के पास गुजर रहे थे तो जेसीबी के नीचे एक व्यक्ति दबा पड़ा है। जेसीबी के नीचे युवक का शव मिलने की सूचना पर मौके पर काफी भीड एकत्रित हो गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने युवक के शव को जेसीबी के नीचे से निकालने के साथ ही शव की शिनाख्त आस पास के लोगो से कराई तो शव के बारे में जानकारी मिली कि मृतक जेसीबी चालक ईश्वरदीन है। पंचायतनामा की कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं उधर घटना को लेकर ग्रामीणों में चर्चा है कि रात के समय तालाब की खुदाई के दौरान 10 से 12 मजदूर घटनास्थल पर जेसीबी चालक सहित काम कर रहे थे। रात के समय किसी ने चालक को जानबूझकर जेसीबी से दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गयी है। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा मौके से फरार हो गया। वही साथ में काम कर रहे मजदूर भी फरार है। वही मृतक ईश्वरदीन के भाई सागर ने अज्ञात लोगो के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। वहीं मूल रूप से शेखशादी कस्बा काकोरी का रहने वाला ईश्वरदीन जेसीबी चालक था। सकरा गॉव के नची कालोनी में स्थित ग्राम समाज के सरकारी तालाब का पट्टा आर्यन प्रताप सिंह को मछली पालन करने हेतु आवंटित हुआ है। तालाब की खुदाई कर तालाब के किनारे किनारे मिट्टी डालर तालाब की बाउंड्री का निर्माण कार्य चल रहा था। जिसमें ईश्वरदीन कश्यप जेसीबी चालक के रूप में काम कर रहाथा। निर्माण कार्य में 5 से 6 ट्रैक्टर लगे हुए थे प्रतिदिन सभी ट्रैक्टर चालक अपना ट्रैक्टर छोडकर अपने घर चले जाते थे वही ईश्वरदीन रात्रि में साईट पर ही रूकता था। वहीं घुरघुरी चौकी इंचार्ज अंशुमान यादव ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के असली कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के परिजनों की तरफ से दी गयी तहरीर के आधार पर मामले की जॉच पड़ताल की जायेगी।

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर अपने पति के लिए अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। बताते चलें कि सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए के निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा की वट सावित्री व्रत के लिए सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी. सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु कामना को लेकर पूजा अर्चना व परिक्रमा की, मौली धागा बांधा और अपने पति की दीर्घायु की मंगलकामना की. वट सावित्री सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखती हैं. प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन यह व्रत रखा जाता है. इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना करती हैं।

### यमराज से लड़कर सावित्री ने पति की बचाई थी जान

ऐसा कहा जाता है कि सावित्री ने यमराज से लड़कर अपने कठिन तपस्या से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लाई थी. इसी प्रेरणा से वट सावित्री व्रत रखा जाता है और सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए पूजा करती हैं ताकि महिलाओं का सुहाग बना रहे.

# उपनयन संस्कार में बधाई देने पहुचे भाजपा के कई कद्दावर नेता

- एडवोकेट अनूप बाजपेई के भतीजों के मुंडन संस्कार में दिग्गजों ने दी बधाई

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ के अलीगंज में वरिष्ठ भाजपा नेता और एडवोकेट अनूप बाजपेई के पारिवारिक मुंडन कार्यक्रम में रविवार को राजधानी लखनऊ में भाजपा के कई कद्दावर नेताओं, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, राजनेताओं और अधिकारियों सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं का देर रात तक जमावड़ा लगा रहा। डडाहिया बाजार अलीगंज स्थित श्रीराम मैरिज हॉल में आयोजित इस प्रीतिभोज में पूर्व उपमुख्यमंत्री,राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा,कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह,मेयर सुषमा खर्कवाल,भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अभिजात मिश्र सहित प्रदेश के कई बड़े नेताओं ने शिरकत की और बाजपेई के भतीजों, चिरंजीव वेद और आराध्य को आशीर्वाद दिया। वहीं यह आयोजन एडवोकेट अनूप बाजपेई के भतीजों, वेद और आराध्य, के मुंडन संस्कार के उपरांत प्रीतिभोज के रूप में किया गया था। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो अनूप बाजपेई के सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव को दर्शाता है। देर रात तक मेहमानों का तांता लगा रहा, जिससे यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मिलन समारोह में तब्दील हो गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं ने अनूप बाजपेई और उनके परिवार को बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता भी मौजूद रहे, जो बाजपेई के कानूनी पेशे में उनके सम्मानजनक स्थान को दर्शाता है। राजनेता, अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी इस अवसर पर उपस्थित रहे, जो यह बताता है कि अनूप बाजपेई का विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक संपर्क और सम्मान है। यह कार्यक्रम भाजपा के भीतर और बाहर अनूप बाजपेई के मजबूत संबंधों और सम्मान का एक प्रमाण है, जहाँ पार्टी के शीर्ष नेताओं से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली व्यक्ति एक साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एकत्र हुए।

# सिपाही का पति चेन स्नैचिंग में गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने एक महिला सिपाही के पति शुभम राजपूत को चेन स्नैचिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूटी गई सोने की चेन, लॉकेट, मोबाइल और घटना में इस्तेमाल की गई रॉयल एनफील्ड बुलेट बाइक बरामद की गई है। बता दें कि डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि इस सफल खुलासे के लिए पुलिस टीम को पच्चीस हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली थी। वहीं घटना 22 मई की दोपहर करीब एक बजे की है, जब सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के त्रिमूर्ति नगर कॉलोनी की रहने वाली कृष्णा देवी लोकबंधु अस्पताल रोड पर जेबी स्काई हिल्टन के पास अपने देवर के घर जा रही थीं। तभी पीछे से आए बाइक सवार युवक ने उनकी सोने की चेन लूट ली और फरार हो गया।

# एस आर इंटरनेशनल स्कूल में शुरू हुआ 'समर ब्रगांजा' मस्ती, सीख और रचनात्मकता से भरपूर एक सप्ताह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



एस आर इंटरनेशनल स्कूल एंड स्पोर्ट्स अकादमी ने आज अपने रोमांचक समर कैंप, 'समर ब्रगांजा' का भव्य उद्घाटन किया, जो ऊर्जा और उत्साह से परिपूर्ण था। यह कैंप 24 मई से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छात्रों के लिए नृत्य, संगीत, रंगमंच, चित्रकला, खेल और तैराकी जैसे विविध और गतिशील कार्यक्रम शामिल हैं। उद्घाटन दिवस पर छात्रों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिससे इस सप्ताह की रचनात्मकता और सक्रिय भागीदारी की झलक मिली। अनुभवी मेंटर्स और कोचिंग स्टाफ छात्रों को उनके हुनर को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और गर्मियों की छुट्टियों का भरपूर आनंद लेने में मदद कर रहे हैं। स्कूल की यह पहल समग्र विकास, टीम वर्क और स्व-अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए एक मजेदार और सहायक माहौल प्रदान करती है। जैसे-जैसे सप्ताह आगे बढ़ेगा, एस आर इंटरनेशनल के कैंपस में उत्साह, हंसी और खोज की गूंज बनी रहेगी।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक संपन्न

## जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों को गंभीरता से लेकर निस्तारण करें अधिकारी: के एल शर्मा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ÷दिशा÷ की बैठक सोमवार को विकास भवन के प्रेरणा सभागार में सांसद किशोरी लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विधायक अमेठी महाराजी प्रजापति, जिलाधिकारी संजय चौहान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक,मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारी व जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पूर्व दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाए गए मुद्दे, सुझावों पर की गई कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समिति के समझ प्रस्तुत किया। जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा सहमति दी गई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना परंपरागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय ग्रामस्वराज अभियान योजना, जल जीवन मिशन राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रक नियंत्रण कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक में सांसद ने कहा कि सभी योजनाएं सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं।

सभी अधिकारीगण योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें जो लाभार्थीपरक योजनाएं हैं उनमें गांव-गांव कैंप लगाकर पात्र लोगों को लाभान्वित करें।तथा उन कैंपों के बारे में जनप्रतिनिधियों को भी सूचित करें जिससे जनप्रतिनिधिगण वहां पर उपस्थित हो सके।इसके अतिरिक्त जो निर्माण से संबंधित योजनाएं हैं उसमें जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त करें तथा उसी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सतत् संवाद बनाए रखें तथा जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर शासन की योजनाओं को बेहतर दिशा दें।तथा उन्हें धरातल पर उतारे और पात्र लोगों को लाभान्वित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं, उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लाभार्थीपरक योजनाएं हैं उन्हें अपना कर्तव्य समझकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करें।

# स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारी बैठक आयोजित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



समाजवादी पार्टी द्वारा कार्यालय सुपर मार्केट में स्नातक क्षेत्र से विधान परिषद के आगामी चुनाव की तैयारी बैठक पूर्व एमएलसी कान्ति सिंह की उपस्थित में आयोजित की गयी।इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कान्ति सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार इस महत्वपूर्ण चुनाव को जीतने के लिए हर संभव प्रयास करने हैं उन्होंने चुनाव के प्रबंधन की जानकारी उपस्थित लोगों में साझा किया।

जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने उपस्थित विधानसभा, ब्लॉक अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों से लक्ष्य बनाकर बूथ बूथ स्नातक मतदाता बनाये जाने की अपील किया। रायबरेली के प्रत्येक ब्लॉक से आगामी स्नातक एमएलसी के चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी कान्ति सिंह को विजयी बनाना है। बैठक को उमाशंकर चौधरी, मो. अरशद ख़ान, मिश्रीलाल चौधरी, मुनेश्वर चौधरी, राजेश मौर्या, धनीराम मौर्या, आशीष पटेल, आशीष यादव, ब्रजेंद्र चौधरी, जगदेव यादव, योगेश्वर पटेल, राकेश यादव, रामकिशोर पुजारी, धर्मेंद्र धाकड़, रमेश मौर्या, अविनाश यादव, शुभम लोहिया, राजीव गौतम, रज्जू ख़ान, मो. मुशीर, शुभम लोहिया, आई. जावेद, राजीव गौतम, अमरदेव, भानू पटेल, देशराज यादव, नरेंद्र यादव, आशुतोष कुमार, हैशनैन ख़ान आदि लोग उपस्थित रहे।

# करणी सेना ने किया सेंट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



सेंट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह करणी सेना के जिला अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी के द्वारा करणी सेना के सुभाष नगर स्थित जिला कार्यालय पर किया गया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कमलेश चंद पांडे ने कहा की अधिवक्ता हितों की बात नहीं कार्यकारिणी मजबूती के साथ रखेंगी और अधिवक्ताओं के हितों के लिए संघर्ष करेगी।

सेंट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि वह और उनकी कार्यकारिणी सदैव अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्रयास करेंगे उनकी दशा में बेहतरीन लाने का कार्य करेंगे।

महामंत्री योगेंद्र दीक्षित ने कहा कि वह अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ अधिवक्ताओं की जन समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करते रहेंगे। मौके पर संयुक्त मंत्री पद पर सर्वाधिक मतों से विजई हुए संयुक्त मंत्री गोविंद सिंह ने कहा कि वह अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए और सर्व समाज में अधिवक्ताओं का सामंजस्य बिठाने का प्रयास करते रहेंगे और ऐसे सामाजिक आयोजनों में सहभागी लेते रहेंगे जिससे सामाजिक बेहतरी का संदेश जा सके। संयुक्त मंत्री सुभाष श्रीवास्तव ने कहा कि वह अधिवक्ता हितों को सदैव मजबूत करने का काम करेंगे। कनिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेंद्र बन्ना ने कहा कि वह अधिवक्ताओं के हक अधिकार की आवाज को मजबूत करने का काम करेंगे।

इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे करणी सेवा के जिला अध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि करणी सेवा सदैव सर्व समाज के लिए काम करती है आगे भी काम करती रहेगी सामाजिक समरसता को ध्यान में रखते हुए सर्व समाज के साथ का सामंजस्य बैठाने का प्रयास करेंगे प्रयास है।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता बीबी सिंह अधिवक्ता धनेंद्र प्रताप सिंह अधिवक्ता उदय प्रताप सिंह वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अनुराग उपाध्याय कर्मेंद्र मिश्रा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य आनंद दिक्षित तुषार भारती बबलू मामा सुधाकर सिंह केशव शुक्ला आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग को नई दिशा देने के लिए बहुआयामी योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम मानते हुए बेसिक शिक्षा को भविष्य की ठोस बुनियाद बनाने के लिए सतत् प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को लोकभवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग की अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण तथा शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से लगाए गए स्टालों का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिसमें ईको क्लब,लर्निंग बाय डूइंग, क्यूरियोसिटी बॉक्स एवं समेकित शिक्षा प्रमुख रहे। इसके उपरांत सभागार में प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। प्रभारी मंत्री द्वारा पांच कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डेन को टैबलेट एवं निपुण विद्यालय,स्मार्ट क्लास संचालन तथा समर कैंप संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच-पांच विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा ही नहीं माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कार्य किए हैं।अब सभी जगह विद्यालय की बिल्डिंग और सभी विद्यालयों में शिक्षक हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से लगभग 3300 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास व शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही डीबीटी के माध्यम से सत्र 2025-26 के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खाते में रुपए 1200 की धनराशि यहां से हस्तांतरित की गई।इस धनराशि का उपयोगकर अभिभावक अपने बच्चों के लिए ड्रेस, बैग, जूता- मोजा, स्वेटर एवं स्टेशनरी क्रय कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊपर बढ़ाया है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार किया गया है। इसी का परिणाम है कि बेसिक शिक्षा के स्कूलों में छात्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है।यदि वर्ष 2017 से पहले का और अब की संख्या की तुलना की जाए तो बहुत बड़ा अंतर आएगा। प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों का कायाकल्प कर अच्छे भवन,बेहतर फर्नीचर व मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया है।इस अवसर पर विधायक गौरीगंज ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। शिक्षक भर्ती से लेकर कायाकल्प योजना में विद्यालयों का सुदृढ़ीकरण का कार्य हुआ है। जिसके कारण बच्चे विभिन्न विधाओं में निपुण हो रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि जनपद में प्रथम चरण के 30 हजार बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से रुपए 1200 की धनराशि भेजी गई है।इसके साथ ही यूपीएस भेटुआ में 25 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय तथा कंपोजिट विद्यालय धनीजलालपुर में 1.48 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री अच्युदय विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा।

# अधिवक्ताओं ने रास्ता ठीक कराने को लेकर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली में आज अधिवक्ताओं ने ज्ञापन देकर नगर पालिका अध्यक्ष थे अभय दाता महाराज मंदिर को जाने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग को ठीक करवाने की मांग की।

रायबरेली के अधिवक्ताओं ने आज नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर से आज नगर पालिका कार्यालय सुपर मार्केट में मुलाकात की और ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष को अभय दाता महाराज मंदिर को जाने वाले आईटीआई मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी देते हुए उनसे मार्ग को दुरुस्त करवाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि ज्येष्ठ माह का पावन महीना चल रहा है ऐसे में बड़ा मंगल के साथ साथ अन्य दिनों में भी मंदिर को जाने वाले रास्ते पर भारी आवागमन हो रहा है।

मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण श्रद्धालुओं को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन के महामंत्री मोहन कुमार दीक्षित ने बताया कि हम सभी अधिवक्ताओं ने आज ज्ञापन देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष से मुलाकात की ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि अभय दाता मंदिर को जाने वाला रास्ता गड्ढा युक्त है।

यहां पर पैदल चलना भी मुश्किल है। लाइटों की भी व्यवस्था नहीं है। मार्ग को ठीक करा कर प्रकाश की व्यवस्था को भी ठीक किया जाए। अभय दाता मंदिर को जाने वाले आम नागरिक आसानी से आ जा सके इसके लिए नगर पालिका सड़क को ठीक कराए। हमें नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया है कि स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवा दिया जाएगा और एक माह के अंदर सड़क मार्ग को भी ठीक करवाया जाएगा।

इस मौके पर अधिवक्ता विकास त्रिपाठी ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन देकर हमने अवगत कराया की अभय दाता महाराज मंदिर जाने वाले रोड पर रोड नहीं बची है केवल गड्ढे ही गड्ढे बचे हैं। उन्होंने कहा कि आने-जाने वाले लोगों के लिये मार्ग पर रात में प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। हम लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से अध्यक्ष से कहा है कि सड़क मार्ग को ठीक किया जाए व रात में रोशनी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए।

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि प्रकाश की व्यवस्था वह तुरन्त करवा देंगे और रोड को लेकर टेंडर की प्रक्रिया के कारण विलंब हो सकता है लेकिन उन गड्ढे को जल्द ही भरवा दिया जाएगा। एक माह के अंदर सड़क को दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वस्त किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अभय दाता महाराज मंदिर शहर के किनारे पड़ता है। दूर होने के कारण माताओ बहनों के साथ-साथ अन्य नागरिकों को भी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है। यदि व्यवस्था सुधरेगी तो सभी को लाभ होगा। हमारे अधिवक्ता समाज ने नगर पालिका अध्यक्ष से ज्ञापन के माध्यम से इन समस्याओं को दूर करने के लिए अवगत कराया है।

# बेसिक शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों का लोकार्पण-शिलान्यास संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों का लोकार्पण /शिलान्यास/शुभारम्भ मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से किया गया। उक्त कार्यक्रम के क्रम में जनपद के गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार, रतापुर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री/राकेश सचान द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक ऊँचाहार मनोज कुमार पांडेय, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी उपस्थित रहें। अतिथियों द्वारा माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।

इसके पश्चात निपुण विद्यालय के पांच प्रधानाध्यापकों को ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत सभी पैरामीटर में संतृप्त होने के लिये सम्मानित किया गया, इसी प्रकार समर कैम्प में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 05 शिक्षामित्रों /अनुदेशकों, 05 विद्यालय के अध्यापकों को टैबलेट व स्मार्ट क्लास का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले 05 अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मा0 प्रभारी मंत्री जी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री जी के आयोजित कार्यक्रम के क्रम में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

लगभग 3.5 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास/शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा किया गया, जिसमें समस्त जनपदों की योजनाए व कार्यक्रम शामिल है, इसके साथ ही डीबीटी के माध्यम से सत्र 2025-26 के छात्र/छात्राओं के अभिभावकों के खातें में 1200 रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की गयी। इस धनराशि का उपयोग कर अभिभावक अपने बच्चें के लिये ड्रेस, बैंग, जूता-मोजा, स्वेटर एवं स्टेशनरी क्रय कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊपर बढ़ाया है।

# शिक्षक कार्यशाला में कंप्यूटर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन कर एनएसजीआई के समस्त कंप्यूटर शिक्षकों को ÷ए आई, रोबोटिक्स, चैट जीपीटी एवं कोडिंग÷ विषय पर प्रशिक्षक परितोष श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया साथ ही उन्हें नवीन शिक्षण तकनीक की जानकारी दी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला पर जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा, तकनीक के क्षेत्र में नित नए बदलाव एवं रोज नए आविष्कार हो रहे हैं, विषय शिक्षकों को अपने क्षेत्र में हो रहे इन बदलावों से अवगत रहना आवश्यक,जिससे वह अपने शिक्षण कौशल को वर्तमान परिस्थिति के अनुसार निखार सकें। शिक्षकों की अध्यापन क्षमता व विषय पर नवीन जानकारी के साथ अपडेट रहने के लिए इस कायर्शाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संयोजिका संचिता त्रिवेदी, कफ़ील अहमद, रामदेव, गिरीश श्रीवास्तव सहित एनएसजीआई की समस्त शाखाओं के शिक्षक सचिन शर्मा, ऋतुराज शर्मा, अखिल त्रिपाठी, संदीप सिन्हा, प्रशांत शुक्ला, गोविन्द कुमार, सोमेश कुमार शर्मा, स्वप्निल शुक्ला, आरपी शर्मा, हरिओम गुप्ता, मो. अरशद, शिल्पी श्रीवास्तव, अंजलि सिंह, श्रुती श्रीवास्तव, अम्बुज शुक्ला, नितिन सिंह, कविता शर्मा, आलोक सिंह, सुप्रिया अवस्थी, रविन्द्र कौर, अनुपम सिंह, प्रिया शुक्ला, उम्मे समीरा, पूनम सिंह, मृदुल अवस्थी, राजकेश, अभिषेक पांडेय, निधी श्रीवास्तव, अभिषेक त्रिवेदी, आराधना सिंह, उमेन्द्र सिंह, अर्पित श्रीवास्तव, योगेंद्र त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# जांच के संबंध में साक्ष्य/बयान 13 जून तक दें: नगर मजिस्ट्रेट

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता माथुर के आदेशानुसार नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार द्वारा 30 जनवरी 2025 को समय 13:30 बजे दुर्घटनाकारी निगम बस, लखनऊ क्षेत्र चारबाग डिपो की बस संख्या- यूपी 78 जेएन 7551 से मोटर साइकिल वाहन संख्या- यूपी 33 सीबी 5903 पर सवार अंशुमान सिंह पुत्र श्यामलाल निवासी हरचन्दपुर रायबरेली की तीव्र गति से आकर निगम बस के पिछले बाये हिस्से से टकरा जाने से मृत्यु हो गयी। घटना की जांच नगर मजिस्ट्रेट द्वारा की जा रही है।

नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि उक्त घटना के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई साक्ष्य देना हो या कोई जानकारी देनी हो तो वह नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय/कार्यालय में 28 मई 2025 से 13 जून 2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे के मध्य उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# स्मृति ईरानी के अमेठी दौरे को लेकर गांव से कस्बों तक आमजन में दिखा उत्साह

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बीते साल जून में आए लोकसभा परिणाम के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद अमेठी स्मृति ईरानी सोमवार को अमेठी पहुंचीं। उनके अमेठी दौरे पर जन जन में दिख रहे उत्साह और उमंग से पहली बार लगा कि कहीं न कहीं लोगों को अपने फैसले पर अफसोस है। और वे खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि अपने अमेठी आगमन के बाद से स्मृति ईरानी ने अमेठी को विकास की नई रफ्तार दी और गांधी परिवार के अधूरे पड़े प्रोजेक्ट्स को भी पूरा किया।इसमें राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान बहादुरपुर का नाम लिया जा सकता है। अमेठी शहर में ककवा रोड रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज की दशकों पुरानी मांग पूरी हुई,तो अमेठी में बने बाईपास और निर्माणाधीन रिंग रोड उनके विकास कार्यों की मिसाल हैं। इतने सब के बाद भी चुनावी पराजय से कोई भी आहत हो सकता है, कुंठित हो सकता है मगर स्मृति के तेवर और उनके जुझारूपन के आगे लोगों का यह अंदाजा भी ग़लत निकला। स्मृति ईरानी सोमवार को जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित रणंजय इंटर कालेज के मैदान पर अपने अमेठी परिवार से रूबरू हुईं। हालांकि वे जल्दी ही अमेठी आएंगी, इसका आभास तो उसी समय हो गया था,जब सुधांशु शुक्ल को बीजेपी जिलाध्यक्ष घोषित किया गया था।पूर्व केंद्रीय मंत्री का अमेठी दौरा हर लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

लोकसभा चुनाव में सहयोग का दावा करने वाले कुछ नेता **दीदी** को विदा करके प्रशासन को साधकर बड़े खेल करने का मंसूबा पाले थे,अब उस पर भी ब्रेक लगने की संभावना जताई जा रही है। खुलकर मनमानी कर रहे हैं तो उनकी नकेल भी अब कसी जा सकती है।दीदी के दौरे से आमजन में यह उम्मीद भी मजबूत हुई है। इसके अलावा जिले के वे पीड़ित ग्रामीण भी दीदी के दौरे पर फीलगुड कर रहे हैं जो प्रताड़ित हुए और उन पर ही प्रशासन शिकंजा कस रहा है। इन्हें अब यह भरोसा है कि दीदी के आने पर उनकी भी सुनी जाएगी। इसके अलावा आगामी कुछ माह में ही पंचायत चुनाव होने हैं और दीदी की मौजूदगी भाजपा को अतिरिक्त लाभ दे सकती है। पिछली बार गौरीगंज विधानसभा में भाजपा को एक भी ब्लाक प्रमुख नहीं मिला था। तो अमेठी में भाजपा प्रत्याशी को संग्रामपुर में कड़े मुकाबले में मात मिली थी तो भेंटुआ में पार्टी को एकतरफा हार मिली थी। ऐसे में पंचायत चुनावों के पहले दीदी के दौरे का अलग ही महत्व है।स्मृति का यह अमेठी दौरा यहां की जनता के लिए संदेश भी है, उदास न हो तू दौरे दुश्वारी में कभी, अंधेरी रात के बाद सूरज चमकता है।



**भाजपा किसान मोर्चा ने सैनिकों के सम्मान...**

सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पार्टी कार्यालय पर 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर बैठक का आयोजन किया गया, अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप... ▸ शेष पेज 10 पर...

## वटवृक्ष की पूजा-अर्चना कर वृती महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना



### योग्य सड़क को दिया जाता है यह सब



सौभाष्य पिटारी और पूजा सामग्री किसी योष्य साधक को दी जाती है। सिंदूर, दर्पण, मौली, काजल, मेहंदी, चूड़ी, माथे की बिंदी, हिंगुल, साड़ी, स्वर्णाभूषण इत्यादि वस्तुएं एक बांस की टोकरी में रखकर दी जाती हैं। यही सौभाष्य पिटारी के नाम से जानी जाती है। कुछ महिलाएं केवल अमावस्या को एक दिन का ही व्रत रखती हैं। इस व्रत में सावित्री-सत्यवान की पुण्य कथा का श्रवण किया जाता हैं। इस दिन सौभाष्यवती स्त्रियों का भी पूजन होता है।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**बिठूर।** ज्येष्ठ मास के व्रतों में वट अमावस्या का व्रत बहुत प्रभावी माना जाता है जिसमें सौभाग्यवती स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु एवं सभी प्रकार की सुख-समृद्धियों की कामना करती हैं। इस दिन स्त्रियां व्रत रखकर वट वृक्ष के पास पहुंचकर धूप-दीप नैवेद्य से पूजा करती हैं तथा रोली और अक्षत चढ़ाकर वट वृक्ष पर कलावा बांधती हैं कहीं- कहीं कच्चा सूत भी बांधने का रिवाज है।

सोमवार के दिन खासकर बिठूर के घाटों पर वट सावित्री अमावस्या के दिन खासी भीड़ रही। इस पावन पर महिलाओं ने गंगा स्नान कर वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा की। साथ ही हाथ जोड़कर वृक्ष की परिक्रमा करती हैं। जिससे पति के जीवन में आने वाली अदृश्य बाधाएं दूर हो जाए, तथा सुख-समृद्धि के साथ लंबी उम्र प्राप्त हो। जैसा भी कहा जाता है कि वटवृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पति व्रत की प्रभाव से मृत पड़े सत्यवान को पुनः जीवित किया था। तभी से इस व्रत को वट सावित्री नाम से ही जाना जाता है। इसमें वटवृक्ष की श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा की जाती है। महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य एवं कल्याण के लिए यह व्रत करती हैं। सौभाग्यवती महिलाएं श्रद्धा के साथ ज्येष्ठ कृष्ण त्रयोदशी से अमावस्या तक तीन दिनों तक उपवास रखती हैं। त्रयोदशी के दिन वटवृक्ष के पास पहुंचकर अपने अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घ आयु तथा सुख-समृद्धि के लिए संकल्प करना चाहिए। इस प्रकार संकल्प कर यदि तीन दिन उपवास करने की शक्ति न हो तो अमावस्या को उपवास कर प्रतिपदा को पारण करना चाहिए। अमावस्या को एक बांस की टोकरी में सप्तधान्य के ऊपर ब्रह्मा और ब्रह्मसावित्री तथा दूसरी टोकरी में सत्यवान एवं सावित्री की प्रतिमा स्थापित कर वट के समीप यथाविधि पूजन करना चाहिए। साथ ही यम का भी पूजन करना चाहिए। पूजन के अनन्तर स्त्रियां वट की पूजा करती हैं तथा उसके मूल को जल से सींचती हैं। वट की परिक्रमा करते समय एक सौ आठ बार या यथाशक्ति कलावा लपेटा जाता है। नमो वैवस्वताय इस मंत्र से वटवृक्ष की प्रदक्षिणा करनी चाहिए। अवैधव्यं च सौभाग्यं देहि त्वं मम सुव्रते। पुत्रान्? पौतांश्च सौख्यं च गृहाणार्ध्यं नमोऽस्तु ते। इस मंत्र से सावित्री को अर्घ्य देना चाहिए। इस दिन चने पर रुपया रखकर बायने के रूप में अपनी सास को देकर आशीर्वाद लिया जाता है।

### उमस ने पकड़ ली है तेजी, आंधी और ओले पड़ने की संभावना

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। नौतपा को लेकर पुरानी कहावत है कि तपिश इतनी सख्त होती है कि चील गर्मी के मारे अपने अंडे छोड़ देती है। लेकिन, इस बार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की हवाओं और वक्त से पहले चल रहे मानसून ने माहौल बदल दिया है, लेकिन उमस ने तेजी पकड़ ली है। अरब सागर और भूमध्य सागर से उठने वाली हवाओं से आने वाली नमी से गर्मी के बीच उमस लगातार बढ़ती जाएगी। मौसम विभाग का मानना है कि इस बीच बारिश का सिलसिला भी चलेगा लेकिन उमस में ज्यादा कमी नहीं होगा। नौतपा के पहले दिन रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 40.2 से 3.1 डिग्री कम रहा। दिन में बादलों की वजह से धूप का असर ज्यादा नहीं रहा लेकिन उमस से लोग बेहाल दिखे। सीएसए के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि अगले पांच दिनों तक बादलों की आवाजाही रहेगी। इसके साथ ही गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी और तेज हवाएं चलेंगी। 30 और 31 मई को बारिश तेज होने की संभावना है। नमी की वजह से आंधी और ओले पड़ने की संभावना भी है। माहौल में सुबह की नमी 68 प्रतिशत रही। दोपहर को नमी का प्रतिशत 42 हो गया।

## बिल्हौर नगर पालिका के फ्रीजर बने शोपीस, नीचे कुत्ते सोते, गंदगी का अंबार






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर नगर पालिका में सभासदों और नगर पालिका प्रशासन द्वारा शीत युद्ध अभी तक खत्म नहीं हो पाया है कि तमाम व्यवस्थाएं जस की तस पड़ी है दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली जनता फ्रीजर के पास ठंडा पानी पीने की आस में नल से पानी बूंद टपकता नजर आ रहा है वहीं पर पानी पीने वालों के लिए वहां फ्रीजर के नीचे लेटे कुत्ते से मुकाबला करना पड़ता है और वहीं पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जनता पानी पिए बिना ही लौट कर आगे चली जाती है नगर पालिका के सभासदों ने बताया कि कस्बे में लगे ज्यादातर फ्रीजर खराब है वहीं पर डायरेक्ट पानी आता है थोड़े समय ठंडा पानी मिलता है बाकी समय ही नल की सप्लाई मिलती है आरो का कनेक्शन किसी भी फ्रीजर में नहीं लगा हुआ है। विनोद नगर पालिका जीटी रोड पर मदन होटल, श्री राम चौक, नेहरू पार्क, बस स्टॉप, बनखंडेश्वर मंदिर आदि जगहों की हालात बद से बत्तर है जहां पर फ्रीजर मशीन से लेकर नीचे तक गंदगी है आसपास के दुकानदारों ने बताया कि रिपेयरिंग का काम कभी नहीं हुआ है।

सप्लाई का ही पानी आता है ठंडा पानी नहीं मिलता है इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने बताया की आवाज नहीं आ रही है

अभी हम थोड़ी देर बाद बात करेंगी लेकिन उनका फोन देर रात तक नहीं आया। आखिरकार सभी अधिकारी समस्याएं जानते हुए भी जवाब देना नहीं चाहते हैं।

## मुख्यमंत्री के आदेश पर शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ विधायक और बीईओ ने किया



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी खंड शिक्षा ककवन चौबेपुर शिवराजपुर बिल्हौर कार्यालयों में मुख्यमंत्री महोदय द्वारा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाले अध्यापकों को सम्मानित किया गया। बिल्हौर खंड शिक्षा कार्यालय मीटिंग हॉल में विधायक राहुल बच्चा सोनकर और खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर टीवी पर कार्यक्रम देखा और अध्यापकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पूरा द्वितीय, आशुतोष मिश्रा और

### टैबलेट

यूपीएस चंपतपुर सहायक अध्यापक चंद्रशेखर, यूपीएस नसिरापुर सहायक अध्यापक पंकज कटियार, यूपीएस सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कटियार, यूपीएस पूरा द्वितीय सहायक अध्यापक सुमन गुप्ता, यूपीएस बैड़ी अलीपुर सहायक अध्यापिका निहारिका पाल आदि।

शबनम, यूपीएस नसिरापुर वीरेंद्र त्रिपाठी और विमल चंद्र, कंपोजिट विद्यालय गोहलियापुर शिक्षामित्र विजय लक्ष्मी और वंदना, कंपोजिट विद्यालय रहीमपुर करीमपुर शिक्षामित्र आरती, यूपीएस विद्यालय चौखंडी अनूप, औरंगपुर साभी शिक्षामित्र साधना कटियार आदि। इस अवसर पर एआरपी श्रीकांत, शशांक द्विवेदी, विकास कुमार, मोहन मुरारी, समीर रंजन, रवि, सौरभ कटियार, धर्मेंद्र कटियार, पवन शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### स्मार्ट क्लास

पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पूरा द्वितीय आदित्य द्विवेदी, कंपोजिट विद्यालय राजेपुर सुरेंद्र कुमार, यूपीएस बैड़ी अलीपुर निहारिका पाल, यूपीएस विद्यालय पूरा प्रथम सुमन गुप्ता, यूपीएस विद्यालय नसिरापुर पंकज कटियार ,कंपोजिट विद्यालय रौगांव आकाश बाजपेई, पीएम श्री विद्यालय मकनपुर बदरुल मुनीम।

### आईसीटी लैब

बदरुल मुनीम, कल्पना देवी, आरती कटियार, नीलम, रोली धीमान, निशात अफरोज, सुषमा देवी।

### निपुण विद्यालय

अप्पा निवादा सहायक अध्यापक अशोक कुमार, सुखा पुरवा प्रधानाध्यापक आलोक कुमार, अहिरानी प्रधानाध्यापक शिव भक्त, सिंघौली प्रधानाध्यापक उम्मीद अली, मोहिउद्दीनपुर प्रधानाध्यापिका आरती, चौखंडी शिक्षामित्र अनूप कुमार, बहरामपुर प्रधानाध्यापिका कविता सिंह आदि।

## अचानक डेट शीट आने से छात्र परेशान, प्रदर्शन कर दयानन्द कॉलेज ऑफ लॉ में कुलपति को संबोधित कर प्रिंसिपल को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बीते दिन सोमवार को दयानन्द कॉलेज ऑफ लॉ में छात्रों ने नारेबाजी करते हुए प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा, दरअसल 3 जून से है पेपर और लगभग मात्र एक हफ्ते पहले छात्रों को सूचना दी जाती है। इसी बीच सी. एस. और रेलवे के पेपर भी हैं जो कि एक ही दिन पड़ जा रहे हैं, छात्रों का कहना है कि जब सेमेस्टर शुरू होता है तभी एग्जाम की डेटशीट क्यों नहीं जारी किया गया जैसे सि.एस.जे.एम. मेन कैंपस में होता है एफिलिएटेड कॉलेज के छात्रों के साथ ये भेदभाव क्यों हो रहा क्या उन्हें शिक्षा लेने का अधिकार नहीं है और मांग रखी कि हमारे पेपर की तारीख बढ़ाकरके जून आखिरी हफ्ते या जुलाई में कर दिया जाए, छात्रों का कहना है ये तो केवल एक छोटा सा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया है अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती हैं तो हम छात्र वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और ये तानाशाही नहीं हम लोग नहीं चलने देंगे हम छात्र प्रशासन की ईट से ईट बजाना भी जानते हैं जिसके जिम्मेदार कॉलेज प्रशासन होगा, ईस दौरान छात्रनेता अनुज त्रिपाठी, छात्रनेता अभिजीत राय, पुष्पांशु सिंह, अनस शाहू, विक्रम पांडे, सचिन गुप्ता नामित कुमार,लकी सचान समेत दर्जनों छात्र उपस्थित रहे।

### रोहिंग्या की पत्नी, बहन और बहू को पुलिस ने पकड़ा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर में गंगाघाट पुलिस ने रविवार को मनोहर नगर झोपड़ पट्टी से म्यांमार की तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह पिछले कई वर्षों से बिना भारतीय नागरिकता के रह रहीं थी। उनके पास कोई दस्तावेज भी नहीं मिला। इनमें साहिल की पत्नी अजीदा, बहन सिनवारा, छोटे भाई अनवर की पत्नी नूर कायदा हैं। मो.साहिल को कमिश्नरी पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि तीनों महिलाएं म्यामांर की रहने वाली हैं। सभी असम के रास्ते कानपुर आईं और शुक्लागंज में मनोहर नगर में गंगा नदी के किनारे झोपड़ी बनाकर रहने लगीं।

## ककवन रोड चौराहा स्थित देसी शराब ठेके के सामने लगा रहता है जाम



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर जीटी रोड से ककवन रोड पर देसी शराब ठेके के सामने पूरे दिन शराबी रोड पर ही मोटरसाइकिल खड़ी कर देते हैं जिसके चलते जाम लगा रहता है वहीं पर 100 मीटर दूर 49 नंबर रेलवे फाटक पर पल-पल फाटक बंद रहता है जिसके चलते जाम लगा रहता है। हालांकि पुलिस और होमगार्ड चौराहे से लेकर रेलवे फाटक तक वाहनों को सीधे करते रहते हैं लेकिन जब शराबी अपने नशे में होते हैं तो वह रोड पर ही मोटरसाइकिल खड़ी कर देते हैं जिससे वाहन निकलने में दिक्कतें होती हैं

यह मार्केट सबसे व्यस्त मार्केट है रेलवे फाटक से लेकर जीटी रोड के बीच में सभी दुकानदारों ने रोड तक ही अपना व्यापार फैला रखा है वहीं पर ग्राहक भी अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करके खरीदारी करते हैं कई बार शराबी होमगार्ड से भी भिडते नजर आते हैं

उनसे कहते हैं हम सामान खरीदने आए तो मोटरसाइकिल क्या हम जेब में रख लें लेकिन जैसे-जैसे स्थिति ड्यूटी पर तैनाज सिपाही संभालते हैं लेकिन पल-पल जाम लगा रहता है।

## कानपुर पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी, तैयारियों का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

प्रधानमंत्री मोदी की 30 की महानगर यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी उप्र प्रशांत कुमार कानपुर पहुंचे। सबसे पहले वह पीएम के सभा स्थल सीएसए पहुंचे, जहां तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा रूट व्यवस्था, हैलीपैड, जनसभा स्थल एवं पार्किंग स्थलों का जायजा किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए, जिससे कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जा सकें।



### गोष्ठी में ये अधिकारी रहे शामिल

इसके बाद चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय परिसर में एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें तैयारियों की समीक्षा की गई। गोष्ठी में एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, मंडलायुक्त कानपुर के. विजयेन्द्र पांडियन, संयुक्त पुलिस आयुक्त आशुतोष कुमार, आईजी रेंज कानपुर हरीश चन्दर, जिलाधिकारी कानपुर जितेंद्र प्रताप सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली की मांग 763 मेगावॉट, केस्को के इतिहास में पहली बार इतनी डिमांड

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में गर्मी और उमस ने जहां आमजन को बेहाल कर दिया है, वहीं बिजली के पसीने भी छुड़ा दिए हैं। मई में जुलाई जैसा असर है। एसी, कूलर, पंखों से बिजली की मांग दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। यह अभी 763 मेगावॉट तक पहुंच गई है, जबकि जून और जुलाई बाकी है। इसने केस्को के इतिहास के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। पिछले वर्ष अधिकतम मांग 714 मेगावॉट गई थी। केस्को की ओर से गर्मी के लिए सर्दियों से ही तैयारियां चल रहीं थी। कई ओवरलोड सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ा दी गई। वहां लगे पावर ट्रांसफार्मर की संख्या दोगुनी हुई, जबकि डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर का लोड कम किया गया। मार्च तक सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा। इस दौरान बिजली सब स्टेशन, फीडर, ट्रांसफार्मर, एचटी व एलटी लाइन की सर्विसिंग कराई गई। अप्रैल में एकदम से उमस और तापमान बढ़ गया। घरों में एसी, कूलर, पंखे, फर्राटा चलने शुरू हो गए। इसकी वजह से कई फीडर, सब स्टेशन फिर से ओवरलोड हो गए। नतीजा ट्रिपिंग और फॉल्ट के रूप में सामने आया। बारिश न होने की वजह से दिन और रात के तापमान में गिरावट नहीं आई। घरों में उपकरण का उपयोग कम होने की बजाय और बढ़ गया। 19 मई को बिजली की मांग बढ़कर 763 मेगावॉट पहुंच गई। इस मांग के चलते अधिकारियों के कान खड़े हो गए हैं। सभी सब स्टेशनों से बिजली की खपत की रिपोर्ट मांगी जा रही है।

केस्को के अधिकारियों के मुताबिक लोड बढ़ने की मुख्य वजह उपभोक्ताओं का अपने घरों में लोड न बढ़वाना है, जबकि एसी और कूलर की संख्या में बढ़ोतरी हो गई है। घर का लोड ट्रांसफार्मर और ट्रांसफार्मर का भार फीडर और सब स्टेशन पर आ रहा है।

## बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो लोगों की मौत और दो की हालत गंभीर, उर्सला अस्पताल रेफर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में घाटमपु कस्बे के बाहर मूसानगर रोड पर ब्लॉक कार्यालय के पास सोमवार को बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इसमें चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां दो घायलों ने दम तोड़ दिया। वहीं, दो गंभीर घायलों को उर्सला रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के राहा निवासी मुकेश (35) गांव के ही सुनील (50) के साथ बाइक से जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ब्लॉक कार्यालय के पास पहुंची। तभी नवेड़ी निवासी अन्नू सिंह (19) के साथ मोतीपुर निवासी अर्पित (35) की बाइक से भिड़ंत हो गई।

### घायलों को उर्सला अस्पताल रेफर किया

भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि चारों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरे। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को लेकर सीएचसी पहुंची। यहां पर मुकेश व सुनील की मौत हो गई। वहीं, अर्पित व अन्नू की हालत गंभीर होने पर उर्सला रेफर कर दिया गया।

## दो इंजीनियरों की मौत का मामला, डॉ. अनुष्का ने किया सरेंडर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में हेयर ट्रांसप्लांट करने वाली डॉ. अनुष्का ने सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बता दें कि पुलिस के हाथ से अनुष्का के निकल जाने के बाद उसकी गिरफ्तारी की जिम्मेदारी क्राइम ब्रांच को दी गई थी।

हालांकि, उससे पहले ही डॉ. अनुष्का ने सरेंडर कर दिया। फिलहाल, डॉ. अनुष्का के साथ इस अपराध में शामिल कर्मचारियों की भी तलाश में पुलिस जुटी है। इनमें क्लीनिक में काम करने वाली तीन युवतियां शामिल हैं। यह युवतियां डॉक्टर के अपराध की जानकार हैं।



### बड़े राज खुलकर आएंगे सामने

इनसे कई बड़े राज खुलकर सामने आने की उम्मीद है। ये युवतियां क्लीनिक खुलने से लेकर बंद होने तक रहती थीं। मरीजों को मिलने का समय देने, उनका रिकार्ड रखने, फीस जमा कराने, हेयर ट्रांसप्लांट की पूरी व्यवस्था करने जैसी अहम जिम्मेदारियां निभाती थीं।



### दो युवक करते थे हेयर ट्रांसप्लांट

हेयर ट्रांसप्लांट के दौरान वह दो युवकों को भी हायर करती थीं। यही दोनों युवक हेयर ट्रांसप्लांट करते थे। डॉ. अनुष्का वहां ग्लब्स और मास्क पहनकर मौजूद रहती थीं, दिशा निर्देश भी देती थीं। डॉ. अनुष्का से हेयर ट्रांसप्लांट कराने वाले कई लोगों ने पुलिस को अपने बयान दर्ज कराए हैं। इसके बावजूद पुलिस तीनों युवतियों और दोनों युवकों तक नहीं पहुंच सकी है।

पकड़ा जा चुका है अनुष्का का झूठ

इंपायर क्लीनिक में सहायक अभियंता विनीत और इंजीनियर मयंक का हेयर ट्रांसप्लांट हुआ था। डॉ. अनुष्का लगातार इससे इन्कार कर रही थी। सर्विलांस टीम को सीडीआर में विनीत और मयंक के हेयर ट्रांसप्लांट के दौरान अनुष्का के साथ सात घंटे तक होने की लोकेशन मिली। इससे अनुष्का का यह झूठ भी पकड़ा गया।

## छत से कूदकर प्रेमी संग नवविवाहिता फरार, दर-दर ठोकरें खा रहा पति

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




कानपुर में नरवल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में रहने वाली नवविवाहिता को इंस्टाग्राम सोशल साइट्स के जरिए गांव में ही एक युवक से प्रेम हो गया। प्रेमी के प्रेम में पड़कर नवविवाहिता अपने पति को छोड़कर उसके साथ फुर्र हो गई। पीड़ित पति न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। पीड़ित पति ने बताया कि उसका विवाह नौ माह पूर्व तीन जुलाई को फतेहपुर जनपद के एक गांव में हुआ था। वह अपनी दो बहनों और माता-पिता के साथ रहता है और मेहनत मजदूरी करके किसी तरह परिवार का पेट पालता है। 21 मई को आई आंधी के दौरान गांव की बिजली चली गई थी। पत्नी ऊपर से नीचे सोने आई थी। उसी दौरान पीछे के रास्ते से कूदकर प्रेमी के साथ चली गई है। यह जानकारी हम लोगों को सुबह हो पाई। महिला घर से 10 हजार नगदी सहित लगभग बीस हजार के जेवर लेकर गई है। पीड़ित ने बताया वह नरवल थाने में तहरीर देकर आया है, लेकिन पुलिस खोजबीन नहीं कर रही है। वहीं, नरवल थाना प्रभारी राम मूरत पटेल ने बताया कि महिला की गुमशुदगी दर्ज की गई है। जांच की जा रही है। जल्द ही पता किया जाएगा। पीड़ित युवक ने बताया दो वर्ष पहले भी उसकी शादी हुई थी, लेकिन छह माह तक साथ रहने के बाद पहली पत्नी भी उसी के गांव में रहने वाले प्रेमी के साथ फुर्र हो गई थी। उस समय भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। दोबारा हुई इस घटना से पीड़ित परिवार परेशान है।




# विचार एक्सप्रेस




**वार्तालोक समिति की इस रविवार को होगी...**

वसुंधरा सेक्टर 4सी स्थित वार्तालोक सहकारी आवास समिति की जीबीएम रविवार 1 जून को सेक्टर 5 स्थित वेंकट हॉल में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी समिति सचिव प्रेम नाथ पांडे द्वारा दी गई है। जीबीएम में सचिव द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...


हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, मंगलवार, 27 मई, 2025 | 06


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मध्य प्रदेश में पर्यटन के चटख रंग

**कुछ समय के लिए दुनिया की भागम-भाग से दूर प्रकृति की गोद में सुख की अनुभूति करने के लिए तामिया और पातालकोट जैसे स्थान भी हैं, जो आम पर्यटकों से छुपे हुए हैं। वहीं, मढ़ई, तवा, परसिली, हनुमंतिया जैसे अनेक स्थल भी हैं, जिन्हें पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बनाया जा रहा है। पर्यटकों द्वारा खोजे जा रहे नये पर्यटन स्थलों को भी व्यवस्थित करने में मध्य प्रदेश की सरकार अग्रणी है। इंदौर के समीप महू से पातालपानी-कालाकुंड तक चलनेवाली हेरिटेज ट्रेन भी सीटी बजाकर उन पर्यटकों को बुलाती है, जो प्रकृति के नजारों में खोना चाहते हैं।**

*भारत का ह्रदय मध्य प्रदेश अपनी नैसर्गिक सुन्दरता, आध्यात्मिक ऊर्जा और समृद्ध विरासत के चलते सदियों से यात्रियों को आकर्षित करता रहा है। आत्मा को सुख देनेवाली प्रकृति, गौरव की अनुभूति करानेवाली धरोहर, रोमांच बढ़ानेवाला वन्य जीवन और विश्वास जगानेवाला अध्यात्म, इन सबका मेल मध्य प्रदेश को भारत के अन्य राज्यों से अलग पहचान देता है। इस प्रदेश में प्रत्येक श्रेणी के पर्यटकों के लिए कई चुम्बकीय स्थल हैं, जो उन्हें बरबस ही अपनी ओर खींच लेते हैं। यह प्रदेश उस बड़े ह्रदय के मेजबान की तरह है, जो किसी भी अतिथि को निराश नहीं करता है। वैभव की इस भूमि पर पराक्रम की गाथाएं सुनाते और आसमान का मुख चूमते दुर्ग हैं। भारत का जिब्राल्टर ग्वालियर का किला, महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का राजमहल, मांडू का जहाज महल, दतिया में सतखंडा महल, रायसेन का दुर्ग, दुर्गावती का मदन महल, जलमग्न रहनेवाला रानी कमलापति का महल और गिन्नौरगढ़ सहित अनेक किले हैं, जो मध्य प्रदेश के स्थापत्य की विविधता का बखान करते हैं। देवों के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। उज्जैन, जहां योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण पढ़े। चित्रकूट, जहां प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लखन सहित वनवास में रहे। ओंकारेश्वर, जहां आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आचार्य गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा ली। मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग- महाकाल और ओंकारेश्वर हैं। इसके साथ ही भगवान शिव ने कैलाश और काशी के बाद अमरकंटक को परिवार सहित रहने के लिए चुना है। एक ओर जहां द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण प्रतिवर्ष मुरैना में आकर ढाई दिन रहते हैं तो वहीं ओरछा में राजा राम का शासन है। महारानी कुंवर गणेश के पीछे-पीछे श्रीराम अयोध्या से ओरछा तक चले आये थे। ओरछा राजाराम के मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। मध्य प्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चंबल नदी के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है। मेकल पर्वत पर सदानीरा मां नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्य प्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहां सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्य प्रदेश सफेद बाघ मोहन का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ानेवाले बालक मोगली का भी जन्मस्थान है। सर विलियम हेनरी स्लीमन ने एन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्स शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के जंगल पेंच टाइगर रिजर्व में मोगली का घर था। वाइल्ड लाइफ पर्यटन मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास 'टाइगर स्टेट' के साथ ही द लेपर्ड स्टेट और घड़ियाल स्टेट का दर्जा भी है। बाघ देखने के लिए न केवल देशभर से बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से भी लोग मध्यप्रदेश में आते हैं। भिंड और मुरैना के समीप स्थित चम्बल सफारी तो घडियाल संरक्षण का बड़ा केंद्र बन गई है। कभी डाकुओं के लिए कुख्यात रहे चंबल के बीहड़ अब डॉल्फिन के लिए प्रसिद्ध हैं। भारत में गंगा के बाद सबसे अधिक डॉल्फिन चंबल सफारी में पाए जाते हैं। जनजातीय संस्कृति से साक्षात्कार करने का अवसर भी मध्य प्रदेश देता है। मंडला, उमरिया, छिंदवाडा, बालाघाट, झाबुआ और अनूपपुर में कई स्थान हैं, जो पर्यटन के तौर पर विकसित किये गए हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। 1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया। भारतीय सेना अब महिलाओं को सशत्र बल में नियुक्ति के लिए उनके लिए तय की गई नीतियों को लागू कर प्रोत्साहित करती हैं। इसके लिए महिलाओं के लिए आर्मी मेडिकल कोर, आर्मी डेंटल कोर और मिलिटरी नर्सिंग सेवाओं के लिए परमानेंट कमिशन को मंजूरी दी गई है।**

# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम



रमेश सर्राफ धमोरा

**वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्तियों में लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पुरुष और महिला जवानों की हथियारों और सेवाओं के लिए तैनाती में किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाता है। सभी की पोस्टिंग सेना की जरूरतों के अनुसार की जाती है। भारतीय सेना में महिला अफसरों को परमानेंट कमिशन के लिए 23 नवंबर 2021 को एक जेंडर न्यूट्रल करियर प्रोग्रेशन पॉलिसी लाई गई थी।**

भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्रवाई की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्रवाई की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है। भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।। अर्थातः जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं, वहीं युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है। भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दीं। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया। भारत की तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11,414 महिलाएं सेवाएं दे रही हैं। थल सेवा में 7,054 महिलाएं सेवारत हैं। इनमें 1733 महिला अधिकारी हैं। यह आंकड़ा एक जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1,654 अधिकारी सेवारत हैं, जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही हैं। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत हैं, जबकि 727



**अब 11 आर्म्स एंड सर्विसेज में महिला अधिकारियों को परमानेंट कमिशन मिलता है। जिनमें आर्मी सर्विस कोर, आर्मी आर्डनेंस कोर, आर्मी एडुकेशन कोर, जज एडवोकेट जनरल ब्रांच, इंजीनियर कोर, सिगनल कोर, इलेक्ट्रॉनिक्स और मकैनिकल कोर, इंटेलीजेंस कोर, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन, रीमाउंट एंड वेटनरी कोर आदि शामिल हैं।**

महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है। इसी तरह 1,212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में, 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में, 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत हैं। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में, पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत हैं। पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती हैं और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है। सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी हैं, जो मिसाइल चलती है और मोर्चे पर भी जाती हैं। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती हैं और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती हैं। अब महिलाएं डिफेंस भी करती हैं। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती हैं। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनीं। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी हैं। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी हैं, जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही हैं। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी हैं। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं। रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा। शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं। लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। 1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया। भारतीय सेना अब महिलाओं को सशत्र बल में नियुक्ति के लिए उनके लिए तय की गई नीतियों को लागू कर प्रोत्साहित करती हैं। इसके लिए महिलाओं के लिए आर्मी मेडिकल कोर, आर्मी डेंटल कोर और मिलिटरी नर्सिंग सेवाओं के लिए परमानेंट कमिशन को मंजूरी दी गई है। अब 11 आर्म्स एंड सर्विसेज में महिला अधिकारियों को परमानेंट कमिशन मिलता है। जिनमें आर्मी सर्विस कोर, आर्मी आर्डनेंस कोर, आर्मी एडुकेशन कोर, जज एडवोकेट जनरल ब्रांच, इंजीनियर कोर, सिगनल कोर, इलेक्ट्रॉनिक्स और मकैनिकल कोर, इंटेलीजेंस कोर, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन, रीमाउंट एंड वेटनरी कोर आदि शामिल हैं। परमानेंट कमिशन के बाद महिला अधिकारी इंडियन आर्मी के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल आर्टिलरी का हिस्सा बनने लगी हैं। सेना आर्टिलरी की लगभग 300 रेजिमेंट और लगभग 5,000 अधिकारी हैं। आर्टिलरी में शामिल महिला अधिकारियों की बोफोर्स, होवित्जर, के-9 वज्र जैसी तोपों पर भी 2023 में तैनाती की अनुमति दी जा चुकी है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 08:33 तक |
| नक्षत्रः | रोहिणी 26:50 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | सुकर्माण, 22:53 |
| सूर्योदयः | 05:34 |
| सूर्यास्तः | 18:47 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 15:29-17:08 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12-37 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# यंग लोगों को क्यों बढ़ रही है किडनी स्टोन की समस्या

**आज** के समय में ज्यादातर यंगस्टर्स में किडनी स्टोन की समस्या का खतरा बढ़ रहा है। कई इसकी समस्या से परेशान रहते हैं। जिसके कारण उनको असहनीय दर्द, उल्टी आने जैसा महसूस होना, सूजन आना और कई अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह समस्या यंगस्टर्स के लाइफस्टाइल के कारण हो सकती है। एक्सपर्ट के अनुसार, यंग लोगों के अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण ज्यादातर लोग किडनी स्टोन की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में किडनी स्टोन की समस्या से राहत के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करना जरूरी है। इसके लिए फलों, सब्जियों और साबुत अनाज जैसी हेल्दी डाइट लें, दिनभर में पर्याप्त पानी पिएं और फिजिकल एक्टिविटीज को बढ़ावा दें। जिससे अन्य बीमारियों से भी बचाव करने और स्वास्थ्य को भी हेल्दी रखने में मदद मिलती है।



**अनहेल्दी डाइट लेनाः** यंग लोग ज्यादातर प्रोसेस्ड फूड का सेवन करना पसंद करते हैं। लेकिन अनहेल्दी और अधिक प्रोसेस्ड फूड का सेलन करने से लोगों को किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है। कई बार प्रोसेस्ड फूड में अधिक मात्रा में नमक या ऑक्सालेट होता है, जिसके कारण लोगों में किडनी स्टोन का खतरा बढ़ सकता है। वहीं, शरीर में पोषक तत्वों की कमी के कारण भी किडनी स्टोन को बढ़ावा मिल सकता है। ऐसे में प्रोसेस्ड फूड्स के अधिक सेवन से बचना चाहिए।

**शरीर में पानी की कमी होनाः** भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल के कारण ज्यादातर लोग दिनभर में पर्याप्त पानी नहीं पीते हैं, जिससे लोगों को शरीर में पानी की कमी होने यानी डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होना किडनी स्टोन के मुख्य कारणों में से एक है। बता दें, दिनभर में पर्याप्त पानी न पीने, कॉफी या सोडा युक्त ड्रिंक्स का अधिक सेवन करने के कारण मिनरल्स और नमक एक साथ चिपक कर क्रिस्टल का रूप ले लेते हैं, जिसके कारण लोगों को किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है।

**नमक का अधिक सेवन करने के कारणः** खाने में नमक का सेवन अधिक करने या प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन करने से भी लोगों को किडनी स्टोन का खतरा बढ़ता है। बता दें, प्रोसेस्ड फूड में अधिक मात्रा में नमक होता है। अधिक सोडियम युक्त फूड का सेवन करने से किडनी स्टोन को बढ़ावा मिलता है। ऐसे में ऑक्सालेट या नमक के फूड के सेवन से बचना चाहिए।

**फिजिकल एक्टिविटी न करनाः** भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल के कारण ज्यादातर यंगस्टर्स फिजिकल एक्टिविटीज नहीं करते हैं। जिसके के कारण मेटाबॉलिज्म के कमजोर होने और कई बार किडनी स्टोन की समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है। ऐसे में शरीर को एक्टिव रखने की कोशिश करें। इससे स्वास्थ्य की कई समस्याओं से बचाव करने में भी मदद मिल सकती है।

**डॉक्टर की सलाह के बिना न खाएं सप्लीमेंट्सः** कई लोग कैल्शियम, विटामिन-डी, क्रिएटिनिन और प्रोटीन जैसे सप्लीमेंट्स का सेवन डॉक्टर की सलाह के बिना ही करते हैं। इसके अधिक सेवन के कारण भी लोगों क किडनी स्टोन का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में हाई प्रोटीन या कैल्शियम युक्त फूड का अधिक सेवन करने से भी बचना चाहिए।

**निष्कर्षः** यंग लोगों को किडनी स्टोन की समस्या प्रोसेस्ड फूड या अनहेल्दी खानपान के कारण हो सकती है। इसके अलावा, डिहाइड्रेशन, फिजिकल एक्टिविटीज की कमी, डॉक्टर की सलाह के बिना सप्लीमेंट्स का अधिक सेवन करने और नमक का अधिक सेवन करने के कारण लोगों को किडनी स्टोन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण 'अविद्या'



हृदयनारायण दीक्षित

**विद्या मुक्ति का संधान थी-स विद्या या विमुक्तये। संसार कारण कार्य की श्रंखला है। कारण के अभाव से आगे कार्य नहीं होता। बुद्ध परम स्थिति को प्राप्त कर चुके थे। इसी स्थिति को निर्वाण (पाली भाषा में निब्बान) कहा गया। निर्वाण के बाद कोई ऐषणा नहीं बचती।**

**उत्तरवैदिक काल में इसे विद्या और अविद्या कहा गया। विद्या का अर्थ ज्ञान और अविद्या का अर्थ अज्ञान लिया जाता है लेकिन वैदिक साहित्य में अविद्या का अर्थ अज्ञान नहीं है। वैदिक काल में विद्या सुपरिभाषित थी। इसका अर्थ सत्य की अनुभूति अथवा परमतत्व का ज्ञान था। इसलिए अविद्या का अर्थ जो विद्या नहीं है से लिया जाना चाहिए। परम सत्य की खोज से जुड़ा ज्ञान विद्या था।**

**बुद्ध** का दुख विश्लेषण विश्वदर्शन में श्रेष्ठतम है। अभिभूत करने वाला है। इसकी अंतिम कड़ी है अविद्या। अविद्या का मतलब मूर्खता नहीं है। सृष्टि-जगत को सार रूप में न जानना ही अविद्या है। भारतीय दर्शन की सभी शीर्ष धाराओं में दुख का मूल कारण अविद्या है। यह बुद्ध दर्शन में भी है। उपनिषद् साहित्य विद्या और अविद्या के विवेचन से से भरा पूरा है। ईशावास्योपनिषद् के नवें, दसवें व ग्यारहवें मंत्रों श्लोकों का विषय विद्या और अविद्या है। कहते हैं, अविद्या के उपासक अंधतम लोक में प्रवेश करते हैं। इसी तरह विद्या के उपासक भी अंधेरे में हैं। धीर पुरुषो से सुना है कि विद्या और अविद्या के फल अलग-अलग हैं। जो दोनो को एक साथ जानते है वे अविद्या से संसार-मृत्यु को पार करते हैं और विद्या से अमृत पाते हैं। मधुमय जीवन के लिए दोनो का बोध जरूरी है। विद्या मुक्त करती है, अविद्या यानी संसार का ज्ञान संसार को मधुमय प्रीतिमय बनाता है। ऋग्वेद में दोनो हैं। ऋग्वेद के समाज में परम सत्ता की खोज और खेती किसानी साथ-साथ चलती है। परमतत्व की लब्धि चाहिए, लेकिन संसार मायाजाल नहीं है। न अकेली विद्या ठीक, न अकेली अविद्या। शुक्ल पक्ष का आलोक दीपित करता है तो कृष्णपक्ष का अंधकार विश्रामदायी है।

मुण्डकोपनिषद में अविद्या को अपरा विद्या और विद्या को परा विद्या कहा गया। श्वेताश्वतरोपनिषद् (5.1) में विद्या और अविद्या की खूबसूरत परिभाषा है क्षरं त्वविद्या ह्यमृतं तु विद्या, विद्याविद्ये ईशते यस्तु सोऽन्यः-जो क्षरणशील-नाशवान है वह अविद्या है, लेकिन सदा सनातन अमृत विद्या है। शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में अविद्या ही मिथ्या है। संसार का ज्ञान, घर परिवार भी जरूरी है। ब्रह्म ज्ञान की आकांक्षा इसी संसार की देन है। इसकी प्राप्ति के उपाय इसी जगत में, इसी शरीर और इन्द्रियों की सहायता से होते हैं। ईशोपनिषद के ऋषि ने अलग-अलग आग्रहों को गलत और दोनो के समन्वय को उपयोगी बताया है। अविद्या से सांसारिक कष्ट और मृत्यु कष्ट पार होते हैं। मृत्यु जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीवन के तल पर ही मृत्यु आती है। जीवन न हो तो मृत्यु क्या कर लेगी? लेकिन मृत्यु अचानक नहीं आती। जीवन के प्रत्येक क्षण में मृत्यु है। सर्जन और विसर्जन साथ-साथ चलते हैं। अविद्या से इसी सब का ज्ञान मिलता है। अविद्या सांसारिक बोध, यज्ञ, उपासना, ज्ञान विज्ञान की जानकारियों व जीवन की गतिविधि में सहायक है। विद्या आत्मानुभूति है। कठोपनिषद (1.2.5) में कथा है। कथा के अनुसार यमराज ने जिज्ञासु नचिकेता से कहा, अविद्या में संलग्न स्वयं को धीर और पंडित बताते है। वे मूढ़पुरूष अंधे द्वारा ही ले जाए गए अंधमार्ग को प्राप्त होते हैं। यहां यमराज धन प्रेमी, संसारवादी लोगों की भी खबर लेते हैं, धनमोह, पुत्रमोह, पशु सम्पदा मोह में अंधे हो गए लोग इसी लोक को सच मानते हैं। ऐसे लोग बार-बार मेरे वश (यमराज के पाश में) में ही आते हैं। (वहीः6) यहां यमराज भी तात्कालिक दार्शनिक बहस के एक पक्षकार है, वे यज्ञ, संसार मोह, सम्पदा मोह, आदि को अंधकार में ले जाने वाला बताते हैं। फिर कहते हैं, यह परम तत्व बहुतों को सुनने को भी नहीं मिलता। सुनकर भी बहुत सारे लोग समझ नहीं पाते। जानकार तत्वज्ञानी बहुत कम है, ज्ञानियों में भी आत्मतत्व को प्राप्त सिद्ध बिरले ही हैं। (वहीः7) दर्शनशास्त्री तर्क को ज्ञान का उपकरण बताते थे। यमराज कहते हैं यह तत्व तर्क से नहीं मिलता ऐसा ज्ञान गैरनास्तिक (वेद जानने मानने वाला) अनुभवी विद्वान के पास ही होता है। अविद्या सांसारिक ज्ञान है। अर्थशास्त्र, इतिहास, विज्ञान, खगोल और वैदिक साहित्य भी अविद्या है। दुख का कारण अविद्या है। अविद्या मूल सत्य तत्व पर आवरण है। इच्छाएं अभिलाषाएं और इनसे बनी बुद्धि अविद्या को सच्चा ज्ञान समझती है। अविद्या जनित बुद्धि से विद्याजनित उत्तर समझे नहीं जा सकते। बुद्ध इसीलिए सारभूत प्रश्नों पर मौन रहते थे। अविद्या को माया भी कह सकते हैं। माया सुंदर शब्द है। संस्कृत में मा का अर्थ नहीं है। या का अर्थ है जो। माया अर्थात जो नहीं है। जीवन में सब तरफ दो ही दिखाई देते हैं। मैं हूं और संसार है। शुभ और अशुभ हैं। दिन और रात हैं। अच्छा और बुरा है। जीवन और मृत्यु है। व्यक्त और अव्यक्त है। ज्ञात और अज्ञात है। ईश्वर और संसार हैं। जीवात्मा और परमात्मा है। दर्शन की भाषा में इसे द्वैत कहते हैं। वैदिक काल और परवर्ती समय में अनेक मत थे। लेकिन मोटे तौर पर दो विचार थे। एक कि परमतत्व का बोध ही प्रकाशदायी है, बाकी सब गलत हैं। दो-कि भौतिक ज्ञान सांसारिक उपलब्धियां, यज्ञ कर्मकाण्ड ही ठीक है।

# दो किसानों की जान लेने वाली बाघिन ट्रेंकुलाइज़ रविवार रात मैलानी के जंगल में की गई बेहोश



### पिंजड़े के पास की गई ट्रेंकुलाइज



सेहरामऊ क्षेत्र में बाघिन लंबे समय से दहशत का पर्याय बनी हुई थी। पांच दिनों से वन विभाग की टीम उसे पकड़ने के लिए जुटी हुईं थी। टीमों के लगातार पीछा करने के बाद उसके जंगल में जाने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। इसको लेकर मैलानी की जंगल में वन विभाग ने बाघिन को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया और उसमें पड्डा बांधा गया। रविवार रात बाघिन पड्डे के लालच में पिंजड़े के पास पहुंच गई। रेस्क्यू टीम उस पर नजर बनाए हुए थी। पिंजड़े के पास पहुंचते ही बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर दिया गया।

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

सेहरामऊ क्षेत्र में दो किसानों को मौत के घाट उतारने वाली बाघिन आखिरकार पांचवे दिन पकड़ ली गई। वन विभाग ने उसे ट्रेंकुलाइज़ कर पिंजड़े में कैद कर लिया। बाघिन के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। शाहजहांपुर वन प्रभाग के खुटार रेंज के अंतर्गत पिछले लगभग चार महीने से बाघ और बाघिन का आतंक कायम था। बाघ दर्जनों आवारा पशुओं को निवाला बना चुके थे। बीते 11 मई को एक बाघिन ने गांव दुर्जनपुर कलां के हंसराम को मार डाला था। हंस राम खेत में गन्ने की फसल की सिंचाई कर रहे थे। उसके बाद 18 मई को बाघिन ने चतीपुर के रामप्रसाद को अपना निवाला बना लिया था। दो किसानों पर हमले के बाद समूचे क्षेत्र में दहशत फैल गई। बाघिन के न पकडे जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा था। उन्होंने विधायक बाबूराम पासवान से बाघिन को पकड़वाने की मांग की थी। शासन से बाघिन को पकड़ने की अनुमति दे दी गई। उसके बाद से शाहजहांपुर वन प्रभाग और पीलीभीत टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने के लिए लगाईं गई। पिछले पांच दिनों से बाघिन की तलाश की जा रही थी। बाघिन को ट्रेंकुलाइज़ करने की जिम्मेदारी पीलीभीत टाइगर रिजर्व के एक्सपर्ट डॉ. दक्ष गंगवार को मिली। वह टीम के साथ बीते मंगलवार से ही क्षेत्र में डेरा डाले हुए थे। रेस्क्यू ऑपरेशन में अन्य डिवीजनों के एक्सपर्ट भी मौके पर बुलाए गए। शनिवार की रात में हमलावर बाघिन हरीपुर किशनपुर में सुखदेव सिंह के फार्म हाउस के पास देखी गई। गांव हरीपुर में एक गन्ने के खेत में बाघिन के होने का शोर मचा। जानकारी लगते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जा पहुंची और गन्ने के खेत को घेर लिया। सूचना मिलते ही ट्रेंकुलाइज़ टीम भी मौक पर पहुंच गई। आक्रोशित ग्रामीण और टीम घंटों गन्ने को खेत को घेरे रही। इसके बावजूद बाघिन ग्रामीणों और टीम को गच्चा देकर निकल गई। रविवार रात बाघिन की लोकेशन चतीपुर गांव के पास मैलानी जंगल में मिली। इस पर टीमें पहुंच गई। लगभग 10 बजे टीम ने बाघिन का जंगल में ट्रेंकुलाइज कर सफलतापूर्वक पकड़ लिया। जानकारी लगते ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि बाघिन का रेस्क्यू कर लिया गया है। उसे दुधवा टाइगर रिजर्व ले जाने की तैयारी की जा रही है।

# महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र में वट सावित्री पर्व मनाया गया।महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा की।महिलाओं ने व्रत रखकर पुए, पूड़ी, हलवा और पकवान बनाए। वट वृक्ष के जनेऊ के सात फेरे लगाकर खरबूजा, बैंगन आदि फल व सोलह सिंगार चढ़ाकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की गई। यह वट सावित्री पर्व गांव खाता, अमरैयाकलां, सुखदासपुर, महादिया, तकियादीनारपुर, रघुनाथपुर, धरमंगदपुर, नवदियाधनेश, सुंदरपुर, रम्पुरा फकीरे, सबलपुर, ककरौआ, देवीपुर आदि कई गांव में मनाया गया। पर्व समारोह में कंचन देवी कुशवाहा, सुधा देवी, ममता मौर्य, गीता देवी, पारुल, प्रीती कुशवाहा, राजेश्वरी, नेमवती, मायादेवी, दिव्या देवी, बबिता कुशवाहा, अंजली कुशवाहा, अंशू आदि मौजूद रही।

# जिला अध्यक्ष देवेश बसल ने शहीद व्यापारी की पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाकर दिया सेवा और समर्पण का संदेश

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पीलीभीत ने वृद्ध सेवा संस्थान में फल वितरण व भोजन सेवा कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, पीलीभीत के जिला अध्यक्ष देवेश बंसल के नेतृत्व में 26 मई को शहीद व्यापारी हरीश चंद्र अग्रवाल की पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंडल द्वारा वृद्ध सेवा संस्थान, पीलीभीत में रह रहे वृद्धजनों को फल वितरित किए गए एवं उनके लिए सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम का आयोजन न केवल एक शहीद व्यापारी की स्मृति में था, बल्कि समाज को यह संदेश देने का भी प्रयास था कि व्यापार केवल लाभ का साधन नहीं, बल्कि सेवा और त्याग का माध्यम भी हो सकता है। देवेश बंसल ने इस अवसर पर कहा कि स्व. हरीश चंद्र अग्रवाल एक संघर्षशील और निडर व्यापारी थे, जिन्होंने व्यापारियों के हित में आंदोलन करते हुए अपने प्राण गंवाए। उनकी पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाकर हम उनकी सोच और संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। वृद्ध सेवा संस्थान में फल वितरण एवं भोजन सेवा करते समय संस्था में रह रहे वृद्धजनों ने संगठन के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। देवेश बंसल ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की पूंजी हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना अपने आप में सौभाग्य की बात है। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों को निरंतर करता रहेगा।

### व्यापारियों की एकजुटता से बनती है संगठन की शक्ति



कार्यक्रम के अंत में जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल ने सभी व्यापारी साथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की वास्तविक शक्ति व्यापारियों की एकता और सक्रिय सहभागिता में है। जब व्यापारी संगठन के कार्यक्रमों में समर्पण के साथ भाग लेते हैं, तब ही कोई भी आयोजन पूर्ण रूप से सफल हो पाता है।

### वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर देवेश बंसल के साथ-साथ वृद्ध सेवा संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट विनोद कुमार वैश्य, कोषाध्यक्ष एडवोकेट मुरली मनोहर अग्रवाल, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, युवा जिला महामंत्री करनदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जिला मंत्री सुधांशु शर्मा, अर्पित अग्रवाल, जयन्ती प्रसाद सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

### संघर्ष और सेवा के प्रतीक बने हरीश चंद्र अग्रवाल

जिला अध्यक्ष देवेश बंसल ने बताया कि व्यापारी हरीश चंद्र अग्रवाल का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने व्यापारियों के अधिकारों के लिए जिस निडरता से आवाज़ उठाई, वह आज भी संगठन को मार्गदर्शन देती है। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि किसी भी व्यवस्था में बदलाव के लिए संघर्ष आवश्यक होता है, और जब यह संघर्ष समाजहित में हो, तो उसका स्मरण और सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है।

इस प्रकार प्रेरणा दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं रहा, बल्कि सेवा, समर्पण और संगठन की शक्ति का जीवंत प्रमाण बनकर समाज के सामने आया। देवेश बंसल के नेतृत्व में आयोजित यह आयोजन न केवल सराहनीय रहा, बल्कि आने वाले समय के लिए एक आदर्श भी प्रस्तुत करता है।

# विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने मंदिर निर्माण के लिए दिए 1.25 लाख रुपये, जनसेवा की पेश की मिसाल

- पंच प्रयाग आश्रम, न्यूरिया में बन रहे मंदिर को मिली आर्थिक सहायता, ग्रामीणों में हर्ष की लहर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बरखेड़ा विधायक एवं श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद अक्रिय हरि जी महाराज ने एक बार फिर धर्म और जनसेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पंच प्रयाग आश्रम न्यूरिया में निर्माणाधीन मंदिर के लिए 1.25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह सहायता राशि उन्होंने अपने वेतन से देकर यह साबित कर दिया कि राजनीति केवल सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम भी हो सकती है।

पंच प्रयाग आश्रम, न्यूरिया-महोप रोड पर स्थित है, जहां पिछले कुछ समय से एक भव्य मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। इस कार्य में सहयोग देते हुए स्वामी प्रवक्तानंद जी ने पहले ही रामनवमी के पावन अवसर पर शिलान्यास किया था और तब ही उन्होंने मंदिर निर्माण हेतु अपने वेतन से 1.25 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की थी। अब उन्होंने यह राशि ग्रामीणों को सौंपी, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

### श्रद्धालुओं ने किया अभिनंदन, लगे जयघोष



सहयोग राशि की सूचना मिलते ही वरी और सहादतगंज समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर स्थल पर पहुंचे। बेनीराम, मदनलाल, हारस्वरूप लाल, नरेश बाबू, शंकर लाल, लाखन लाल, अनोखेलाल और डॉक्टर अलीगंज सहित कई ग्रामीणों ने विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया और हर-हर महादेव तथा स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की जय के नारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

### हर जरूरतमंद के साथ खड़े रहते हैं स्वामी जी

ज्ञात हो कि स्वामी प्रवक्तानंद जी का आध्यात्मिक केंद्र श्री लकेश्वर महादेव मंदिर, खमरिया पुल के पास स्थित है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। स्वामी जी हर व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनते हैं और हरसंभव सहायता प्रदान करते हैं। बेटी की शादी हो, बीमारी में इलाज की जरूरत हो या कोई अन्य सामाजिक संकट—स्वामी जी हर वर्ग के साथ खड़े रहते हैं।

### धर्म, सेवा और राजनीति का अद्भुत संगम

विधायक होने के साथ-साथ वे एक संत, सेवाभावी और मार्गदर्शक व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने हमेशा धार्मिक स्थलों के विकास को प्राथमिकता दी है। इससे पूर्व भी वे अपने क्षेत्र में कई मंदिरों और धार्मिक स्थलों के लिए आर्थिक सहयोग दे चुके हैं। उनका मानना है कि समाज की सच्ची सेवा, धर्म और संस्कृति के संरक्षण से ही संभव है। स्वामी जी की इस उदारता और सेवा भावना से प्रभावित होकर क्षेत्रवासियों ने उनका आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि उनके सहयोग से यह मंदिर शीघ्र ही भव्य रूप लेगा तथा क्षेत्र की आस्था का केंद्र बनेगा। लोगों ने कहा कि स्वामी जी का योगदान केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बजाज फाउंडेशन द्वारा कराया जा रहा नाले की सफाई

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**



जमना लाल बजाज फाउंडेशन द्वारा एक दर्जन से अधिक नाले की सफाई का कार्य स्थानीय चीनी मिल पलिया द्वारा कराया जा रहा है। जो की चीनी मिल क्षेत्र के कई दर्जन गांवों से निकलता है जिसकी टोटल लंबाई लगभग 10 किलोमीटर लम्बा की है।जिसकी सफाई का कार्य कराया जा रहा है जिसमें लगभग 46 लाख का खर्च होने का अनुमान है। क्षेत्रीय ग्रामीणों की मांग पर चीनी मिल के इकाई प्रमुख ओ पी चौहान ने उच्चाधिकारियों से बात कर नाले की सफाई कराने का आश्वासन दिया था। जिसके सफाई कार्य का क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में चीनी मिल अधिकारियों की देख रेख में सफाई का कार्य शुरू हो गया है। युनिट हेड ओ पी चौहान, महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर ने बताया कि ग्राम पलिया खुर्द,बेहननपुरवा,धोविन पुरवा, पट्टी पतवार, बड़ागांव, अंजीर बोझ, ऐठपुर, बघुवा आदि इन गांवों में 1191किसान है। जिनके पास कुल कृषि योग्य भूमि 1547 हेक्टेयर है जिसमें से 1200 हेक्टेयर में गन्ने का रकबा है जो बाढ़ के कारण बर्बाद हो जाता है। चीनी मिल द्वारा पोकलैण्ड मशीन से नाले के सफाई का कार्य का कराया जा रहा है।नालों की सफाई हो जाने से लगभग 14 ग्रामों के कृषक लाभान्वित होंगे इस नाले के पानी से लगभग हजारों एकड़ गन्ना, मक्का, धान, गेहूं की फसल प्रभावित होती थी, जिससे कृषकों को प्रतिवर्ष लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है ज्ञात हो कि विगत वर्ष 2023 में रमैया नाले की सफाई का कार्य कराया गया था। जिसमें 14 गांवों के 2202 किसानो की 1920 हेक्टेयर भूमि जो बाढ़ से प्रभावित थी उसे सफाई कर बाढ़ से बचाया गया था, इन नालों की लंबाई 3.6 किलोमीटर थी जिसमें 167 करोड़ की लागत आई थी।2024 में बजाज फाउंडेशन की तरफ से मरौचा नाले के सफाई का कार्य कराया गया था जिसमें 14 गांवो के 3029 किसानों की 2025 हेक्टेयर भूमि जो बाढ़ से प्रभावित थी उक्त नाले की कुल लंबाई 11.5 किलोमीटर की सफाई का कार्य किया गया था जिसमें 51 लाख की लागत आई थी।इस वर्ष भी बजाज फाउंडेशन की तरफ से नालो की सफाई कार्य शुरू किया गया है जो विभिन्न 14 गांवों के 1547 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हैं इससे 1191 किसान प्रभावित हैं इसकी सफाई का कार्य जारी है जिन जिन नालों की सफाई कराई जा रही है उनकी लंबाई लगभग 10 किलोमीटर है तथा इसमें 46 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। युनिट हेड ओ पी चौहान ने बताया कि ग्रामीणों की समस्यौ को देखते हुए कंपनी ने यह कार्य कराया है जिससे क्षेत्र के किसानों में काफी खुशी है।

### धर्मांतरण मामले को लेकर गुरुद्वारे में हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नेपाल सीमावर्ती गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज, राघवपुरी और बेल्हा सहित कई गांवों में धर्मांतरण का खेल चल रहा है। लालच देकर धर्मांतरण कराने की बात सामने आ रही है। इस मामले में पुलिस धर्मांतरण करने वालों पर कार्रवाई भी कर चुकी है। सोमवार को कस्बे के ब्लॉक रोड पर स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी और प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह राना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सिख समुदाय के लोगों के साथ बैठक की। इसमें धर्मांतरण और उस पर की जाने वाली कार्रवाई को लेकर वार्ता की गई। धर्मांतरण करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाने पर बैठक में सरकार की सराहना की गई। इसके बाद संगठन के पदाधिकारी सिख समाज के लोगों के साथ पीलीभीत रवाना हो गए। बताया जा रहा संगठन बॉर्डर क्षेत्र के गांव में धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने और सख्त कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मिलेंगे। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी और सिख समाज ने हरपाल सिंह जग्गी, हरपाल सिंह राणा एवम अन्य सहयोगियों को सैकड़ों की घर वापसी कराने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष गुरदयाल सिंह, उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, जरनैल सिंह और परमजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# लिटिल एंजेल्स स्कूल के बच्चों ने किया औद्योगिक इकाइयों का शैक्षिक भ्रमण

- गोयल पैकेजिंग इंडस्ट्री और सम्राट बेकरी की कार्यप्रणाली को करीब से जाना

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



सोमवार को लिटिल एंजेल्स स्कूल द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप के अंतर्गत सोमवार को कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस दौरान बच्चों ने स्थानीय स्तर पर स्थापित दो प्रमुख औद्योगिक इकाइयों - गोयल पैकेजिंग इंडस्ट्री और सम्राट बेकरी का दौरा किया।

सबसे पहले विद्यार्थियों ने गोयल पैकेजिंग इंडस्ट्री का भ्रमण किया, जहां उन्होंने गत्ते के डिब्बे और पेपर पाउच तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। फैक्ट्री में लगी आधुनिक मशीनों की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया, टीमवर्क और कच्चे माल से तैयार उत्पाद तक की यात्रा ने बच्चों के ज्ञान क्षितिज को व्यापक किया। बच्चों ने फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों से भी जिज्ञासाएं साझा कीं, जिनका संतोषजनक उत्तर उन्हें मिला।इसके उपरांत बच्चों ने सम्राट बेकरी का भ्रमण किया, जहां उन्होंने रस्क व अन्य उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया को देखा। यहां भी बच्चों को खाद्य उत्पादों में स्वच्छता, गुणवत्ता नियंत्रण और मशीनों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

भ्रमण के अंत में गोयल पैकेजिंग इंडस्ट्री के निदेशक श्री निशांत गोयल द्वारा विद्यार्थियों के लिए स्वादिष्ट रिफ्रेशमेंट्स की व्यवस्था की गई, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। स्कूल प्रशासन ने श्री गोयल के इस सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर वास्तविक जीवन की प्रक्रियाओं से परिचित कराना था, जो सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार के अनुभव बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अचानक बारिश से सड़कों पर भरा पानी

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** कस्बा में सोमवार को हुई अचानक तेज बारिश ने नालों की बरसात से पहले साफ सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई है। अधिकांश सड़कों और कार्यालय पर जल भराव हो जाने से लोगों को संकट का सामना करना पड़ा कई घंटे इंतजार के बाद आवागमन बहाल हो सका है। स्वास्थ्य केंद्र पर नाव चलने की स्थिति होने पर दूर दराज से दवाई लेने आए मरीजों को वापस लौटना पड़ा है। सोमवार को अचानक कोई तेज बारिश ने पालिका प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। नगर की अधिकांश सड़के जलमग्न हो गई जिससे लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा है कई घंटे तक इंतजार करने के बाद यातायात बहाल हो सका है। पालिका प्रशासन की अव्यवस्थाओं को लेकर लोगों में रोष है। उनका कहना है भारी भरकम बजट होने के बाद भी पालिका प्रशासन द्वारा नगर की अपेक्षा की जा रही है जिसके चलते लोग भीषण गंदगी के बीच रहने को मजबूर है।

### वट सावित्री पूजा पर महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना की

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** ज्येष्ठ मास की अमावस्या को हिन्दू धर्म में महिलाएं अखण्ड सौभाग्य के प्रतीक वट सावित्री का व्रत रखती है इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखकर पूजा करती है। जेठ माह की अमावस्या पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ने माताओं, बहनों के वट सावित्री पूजन के लिए नगर के कई धार्मिक स्थलों पर जैसे त्रिलोक गिरि मंदिर, दुर्गा मंदिर छोटा चौराहा, शिव मंदिर, बरमबाबा मुन्नूगंज, कृष्णा वाटिका, कुम्हारन टोला ,फूलबाबाआश्रम ,मंगला देवी मंदिर, हनुमान मंदिर लखीमपुर रोड,सेठानी हाता, एवं नगर पालिका परिसर में दो स्थानों पर साफ-सफाई, बैठने व ,ठण्डा पानी,सर्बत आदि के साथ सभी स्थानों पर सुविधा के लिए कर्मचारियों को व्यवस्था जिम्मेदारी दी।पालिकाध्यक्ष ने सभी स्थानों पर स्वयं जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बताते चलें इससे पूर्व ही सभी स्थानों पर मरम्मत एवं निर्माण कार्य पालिकाध्यक्ष ने करवा दिया। जिससे कि महिलाओं को कोई भी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। और विधि विधान से पूजन अर्चन कर सकें।

### बालक ने पंखे का तार छुआ, अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** बेहजम ब्लॉक स्थित मितौली थाना क्षेत्र के टेडवा में सोमवार को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। प्रदीप मिश्रा और उनकी पत्नी वट सावित्री पूजा के लिए गांव के बाहर बट स्थान पर गए थे। इस दौरान उनका 5 वर्षीय पुत्र वैभव मिश्रा घर पर अकेला था। खेलते समय वैभव ने पंखे का तार छू लिया। करंट लगने से वह घायल हो गया। सूचना मिलते ही प्रदीप मिश्रा तुरंत घर लौटे। उन्होंने बच्चे को बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टर अनिल वर्मा बच्चे का इलाज कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वैभव अब खतरे से बाहर है। उनका इलाज जारी है और जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

### लखीमपुर खीरी में एक साल से सहायक निदेशक मत्स्य का पद खाली पड़ा है

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सोमवार मत्स्य विभाग के संगठनात्मक ढांचे में, सहायक निदेशक मत्स्य का पद है। लेकिन जनपद लखीमपुर खीरी में यह पद 30 जून 2024 से खाली है।सहायक निदेशक मत्स्य उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग का एक महत्वपूर्ण पद है, जो लखीमपुर खीरी जिले में मत्स्य विभाग की गतिविधियों का प्रबंधन और समन्वय करता है, परन्तु लगभग एक साल से यह पद रिक्त है।

# बकरी चोरों को गांववासियों ने रंगे हाथो पकड़ा



**जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी**

कस्बे से बकरी चोरी करने के दौरान कस्बेवासियों ने दो चोरो को रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.सोमवार को कस्बे के मोहल्ला झाला से बाइक पर सवार दो लोग यूनुस अंसारी का बकरा चोरी कर के ले जा रहे थे जब बकरे की आवाज सुनाई दी तभी कस्बेवासियों ने उनको दौड़ा कर पकड़ लिया पकड़े गए चोरो ने करन पुत्र रामकिशोर का नाम जो उसके बकरा, चोरी किया करता था जिसके बाद सूचना पर पहुंची दोनों को पुलिस थाने ले आई। पूछताछ के दौरान चोरों ने अपने नाम दया प्रकाश पुत्र बाबू, कपिल पुत्र राम किशोर निवासी झंडी बाजार थाना निघासन बताए हैं। कस्बेवासियों ने बताया कि कुछ ही दिनों में दो दर्जन से अधिक बकरे चोरी हो चुके हैं। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी पहले भी चोरी की घटनाएं कर चुके हैं।

# जयंती समारोह में सम्राट अशोक के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी मानव कल्याण संस्थान के तत्वाधान में महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर उनके बताये सिद्धांतों का अनुसरण करने और पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। पदाधिकारियों ने निर्माणाधीन अधूरे भवन को पूरा करने का बीड़ा उठाया है।

नगर सीमा से सटे गांव लक्ष्मणजती में निजी निर्माणाधीन संस्थान भवन पर मनायी गयी सम्राट अशोक जयंती का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसपा जिला महासचिव राधेश्याम कश्यप, संस्थान के संरक्षक रामकुमार मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुमार मौर्य, महामंत्री जगवीर सिंह कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि श्री कश्यप ने चक्रवर्ती सम्राट के राष्ट्र और समाज हित में किये गये कार्यों का बखान किया।

वक्ताओं शिवप्रसाद मौर्य, शिवसागर कुशवाहा, राजा राम मौर्य, शिशुपाल कुशवाहा, सुखपाल सिंह कुशवाहा, मेवालाल मौर्य ने सम्राट अशोक के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए सबसे ज्यादा जोर दिया कि संस्थान के निजी भवन का निर्माण चल रहा है,

उसको जल्द से जल्द तैयार करने के लिए ज्यादा से ज्यादा धन सहयोग करने के लिए समाज के लोगो से अपील की, ताकि अगले वर्ष का समारोह छत पड़ने के बाद भवन के अंदर मनाया जा सके।

जयंती समारोह में सुनील मौर्य, नारेन्द्र कुशवाहा, जनार्दन मौर्य, उत्तम मौर्य, सत्यपाल कुशवाहा, कौशल मौर्य, टीटू कुशवाहा, रामलाल मौर्य, राजेश मौर्य, मीडिया प्रभारी कामता सिंह कुशवाहा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। संचालन रामकुमार मौर्य ने किया।

# विराट नारी उत्कर्ष समारोह के लिए गायत्री परिवार की संकल्प गोष्ठी

- गायत्री शक्तिपीठ पहुंचे 11 जिलों के कार्यकर्ता, शांतिकुंज और प्रांतीय प्रतिनिधियों ने दिया संबोधन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**




अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा अक्टूबर माह के अंत में लखीमपुर में होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह के लिए रविवार को लखीमपुर के गोला रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में संकल्प गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद लखीमपुर खीरी के अतिरिक्त सीतापुर, लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, बहराइच, बस्ती, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, बरेली जनपदों के गायत्री परिवार की महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। गोष्ठी को शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि आशीष कुमार सिंह, उ0प्र0 प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के जयप्रकाश वर्मा, प्रभाकर सक्सेना और अयोध्या जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी ने संबोधित कर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा और योजना प्रस्तुत की। आशीष सिंह ने बताया यह पांच दिवसीय कार्यक्रम आवासीय एवं शिविरात्मक होगा जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से पूर्व चयनित एवं पंजीकृत महिलाओं एवं कन्याओं को विभिन्न प्रेरक प्रशिक्षण दिए जाएंगे । कार्यक्रम से प्रेरणा पाने के लिए समीपवर्ती जनपदों के महिला प्रतिनिधि मंडल भी इसमें भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के निमित्त 15 जुलाई को गायत्री परिवार लखीमपुर खीरी की महिला टीम शांतिकुंज हरिद्वार जाएगी जहां से शांतिकुंज द्वारा हस्तांतरित ज्ञान यज्ञ की शक्ति मशाल जिले में लाई जाएगी। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया को संकल्प गोष्ठी में गंगासागर वर्मा, अतुल सिंह, संदीप जायसवाल, सूरज सिंह, मनीराम वर्मा, दधिबलि सिंह, सुनील जायसवाल, माया वर्मा, संदीप चौधरी आदि जनपदीय प्रतिनिधियों ने अपने विचार और संकल्प प्रस्तुत किए। ढपली संगीत की पीतवस्त्रधारी छात्राओं ने ढपली के साथ बहुत सो चुकीं अब तो जागो ओ नारी कल्याणी समूहगान प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने खूब सराहना की। इस दौरान गायत्री परिवार लखीमपुर के उदय सिंह, सत्य नारायण वर्मा, मुरलीधर मौर्य, मधु तिवारी, लक्ष्मी नारायण वर्मा, सुगंधा शुक्ला, मुरलीधर वर्मा, दामोदर वर्मा, रामेश्वर प्रसाद, आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से वृद्धा की मौत, लगाया जाम

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** महमूदाबाद के बिलौली-तेतारपुर मार्ग पर रविवार को मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर एक वृद्धा की मौत हो गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने मार्ग पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तेतारपुर गांव निवासी राजेश्वरी (60) रविवार सुबह रिश्तेदारी से अपने घर जा रही थीं। बिलौली-तेतारपुर संपर्क मार्ग पर छोटा धौरहरा गांव के पास सामने से आ रही मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रॉली पर लदी मिट्टी बिलौली गांव स्थित एक ईंट-भट्ठे पर जा रही थी। ईंट-भट्ठा एक पूर्व चेयरमैन का बताया जा रहा है। राजेश्वरी के पति ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर किशोर चला रहा था। हादसे के बाद वह ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर भाग गया। हंगामे की जानकारी पाते ही मौके पर काफी फोर्स पहुंच गई। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने बताया कि कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह लोगों को शांत कराया गया। बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सचिव का तबादला रुकवाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा

**जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी।** इलाके की नौरंगाबाद बी पैक्स साधन सहकारी समिति में कार्यरत सचिव के तबादले से गुस्साए किसानों ने समिति पर पहुंचकर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही सचिव का तबादला रुकवाने के लिए अध्यक्ष को ज्ञापन भी सौंपा। गौरतलब है कि नौरंगाबाद बी पैक्स साधन सहकारी समिति के सचिव राजकुमार राना की तैनाती जसनगर बी पैक्स साधन सहकारी समिति में है उनके पास नौरंगाबाद की समिति का अतिरिक्त प्रभार है। पिछले दिनो सहकारी आयुक्त एवं सहकारी निबंधक रजनीश प्रताप सिंह ने तबादला करते हुए राजकुमार राना का अतिरिक्त प्रभार समाप्त करते बेला परसुआ में तैनात सचिव कृपाशंकर।

# गोरखपुर GST ने स्क्रैप लदीं छह गाड़ियां पकड़ीं, 150 दिन में स्क्रैप की 125 गाड़ियों पर हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर




फर्जी ई-वे बिल के जरिये धंधेबाज सरकार के राजस्व को चूना लगा रहे हैं, इसलिए अब सख्ती शुरू हो गई है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की टीम ने पांच महीनों में स्क्रैप लदीं 125 गाड़ियां पकड़ी हैं। इन गाड़ियों पर तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।
वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की टीम ने शनिवार को देवरिया के हेतिमपुर के पास से छह गाड़ियां पकड़ीं। इन सभी गाड़ियों पर लोहे का अवैध स्क्रैप लदा था। ये गाड़ियां बिहार से पंजाब जा रही थीं। जांच में पता चला है कि धंधेबाजों की फर्जी ई-वे बिल के जरिये हरियाणा में स्क्रैप खपाने की तैयारी थी। टीम ने गाड़ियों को सीज करते हुए 20 लाख रुपये की कर चोरी निर्धारित की है। जीएसटी की एक टीम पंजाब जाकर जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी। गाड़ियों को स्क्रैप संग सीज कर दिया गया है। ज्वाइंट कमिश्नर रेंज बी, एसआईबी प्रदीप सोनी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बिहार से स्क्रैप लदीं गाड़ियां कुशीनगर और देवरिया के रास्ते गोरखपुर से होकर आगे जाएंगी। इसी सूचना पर उन्होंने अपनी टीम के साथ घेराबंदी की। शाम को हेतिमपुर के पास आगे-पीछे छह ट्रक आते दिखे। रोककर पूछने पर गाड़ी से किसी भी स्क्रैप के सामान के संबंध में उचित कागजात नहीं मिले सके। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ गाड़ियों से ई-वे बिल तो थे, लेकिन उनके फर्म के प्रमाण नहीं मिले। ऐसे में टीम इन प्रपत्रों की जांच करने और ई-वे बिल की सत्यता की जांच करने के लिए संबंधित पते पर जाएगी। प्रथमदृष्ट्या प्रपत्र फर्जी लग रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गाड़ी पर लगभग दो से तीन लाख रुपये का स्क्रैप लदा था। लोहे के स्क्रैप के धंधेबाजों का जाल बिहार से लेकर पंजाब समेत अन्य राज्यों तक फैला है। फर्जी ई-वे बिल के जरिये धंधेबाज सरकार के राजस्व को चूना लगा रहे हैं, इसलिए अब सख्ती शुरू हो गई है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की टीम ने पांच महीनों में स्क्रैप लदीं 125 गाड़ियां पकड़ी हैं। इन गाड़ियों पर तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। लंबे समय बाद गोरखपुर मंडल में स्क्रैप के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कुशीनगर में बीते नौ अप्रैल को एक साथ 12 गाड़ियों को स्क्रैप के साथ जीएसटी की टीम ने पकड़ा था। सभी गाड़ियों पर संबंधित थाने में केस भी दर्ज किया गया था। जीएसटी के मुताबिक, शनिवार को पकड़ी गई सभी गाड़ियों से मिले कागजात में फर्में बोगस थीं, जिनपर ई-वे बिल बनाकर स्क्रैप के धंधे को चलाया जा रहा था। कई स्क्रैप के कागजात में ई-वे बिल भी नहीं था।
जीएसटी के अधिकारियों को सूचना मिली कि बिहार से स्क्रैप लेकर ये गाड़ियां पूरे प्रदेश में जाती हैं। प्रवेश गोरखपुर से होता है। इसी सूचना पर एसआईबी की टीम ने घेराबंदी कर बिहार से कुशीनगर या देवरिया से होकर आने वाले रास्तों पर निगरानी तेज कर दी। सूत्रों ने बताया कि बिहार के धंधेबाज की मुखबिरी के आधार पर जीएसटी विभाग की एक टीम इस अभियान में लगी थी। टीम में शामिल अधिकारियों ने पांच महीने पहले गोपनीय तरीके से अपना परिचय लोहे के बड़े सरिया कारोबारी के रूप में कुशीनगर के एक धंधेबाज से कराया था। उनकी बात और डिमांड से सहमत होकर धंधेबाज ने मुलाकात बिहार के बड़े धंधेबाज से कराई थी। इसी इनपुट के आधार पर टीम ने कुशीनगर और देवरिया के रास्तों पर अपनी टीम निगरानी के लिए लगा दी थी। इसी आधार पर टीम ने जनवरी से अभी तक लगातार 125 गाड़ियों को पकड़ जब्त किया।

## किशोरी से यौन शोषण, आरोपी ने वायरल कर दिया वीडियो

जन एक्सप्रेस । देवरिया

थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी का यौन शोषण करने के बाद वीडियो वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि जन एक्सप्रेस नहीं करता है।
जानकारी के अनुसार, लारक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला 16 वर्षीय बेटी के साथ घर पर रहती है। उसने तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव का एक युवक बेटी को रास्ते में रोक परेशान करता था। विरोध करने अपशब्द का प्रयोग करता है। दो दिन पहले शाम करीब सात बजे बेटी घर से घोठा पर जा रही थी। तभी आरोपी युवक ने बेटी को पकड़ लिया। मुंह दबाका जबरदस्ती यौन शोषण किया। घर जाकर बताने पर जान से मारने की धमकी दी। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं होगा: एस.पी. मिश्रा

### यूपी मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की पहली बैठक में पत्रकार एकता का दिखा अद्भुत उदाहरण

जन एक्सप्रेस । बहराइच



उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति, बहराइच की पहली बैठक बहराइच में वरिष्ठ पत्रकार एस.पी. मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्याम करण टेकरीवाल उपस्थित रहे। अध्यक्ष एस.पी. मिश्रा ने उन्हें चांदी की प्रतिमा भेंट कर माल्यार्पण करते हुए जोरदार स्वागत किया।
बैठक में जनपद बहराइच के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। सभी पत्रकारों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान **पत्रकार एकता जिंदाबाद** के नारों से माहौल गूंज उठा।
अपने उद्बोधन में समिति के अध्यक्ष श्री एस.पी. मिश्रा ने दो टूक कहा कि ÷पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी पत्रकार के साथ अन्याय होता है तो पूरा पत्रकार समाज एकजुट होकर उसका विरोध करेगा और कानूनी लड़ाई लड़ेगा।
बैठक में पत्रकार संजय कुमार कश्यप, विष्णु भैया, अमर नाथ पाण्डेय, विवेक शुक्ला, बाबू खान, अब्दुल नासिर, रामेश्वर सिंह भदौरिया, दीनू मिश्रा, आमिर अली, प्रीतम सिंह, शिवम सिंह, दीपांशु वर्मा, अनुज जायसवाल, रामसखी वर्मा, बृजेश कुमार, जुनेद बेग, डीएस मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, वीरेन्द्र कुमार राव, शाहिद सईद खान, मोहम्मद अली, जियाउद्दीन अंसारी, पिंकी सिंह, आफरीन, विनय रस्तोगी, जयचंद सोनी, आरिफ, विष्णु प्रताप, नूर आलम सिद्दीकी, मोहम्मद नजीर खान, मानष सूर्यवंशी, आदित्य प्रताप सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, आलोक श्रीवास्तव, पिंटू सोनी, आशीष वर्मा, हरिनारायण चौहान, अजीज अहमद, अभिषेक सिंह, अब्दुल्ला खान, शाहबाज खान, दिलशाद, इसराइल खान, अशोक कुमार, संतोष कुमार मिश्र सहित कई अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे। यह बैठक पत्रकारों की एकजुटता और संगठन की शक्ति का प्रतीक बनी, जिससे स्पष्ट संदेश गया कि अब किसी भी प्रकार की पत्रकार उत्पीड़न की घटनाएं चुपचाप नहीं सहे जाएंगी।

# मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान, पुरस्कार पाकर खिले छात्रों के चेहरे

जन एक्सप्रेस । बहराइच



कैसरगंज स्थित उस्मानिया इस्लामिक स्कूल में मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक हाजी रईस अहमद ने की, जबकि संचालन का दायित्व डॉक्टर अरशद रईस ने निभाया।
समारोह के मुख्य अतिथि कैसरगंज विधायक आनन्द कुमार यादव रहे, जिन्होंने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे और माहौल उत्साहपूर्ण बन गया। इस अवसर पर डॉक्टर अरशद रईस ने छात्रों के अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों को आगे भी पढ़ाई में मेहनत करने और कठिन परिश्रम से सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करें। मुख्य अतिथि आनन्द कुमार यादव ने अपने संबोधन में सभी मेधावी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें इस गरिमामयी कार्यक्रम में शामिल होकर छात्रों से संवाद का अवसर मिला। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रईस अहमद, डॉक्टर असद रईस, अबसार अहमद, मौलाना सलाउद्दीन, मौलाना अल्ताफ अहमद, मौलाना ज़ाकिर, अरुण यादव, रोशनी बेगम, कैसरुन बेगम, मारिया खातून, हेमन्त वर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नकाबपोश की कद-काठी की जानकारी जुटा रही पुलिस

जन एक्सप्रेस । देवरिया

पुलिस नकाबपोश के कद-काठी की जानकारी जुटाने में लगी है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस तेज बहादुर उर्फ राजन यादव की कत्ल के दौरान मौजूद लोगों से नकाबपोश के कद-काठी और हुलिया की जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा हिरासत में लिए गए दोनों नामजद आरोपियों के सहारे नकाबपोश तक पहुंचने की कोशिश में लगी है। उधर, पुलिस आसपास जनपदों और बिहार के शॉर्प शूटरों की कुंडली भी खंगाल रही है। बावजूद इसके पुलिस के हाथ ठोस साबूत नहीं लग पाया है। बता दें कि बृहस्पतिवार की रात तेज बहादुर उर्फ राजन यादव की कत्ल के दौरान प्रत्यक्षदर्शी के रूप में दूल्हे के पिता दीपक गिरी सहित अन्य कुछ लोग मौजूद थे। हालांकि, उनका कहना है कि नकाबपोश का सिर्फ आंख दिखाई दे रहा था। बाकी शरीर और चेहरा काले कपड़े से ढका हुआ था।

# बढ़नी स्टेशन पर ब्लॉक...31 मई से 3 जून तक कई ट्रेनें निरस्त

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर




रेलवे प्रशासन ने परिचालनिक सुगमता के लिए बैतालपुर-गौरी बाजार खंड की अप लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य के कारण आज ब्लॉक लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि ब्लॉक के चलते 26 मई को चलने वाली दो विशेष ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।
पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार के तहत बढ़नी स्टेशन पर वाशिंग पिट की कमीशनिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य करेगा। इस कारण ब्लॉक लिया गया है। 31 मई से 3 जून तक कई सवारी और डेमू ट्रेनें निरस्त रहेंगी। दो विशेष और दो सवारी गाड़ियां दो से 2:15 घंटे की देरी से चलेंगी।
यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार ने दी है। **इन विशेष और सवारी गाड़ियों का समय बदलाः** 05132 बहराइच-गोरखपुर विशेष गाड़ी 31 मई को बहराइच से 150 मिनट देरी से और 15131 गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस 31 मई को गोरखपुर से 120 मिनट की देरी से चलेगी।
इसी तरह 75107 नकहा जंगल-गोंडा डेमू 31 मई को नकहा जंगल से 120 मिनट देरी से और 55074 बढ़नी-गोरखपुर एक जून को गोरखपुर से 120 मिनट देरी से चलेगी।
दो विशेष ट्रेनें आज बदले मार्ग से चलेंगी रेलवे प्रशासन ने परिचालनिक सुगमता के लिए बैतालपुर-गौरी बाजार खंड की अप लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य के कारण आज ब्लॉक लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि ब्लॉक के चलते 26 मई को चलने वाली दो विशेष ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।
गाड़ी संख्या 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट से चलेगी। गाड़ी संख्या 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट से चलेगी।

# ढ़ाई वर्ष के बच्चे के साथ मनबढ़ ने ऐसा क्या किया...दो गांव आमने-सामने, थाने में हंगामा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



शाम के समय बनगाई टोला रकसड़वा गांव के कुछ युवक छिपकर शराब पीने आते हैं। शनिवार शाम पांच बजे छह युवक रिंग रोड के पास पहुंचे तो नरायनपुर गांव के छोटे-छोटे बच्चे वहीं खेल रहे थे। बच्चों को डांटकर किसी युवक ने भगाने की कोशिश की तो एक बच्चे ने जवाब दे दिया। इससे नाराज मनबढ़ ने ढाई वर्षीय सिद्धार्थ को पीट दिया।
इलाके के नरायनपुर टोला मोहम्मदपुर में शनिवार शाम मनबढ़ युवकों ने ढाई वर्ष के बच्चे को थप्पड़ मार दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि दो गांव रकसड़वा और मोहम्मदपुर के ग्रामीण आमने-सामने आ गए। आरोप है कि रविवार को बीट सिपाही की मौजूदगी में रविवार सुबह बनगाई टोला रकसड़वा गांव के मनबढ़ युवकों ने रास्ते से गुजर रहे दूसरे गांव के लोगों को बगीचे के पास घेरकर बुरी तरह मारे-पीटे। एक महिला समेत पांच का सिर फट गया। घायलों में दो को गंभीर चोट लगी है। पुलिस की मौजूदगी में पिटाई से नाराज ग्रामीणों ने गुलरिहा थाना परिसर में पुलिस के विरोध में जमकर हंगामा किया। उसके बाद नरायनपुर गांव के दर्जनों महिलाएं व युवक गोरखपुर-महराजगंज फोरलेन जाम कर दिया। करीब 10 मिनट तक सड़क पर हंगामा चलता रहा। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को हटाया और आवागमन शुरू कराया।जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के नरायनपुर टोला मोहम्मदपुर गांव के बगल से रिंग रोड का निर्माण हो रहा है। शाम के समय बनगाई टोला रकसड़वा गांव के कुछ युवक छिपकर शराब पीने आते हैं। शनिवार शाम पांच बजे छह युवक रिंग रोड के पास पहुंचे तो नरायनपुर गांव के छोटे-छोटे बच्चे वहीं खेल रहे थे। बच्चों को डांटकर किसी युवक ने भगाने की कोशिश की तो एक बच्चे ने जवाब दे दिया। इससे नाराज मनबढ़ ने ढाई वर्षीय सिद्धार्थ को पीट दिया। उलाहना देने बच्चे के मामा विंद्रेश गया तो उसको पीटते हुए मनबढ़ अपने गांव उठा ले गए। गांव निवासी सचिन छुड़ाने गया तो मनबढ़ ईंट से सिर फोड़ दिए। उसके बाद दोनों गांव के बीच तनाव इतना बढ़ गया कि रकसड़वा के मनबढ़ रात आठ बजे गांव में घुसकर उत्पात मचाने लगे।
इतना ही नहीं रविवार सुबह नरायनपुर टोला मोहम्मदपुर निवासी भोला अपने मित्र बृजमोहन के साथ अपनी बुआ सीमा को घर छोड़ने जा रहा था। आरोप है कि मनबढ़ों ने बंगला गांव के पास बगीचे में तीनों को मारपीट कर घायल कर दिया।

## हड़ताल से पहले ही लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति

जन एक्सप्रेस । देवरिया

निजीकरण के विरोध में बिजली निगम कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल के पहले ही रुद्रपुर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शनिवार की रात से ही नगर के खजुहा ट्रांसफॉर्मर से तीन वार्डों में बिजली सप्लाई बंद हो गई। इससे तपती गर्मी में लोग बिलबिला गए। घरों की टंकी में पानी खत्म होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई। कस्बा के खजुहा चौराहे से नगर के मलह टोली वार्ड, भरटोला वार्ड और दुग्धेश्वरनाथ वार्ड में करीब पांच सौ घरों में बिजली आपूर्ति होती है। दो दिन पहले ट्रांसफॉर्मर जलने पर नगर पंचायत के मोबाइल ट्रांसफॉर्मर से आपूर्ति शुरू की गई। शनिवार की रात मोबाइल ट्रांसफॉर्मर से सप्लाई तार में फाल्ट हो गया। दोबारा लगाने पर ट्रांसफॉर्मर जल गया। रविवार की सुबह10 बजे के बाद जागा बिजली निगम ने ट्रांसफॉर्मर बदलने की कार्रवाई शुरू की।

# छात्रा से दुष्कर्म की पुष्टि, शिक्षक का दर्ज होगा बयान

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कसया थाना क्षेत्र के एक कॉलेज में छात्रा के साथ शिक्षक ने दुष्कर्म किया था। विभागीय जांच में इसकी पुष्टि हो गई है, इसमें आउटसोर्सिंग पर तैनात एक परिचारक की भूमिका भी संदिग्ध मिली है।
परिचारक घटना के बाद से कॉलेज में आया नहीं है और जारी नोटिस का भी जवाब नहीं दिया है। डीआईओएस को जांच टीम ने रिपोर्ट सौंप दी है। जेल में बंद आरोपी शिक्षक का बयान दर्ज करने तीन सदस्यीय जांच टीम जाएगी।
कसया थाना क्षेत्र के एक कॉलेज में तैनात शिक्षक मैनुद्दीन अंसारी ने इंटर की छात्रा के साथ कॉलेज के एक कमरे में दुष्कर्म किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सात अप्रैल की रात को वॉयरल होने लगा। आठ अप्रैल को कॉलेज के छात्र, गांव वाले और एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर हाईवे का एक लेन जाम कर दिया था। पुलिस इस मामले में छात्रा के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। डीएनए जांच के लिए सैंपल निकलवाने के बाद आरोपी शिक्षक को पुलिस को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इस मामले में डीआईओएस ने तत्काल प्रभाव से प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया और विभागीय जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दिया, जबकि प्रबंधकीय समिति ने आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया। मामले की जांच कर रही तीन सदस्यीय टीम की जांच में शिक्षक की ओर से किए गए दुष्कर्म की घटना सही मिली है। शिक्षक व कॉलेज के अन्य कर्मचारियों की ओर से दिए गए बयान में बताया गया है कि छात्रा के साथ दुष्कर्म या गलत संबंध की जानकारी किसी को नहीं थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वॉयरल होने के बाद जानकारी हुई, कॉलेज में तैनात परिचारक सलमान खुर्शीद की भूमिका पूरे प्रकरण में संदिग्ध है, क्योंकि घटना के बाद से वह कॉलेज आना बंद कर दिया है। दो बार प्रधानाचार्य की ओर से नोटिस भी जारी किया गया है। सौंपी गई जांच रिपोर्ट में कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा को निर्दोष बताया गया है। जेल में बंद आरोपी शिक्षक से जांच टीम जेल में बयान दर्ज करने जाने की तैयारी में है।

## जहरीला पदार्थ खाने से बुजुर्ग की मौत

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कस्बा निवासी एक बुजुर्ग ने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होने परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार को उनके बेटी की शादी है। कस्बा के वार्ड नंबर दो डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर निवासी 60 वर्षीय मुनेब शनिवार को बागीचे की तरफ से गए थे। वहीं वे जहरीला पदार्थ खा लिए। कुछ देर बाद वे बागीचे में शोर मचाकर कहने लगे कि वे जहरीला पदार्थ खा लिए हैं। वहां मौजूद युवक उन्हें पकड़कर घर लाए और परिजनों को जहीराला पदार्थ खाने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उन्हें मथौली सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर रेफर कर दिया।

## पोखरभिंडा में कलश यात्रा के साथ रुद्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

पोखरभिंडा गांव में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय रुद्र चंडी महायज्ञ के लिए रविवार को ग्यारह सौ कन्याओं संग कलशयात्रा निकाली गई। हाथी-घोड़े व गाजे-बाजे के बीच निकली कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। सुबह आठ बजे यज्ञाचार्य पंडित नरसिंह तिवारी ने नौ यजमानों से महायज्ञ के निमित्त यज्ञभूमि का पूजन कराकर ग्यारह सौ कन्याओं संग कलश यात्रा का शुभारंभ कराया। शिव घोष के साथ कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर रुदवलिया, बसडीला पांडेय, रावतपार, डिग्री, पुरंदरपुर महासोन, महुअवां कारखाना, पोखरा टोला होते हुए खरदर पुल के पास घाघी नदी के तट पर पहुंचा। वहां घाघी नदी का पवित्र जल कलश में भरा गया। कलश यात्रा पुनः हनुमान मंदिर स्थित महायज्ञ स्थल पहुंचीं, जहां मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान के साथ कलशों को यज्ञमंडप में स्थापित कराया गया। समिति के अध्यक्ष पूर्व ग्राम प्रधान इंद्रदेव सिंह प्रेमी ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक पूजन कार्यक्रम। 1:30 से 5 बजे तक वीरेंद्र तिवारी कथा सुनाएंगे। रात 8 से 12 बजे तक रामलीला का मंचन होगा। पूर्णाहुति एवं महाभंडारा 2 जून को होगा। कलश यात्रा में जगरोशन पांडेय, ग्राम प्रधान रामनगिना प्रसाद, योगेन्द्र यादव, सुभाष पांडेय, गौरीशंकर पांडेय, उत्तम सिंह, रामायण यादव, रामदास सिंह, डॉ. प्रभुनाथ सिंह, मार्कंडेय प्रसाद, रामनारायण पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । देवरिया

खामपार थाना क्षेत्र के बनकटा शंभू के युवक की मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शुक्रवार को वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। रविवार शव गांव पहुंचने पर अंतिम संस्कार छोटी गंडक नदी के तिरमुहानी घाट पर कर दिया गया। बनकटा शंभू निवासी नागेंद्र यादव (32) पुत्र शिवनाथ ग्वालियर में एक कंपनी में काम करता। पत्नी पूनम देवी और परिजनों का रोते-रोकर बुरा हाल है। मृतक नागेंद्र के एक पुत्र पीयूष और पुत्री रोशनी है।

# गोरखपुर में मिलावट का धंधा: एक क्विंटल 40 किलो मिलावटी पनीर जब्त, खलीलाबाद में खजनी का बना पनीर खप रहा था

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

भटहट, खजनी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह मिल्क पाउडर, रिफाइंड व अन्य केमिकल से धंधेबाज कृत्रिम पनीर बना रहे हैं। आए दिन इस तरह का खराब पनीर पकड़ा भी जा रहा है। धंधेबाजों ने इस कृत्रिम पनीर को गोरखपुर के अलावा पड़ोसी जिलों में भी बेचना शुरू कर दिया है। रविवार को संतकबीरनगर के सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार के नेतृत्व में टीम खलीलाबाद के आजाद चौक पहुंची।
मिलावटखोरों ने अपने धंधे का जाल अगल-बगल के जिलों में भी फैला रखा है। रविवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पड़ोसी जिला संतकबीरनगर के मुख्यालय खलीलाबाद के आजाद चौक पर एक दुकान में छापा मारा तो वहां से खजनी में बना पाउडर वाला मिलावटी पनीर पकड़ा गया।
खजनी के ही दो लोग वहां ले जाकर इसे बेच रहे थे। इनसे एक क्विंटल 40 किलो मिलावटी पनीर जब्त कर नष्ट कराया गया। इस पनीर के दो नमूने भी जांच के लिए भेजा गया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद अब गोरखपुर के खाद्य सुरक्षा विभाग ने भी जांच के निर्देश दिए हैं।
जिले के पिपराइच, भटहट, खजनी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह मिल्क पाउडर, रिफाइंड व अन्य केमिकल से धंधेबाज कृत्रिम पनीर बना रहे हैं। आए दिन इस तरह का खराब पनीर पकड़ा भी जा रहा है। धंधेबाजों ने इस कृत्रिम पनीर को गोरखपुर के अलावा पड़ोसी जिलों में भी बेचना शुरू कर दिया है।



रविवार को संतकबीरनगर के सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार के नेतृत्व में टीम खलीलाबाद के आजाद चौक पहुंची। वहां पटरी पर दुकान लगाकर पनीर बेच रहे दो दुकानदारों से कुल एक क्विंटल 40 किलो पनीर बरामद किया गया। दुकानदारों ने बताया कि यह पनीर वे गोरखपुर जनपद के खजनी तहसील क्षेत्र के भैंसा बाजार से लाए थे।
सहायक आयुक्त ने बताया कि पनीर बेच रहे देवेंद्र कुमार और अंकित यादव खजनी के रहने वाले हैं। पनीर से दुर्गंध आ रही थी। पनीर में फैट नहीं पाया गया। जांच टीम ने पनीर को नष्ट करा दिया। पनीर के दो सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया है।
इस दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश कुमार, सच्चिदानंद गुप्ता आदि मौजूद रहे। गोरखपुर के सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि खजनी इलाके में पहले भी जांच की जा चुकी है। अंतर जनपदीय टीम भी वहां से सैंपलिंग कर चुकी है। खलीलाबाद में पकड़े गए पनीर के बाद फिर खजनी क्षेत्र में पनीर बनाने वालों की जांच की जाएगी।

# सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखकर किया वट वृक्ष की पूजा-अर्चना

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में सोमवार को वट सावित्री व्रत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह व्रत सावित्री और सत्यवान की पौराणिक कथा से जुड़ा है। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीर्घायु की कामना के साथ वटवृक्ष का पूजन अर्चन किया।

जानकारी के अनुसार 25 मई को जिलेभर में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्षों का पूजन अर्चन किया। पौराणिक कथा के अनुसार आज ही के दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस पा लिया था और यह घटना वट वृक्ष के नीचे हुई थी। तभी से यह परंपरा चल पड़ी कि महिलाएं इस दिन व्रत रखें और वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य, सुख-शांति और दांपत्य जीवन में मजबूती आती है।

सोमवार को बलरामपुर जिले भर की सुहागिन महिलाओं ने पीले रंग के वस्त्र पहनें और सोलह श्रृंगार करके पूजा की थाली में हल्दी, कुमकुम, अक्षत, सिंदूर, जल, फल, मिठाई और कच्चा सूत शामिल कर बरगद के पेड़ की विधिपूर्वक पूजा की। पूजा के बाद महिलाओं ने कच्चा सूत लेकर वट वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा कर वट वृक्ष पर सूत लपेटे।

वट सावित्री व्रत प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास में कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। सबसे खास बात यह रही कि इस बार वट सावित्री व्रत सोमवार को पड़ा, जिससे यह सोमवती अमावस्या भी बनी। यह संयोग अत्यंत दुर्लभ और सौभाग्यशाली माना जाता है।

# अहिल्याबाई होल्कर का जीवन प्रेरणाप्रद: पल्टूराम

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के सदर विधानसभा बलरामपुर में सोमवार को पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित किया गया सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी रहे।

सम्मेलन में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, सदर विधायक पल्टू राम, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्तगंज हेमंत जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गोविन्द सोनकर, जिला पंचायत सदस्य राकेश पासवान, संजय शुक्ला, वीरेंद्र मिश्रा, लकी गिरी, प्रधान संघ अध्यक्ष शशि भूषण शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह, जिला मंत्री अवधेश तिवारी, सूरज सोनकर मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू तिवारी, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा झूमा सिंह, पूर्व जिला महामंत्री वंदना पासवान, विजय त्रिपाठी, शशिकांत त्रिपाठी, महेश मिश्रा, बाबू मिश्रा, अनूप मिश्रा, सियानंद वर्मा, राकेश गुप्ता, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के पूर्व अहिल्याबाई बाई होल्कर के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर ने देश ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को संजोने का कार्य किया। उन्होंने अपने जीवन में देशभर में हजारों मंदिरों का, घाटों का और विश्रामालय का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कराया, 29 वर्ष की आयु में पति की मृत्यु होने के पश्चात उन्होंने सती प्रथा का विरोध किया, 11 दिसंबर 1767 को राज्याभिषेक के बाद अहिल्याबाई ने होलकर समाज की संपत्तियों को भगवान शिव को अर्पित किया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया। इनमें गुजरात का सोमनाथ मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और बद्री केदारनाथ धाम प्रमुख हैं। विशेष रूप से 1776 में औरंगजेब द्वारा नष्ट किए गए काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और 1785 में बद्री-केदारनाथ धाम में पूजन व्यवस्था की स्थापना उनकी प्रमुख उपलब्धियां रहीं। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक पल्टू राम ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित है उन्होंने विषमता परिस्थितियों में सत्ता संभालते हुए कुशलता पूर्वक अनेक सेवा के कार्य किया उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने देश की महान विभूतियों को इतिहास के पन्नों से गायब कर दिया आज भाजपा सरकार ऐसे महान विभूतियों को सम्मान देने का कार्य किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी ने आये हुए सभी अतिथियों और ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन का समापन किया।

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद के औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा लक्ष्मी मेडिकल स्टोर अयोध्या रोड मीरानपुर अकबरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के रख रखाव की जांच की गई एवं अभिलेखों की भी जांच की गई, जांच के दौरान कुछ औषधियों के क्रय अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किया गया जिनको प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

विक्रय अभिलेख नियमित जारी करने के लिए कड़े निर्देश दिये एवं नारकोटिक युक्त औषधीय को बिना डॉक्टर के पर्चे के न देने के भी निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान कैमरे की जांच की गई कैमरा नहीं पाया गया मेडिकल स्टोर से संदिग्ध प्रतीत हो रही 03 औषधियों का नमूना संकलित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# सेवा भारती बलरामपुर एवं नंदिनी नगर की कार्यकारिणी का हुआ गठन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के भगवतीगंज स्थित धर्मशाला में रविवार शाम सेवा भरती गोंडा विभाग की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से बलरामपुर तथा नंदिनी नगर की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जानकारी के अनुसार 25 मई 2025 की शाम सेवा भारती गोंडा विभाग की संगठनात्मक बैठक बलरामपुर नगर के भगवतीगंज स्थित धर्मशाला में सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में बलरामपुर, एवं नंदिनीनगर जिले की नई कार्य कारिणियों का गठन करते हुए समाज सेवा की योजनाओं की समीक्षा और आगामी कार्यनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया । बैठक का संचालन विभाग महामंत्री बी डी जायसवाल ने की एवं अध्यक्षता सेवा भारती गोंडा विभाग के अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता ने किया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रान्त संगठन मंत्री भास्कर ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में विभाग उपाध्यक्ष उमेश चंद्र अग्रवाल, विभाग संगठन मंत्री आनन्द, सीमा जागरण मंच के पूर्व प्रान्त मंत्री राम कृपाल, गोण्डा के जिलाध्यक्ष नवल किशोर, उपाध्यक्ष एस एन सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और संगठन मंत्र से हुई। मुख्य वक्ता भास्कर ने अपने संबोधन में सेवा भारती की स्थापना से लेकर आज तक के कार्यों का व्यापक चित्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि ÷सेवा भारती समाज के उन वर्गों के बीच कार्य करती है जो मुख्यधारा से कटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बिना भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, स्वावलंबन एवं संवेदनशीलता की भावना को पहुंचाना है।




बलरामपुर ज़िला कार्यकारिणी (घोषित) सेवा भारती के द्वारा बलरामपुर के लिए नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक श्याम सुंदर केसरवानी एवं सोमई प्रसाद यादव, जिला अध्यक्ष रुपेश मिश्रा, उपाध्यक्ष सौरभ एवं सुनीता, महामंत्री अमन कुमार चौहान, मंत्री विनय सिंह, हरेंद्र पांडे व फूलचंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र माहेश्वरी, स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ. विजय कुमार पांडे, शिक्षा आयाम प्रमुख सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, सामाजिक आयाम प्रमुख अजयवीर, प्रचार प्रमुख रामकुमार मिश्र, मातृ मंडल प्रमुख रिंकी तिवारी, सदस्य महेश चौरसिया, विक्रम बहादुर, बच्चा राम, प्रेम बहादुर, चंद्र प्रकाश गुप्ता, मीना सोनकर तथा संतोष श्रीवास्तव दिव्यांशु शुक्ला को घोषित किया गया है।

**नंदिनी नगर ज़िला कार्यकारिणी (घोषित):** नंदिनी नगर के लिए घोषित नई कार्यकारिणी में पालक हर्षवर्धन, जिलाध्यक्ष भानु तिवारी, उपाध्यक्ष हरीश तिवारी, महामंत्री सचिन सोनी, मंत्री वसंत मौर्य, कोषाध्यक्ष हर्ष वंसल, शिक्षा आयाम प्रमुख सतीश, स्वास्थ्य आयाम प्रमुख भृगुनाथ, स्वावलंबन आयाम प्रमुख पवन, सामाजिक आयाम प्रमुख गजेन्द्र, प्राकृतिक चिकित्सा प्रमुख उमेश, मातृ मंडल प्रमुख मीरा को दायित्व दिया गया है। बैठक में सभी नवगठित कार्यकताओं को उनका दायित्व सौंपते हुए सेवा के कार्यों को गांव-गांव, व्यक्ति-व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष में विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, संस्कार केंद्रों और आत्मनिर्भर भारत अभियान पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

राम प्रकाश गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सेवा भारती का कार्य किसी व्यक्तिगत लाभ या यश के लिए नहीं, अपितु राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित है। कार्यकर्ता सेवा को केवल दायित्व नहीं, बल्कि साधना समझकर करें। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से 'नर सेवा नारायण सेवा' का संकल्प दोहराया और शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के मेधावियों को सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार 26 मई को अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से एमएलके पीजी कालेज सभागार में पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। एमएलके कालेज सभागार में भव्य मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज बलरामपुर के सी0बी0एस0ई0 बोर्ड में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया ।सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति रवि शंकर सिंह तथा सम्मानित अतिथियों में अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी, एमएलके पीजी कालेज के प्राचार्य जे पी पाण्डेय एवं पॉयनियर पब्लिक स्कूल के प्रबन्ध निदेशक डॉ एमपी तिवारी उपस्थित रहे। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के हाईस्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं में कुदेशिया खान, पूर्वी गुप्ता, अदिती भार्गव, मान्या श्रीवास्तव, स्वरा मिश्रा, यशी पाण्डेय, आयुश श्रीवास्तव, प्रभात तिवारी, अंशिमा, अनमोल प्रताप सिंह एवं आकृति श्रीवास्तव तथा इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं में प्रियश प्रसून मिश्रा, निखिल त्रिपाठी, शान्तुन गुप्ता, अक्षय राजपूत, अनम रिजवी, प्रशांत श्रीवास्तव, आयुश सिंह, धर्मेन्द्र मौर्या, जगन्नाथ यादव, अंशिका यादव तथा शिवांगी श्रीवास्तव उपथित रही। मुख्य अतिथि माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति रवि शंकर सिंह ने विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियों को सराहा। समारोह का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी मेहनत करना सम्मानित करना रहा।

इस अवसर पर बलरामपुर जनपद के समस्त विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने छात्र-छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ही पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर। जनपद के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना अहिरौली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चोरी की एक मोटरसाइकिल को महज 24 घंटे के भीतर बरामद करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना अहिरौली की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार सुबह तिवारीपुर मोड़ के पास चेकिंग के दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार किया।

इनके पास से मुकदमे से सम्बंधित चोरी की नीले रंग की सीबी साइन मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवम पुत्र चन्द्रशेखर निवासी ग्राम राजेपुर धावां, व श्रीकान्त मिश्रा पुत्र स्व. रामसुन्दर निवासी ग्राम ऊंचेगांव, मयंक यादव पुत्र शिवशंकर यादव निवासी मीरानपुर अहिराना, थाना कोतवाली अकबरपुर के रूप में हुई। तीनों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

# समर कैंप के प्रथम दिन बिना विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में सोमवार को **समर कैंप 2025** का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 26 मई को समर कैंप का प्रथम दिवस था, जिसकी अवधि प्रातः 7:00 से 9:00 बजे तक थी। समर कैंप में विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए विभिन्न आयोजनों में प्रतिभाग किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ डी पी सिंह ने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, आत्म-अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। इस कैंप में खेलकूद, कला और अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। समर कैंप में छात्रों को विभिन्न पारंपरिक कला गतिविधियों, पारंपरिक खेलों लंगड़ी दौड़, रेस, कबड्डी, वॉलीबॉल में भाग लेने का अवसर मिला। शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता रामानुज तिवारी ने बताया कि जहां खेलों के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य और टीम भावना का विकास होता है। कैंप में अनुशासन और आत्म-नियंत्रण का महत्व समझाया गया तथा बच्चों को सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी किया गया।

विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे के साथ सहयोग करना भी सीखा। समर कैंप में छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे। प्रधानाचार्य ने बताया की विद्यालय द्वारा पूरा समर कैंप निशुल्क आयोजित किया गया है।

यह समर कैंप विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया है जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपनी सहभागिता दिया। कल समर कैंप का दूसरा दिन होगा जो प्रातः 7:00 बजे आरंभ हो जाएगा। अंत में समर कैंप के आयोजन को लेकर विद्यालय के प्रवक्ता सुजीत शुक्ला ने विद्यार्थियों के साथ आए हुए अभिभावकों का अभिवादन किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वैज्ञानिक खेती से किसानों की आय होगी दुगुनी: उप कृषि निदेशक




जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के विकास खंण्ड जहाँगीरगंज अन्तर्गत मुजाहिदपुर मिश्रौलिया में केसरी कुंज एफ पी ओ द्वारा किसान चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ए.के मिश्रा (संयुक्त कृषि निदेशकअयोध्या) एवं विशिष्ट अतिथि अश्वनी कुमार सिंह (उप कृषि निदेशक,अम्बेडकर नगर) मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक अनीता कमल ने किया तथा संचालन पं0 रामचेत मिश्र ने किया। मुख्य अतिथि ए.के मिश्रा ने कहा कि एफ. पी. ओ. के माध्यम से किसान कृषि लागत का स्वयं शेयर होल्डर होता है कृषि विभाग एफ, पी, ओ, के माध्यम से किसान की सहायता करता है। विशिष्ट अतिथि अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि पारंपरिक खेती को छोड़कर वैज्ञानिक खेती से ही किसानों की आय बढ़ सकती हैं यदि किसान एक कदम चलता है तो कृषि विभाग चार कदम आगे आकर किसानों की सहायता को तैयार है।

कृषि वैज्ञानिक प्रेमशंकर (बस्ती) ने कहा कि एफ पी ओ के माध्यम से किसान अपनी दिशा और दशा बदल सकता है। उन्होंने मशरूम की खेती के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। एफ.पी. ओ. के संस्थापक आकाश मिश्रा ने बताया कि एक ऐप के माध्यम से किसानों और कंपनी को जोड़कर किसानों की फसल सीधे कंपनी को बेची जाएगी जिससे किसान को उसकी लागत का शुद्ध लाभ मिल सकता है और हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने में एफपीओ किसानों के साथ रहेगा।इस मौके पर कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रकाशचन्द्र शुक्ला, शशिकांत मिश्र, जिला पंचायत सदस्य श्रीकांत कन्नौजिया, संतोष सिंह सहित आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# एनसीसी ग्रुप कमांडर ने 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में 51 यूपी बटालियन एनसीसी के दस दिवसीय विशेष वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को ग्रुप कमांडर परिमल भारती ने निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार 26 मई को ब्रिगेडियर परिमल भारती ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर गोरखपुर ने एनसीसी के 10 दिवसीय विशेष वार्षिक प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने क्वार्टर गार्ड में सशस्त्र सलामी के बाद स्टाफ से परिचय प्राप्त किया। सैद्धांतिक कक्षाओं, डाइनिंग हॉल, स्टोर, खेल का मैदान, कार्यालय, फायरिंग रेंज, कुक हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने क्विज और डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में विजयी कैडेटों को पुरस्कार वितरित किया। ग्रुप कमांडर ने कैडेटों को एनसीसी ज्वाइन करने के निर्णय को सराहनीय बताया और कहा कि एनसीसी के प्रमाण-पत्र सिर्फ नौकरी के लिए नहीं बल्कि एकता और अनुशासन के साथ कार्य करते हुए देश व समाज के लिए एक अच्छा नागरिक बनना है। इस दौरान कैंप कमांडेंट ए पी एस पटवाल, डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह, सूबेदार मेजर विनय घोष, मेजर एएच खान, लेफ्टिनेंट उदयभान, थर्ड ऑफिसर चंदन गुप्ता, थर्ड ऑफिसर उपेंद्र दीक्षित, थर्ड ऑफिसर रोहिणी कुमार, थर्ड ऑफिसर ओंकार, केयर टेकर संजय बाबू गौतम तथा अन्य सभी पी स्टाफ और सिविल स्टाफ उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग की कई योजनाओं और कार्यक्रमों का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास और लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं तथा कार्यक्रमों का लोकार्पण और शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से किया गया। जिसका जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधायक सदर पल्टूराम बलरामपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जैसे- निपुण घोषित हो चुके विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों अनूप वर्मा, इन्द्र बहादुर यादव, भरतलाल गुप्ता, कैस राम, राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, प?द्मावर्मा, अमित कुमार, स्वाती श्रीवास्तव, सतीश कुमार एवं हेमन्त वर्मा तथा वर्तमान शैक्षिक सत्र में नवाचार के रूप में प्रारम्भ किये गये समर कैम्प में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षा मित्र और अनुदेशक रजुईद्दीन, चिनकन प्रसाद, अरूण प्रकाश मौर्य, सुनीता मौर्या, मनोहर, सविता सिंह, अब्दुल्ला, रेनू सिंह, श्रीमती पूनम सिंह, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, सीमा रानी, आशमा बेगम, मालिक राम गौतम, नीलम शुक्ला आदि को प्रशस्ति पत्र एवं मल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने संबोधन में कहा कि आज लखनऊ में मुख्यमंत्री के आयोजित कार्यक्रम के क्रम में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। लगभग 3.5 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया गया, जिसमें समस्त जनपदों की योजनाए व कार्यक्रम शामिल है। इसके साथ ही डीबीटी के माध्यम से सत्र 2025-26 के छात्र/छात्राओं के अभिभावकों के खातें में 1200 रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की गयी। इस धनराशि का उपयोग कर अभिभावक अपने बच्चें के लिये ड्रेस, बैंग, जूता-मोजा, स्वेटर एवं स्टेशनरी क्रय कर सकेंगे।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊपर बढाया है, बेहतर इन्फ्रास्ट्रकचर प्रदान करने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार किया गया है, इसी का परिणाम है कि बेसिक शिक्षा के स्कूलों में छात्रों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुयी है। यदि वर्ष 2017 से पहले का और अब कि संख्या की तुलना की जाये, तो बहुत बड़ा अन्तर आयेगा। प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों का कायाकल्प कर अच्छे भवन, बेहतर फर्नीचर व मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया गया है। इस दौरान जिला समन्वयक, निरंकार पाण्डेय, अंकुर मिश्र, एन0के0 सिंह0, आशुतोष कुमार मिश्र, अरुण कुमार मिश्र, सलमा खान उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए **ई–निविदा** आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम** | इंटीरियर एन्ड एक्सटीरियर पेंटिंग वर्क ऑफ एन.एम.जी.एच.एस./एन.एम.जी.एच.एस.आर. कोचेस। | | |
| **कार्यस्थल** | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | **अनुमानित लागत** | ₹4,33,10,961.00 |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्य** | शून्य। | **बिड सिक्युरिटी** | ₹ 3,66,600/- मात्र |
| **कार्य पूर्ण करने की अवधि** | 02 वर्ष | **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** | दिनांक 03.06.2025 से 17.06.2025 समय 15:00 बजे |
| **प्रमाण पत्र** | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A, (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Proprietorship/ HUF/JV/ LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| **खुलने का समय** | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात् निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| **कार्यालय जहाँ से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है।** | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | | |
| **वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है** | | | |

निविदा सूचना सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्ल्यू-ईनिविदा-35 दिनांक: 24.05.2025

1537/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजधानी लखनऊ तक दिखने लगा जफराबाद में तिहरे हत्याकांड का असर





- पिता और दो बेटों की सिर कूचकर दुस्साहसिक तरीके से हुई हत्या
- पुरानी रंजिश में दर्ज तीन प्राथमिकी पर अटक गई पुलिस की जांच
- फूल प्रूफ प्लान बनाकर घटना को दिया गया अंजाम, पुलिस का यह भी मानना है
- बिहार और दूसरे प्रांत के पेशेवर अपराधियों के शामिल होने की आशंका
- कैसे और किस रूट से आए हत्यारे, उनकी संख्या, अपराध करने के क्रूरतम तरीके

**जन एक्सप्रेस। इंद्रजीत सिंह मौर्य**

**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र में बीती रात दिल दहला देने वाली वारदात में पिता लालजी गौतम और उनके दो बेटे -यादवीर गौतम 35 वर्ष और गुड्डू गौतम 25 वर्ष - की सिर कूचकर बेरहमी से की गई हत्या ने पूरे पूर्वांचल को हिला कर रख दिया।

क्षेत्र के नेवादा हाईवे अंडरपास के पास स्थित एक कारखाने में सो रहे एक ही परिवार के तीन तीन लोगों की हत्या की गूंज के असर वाराणसी से लेकर राजधानी लखनऊ तक दिखने लगा है।

इस पूरे मामले को एक बड़ी चुनौती के रूप में लेते हुए एडीजी पीयूष मोर्डिया, पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी वैभव कृष्ण, वाराणसी रेंज के तेजतर्रार चुनिंदा पुलिस अधिकारियों की टीम के साथ खुद घटनास्थल का निरीक्षण करने तत्काल मौके पर पहुंचे।

घंटे भर तक चले इस निरीक्षण में उन्होंने वारदात में प्रयुक्त समान, घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों के तौर तरीके, अपराध की गंभीरता और उसे कारित करने के तेवर के बारे में बेहद ही गहराई के साथ तथ्यात्मक जांच पड़ताल की।

घटनास्थल में बाहर से बंद कुंडी और अंदर प्रवेश करने की स्थिति आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के साथ इस पूरे विवाद की जड़ में दर्ज किए गए अब तक तीन-तीन मुकदमे । न्यायालय में चल रहे लंबित पुराने वाद से संबंधित सभी पहलुओं पर पुलिस अधिकारियों के साथ काफी देर तक चिंतन मंथन करते हुए क्रास चेकिंग भी की गई।

मृतक बाप और उनके दोनों बेटों के मोबाइल नंबर को भी पुलिस ने खंगालने के लिए अलग से मोबाईल सर्विलांस की टीम को लगाया है।

जिससे यह साबित हो सके की घटना से पहले और घटना के बाद किन-किन लोगों का मोबाइल फोन इनके पास आया था। किन लोगों ने उनकी लोकेशन को ट्रेस किया था। जांच में यह भी सूत्र तलाशा जा रहा है कि यह कैसे मालूम हुआ कि आज पिता लालजी गौतम भी बेटों के साथ सही वक्त पर कारखाने में रुक गए हैं।

जिससे इस पूरी घटना को एक साथ, एक ही समय मे अंजाम दिया गया है। इस संबंध में पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना से जुड़े सभी तथ्यों को बहुत ही चुन चुन कर खंगाला जा रहा है।

वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य अपराधियों तक पहुंचाने के लिए एक-एक कड़ी को जोड़कर पुलिस अपना काम कर रही है। जिले के कई चर्चित मामलों के खुलासों में अहम माने जा रहे खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय को भी एसओजी और स्पेशल टीम के साथ इस वर्कआउट में लगाया गया है। जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र के महमदपुर कांध इमलो निवासी लालजी गौतम जल निगम विभाग में ठेकेदारी करते है और इसी थाना अंतर्गत नेवादा कचगांव अण्डर बाईपास के समीप लालजी भईया इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल्स खराद के नाम से बड़ा कारखाना चलाते हैं। बताते हैं कि लालजी रविवार को जौनपुर से अपना काम निपटाने के बाद घर न जाकर अपने उक्त कारखाने पर चले आये । अपने दोनो बेटे यादवीर उम्र 35 वर्ष, गुड्डू उम्र 25 वर्ष के साथ देर रात तक काम करने के बाद बेटों के संग वहीं खाना पीना खाकर सो गये। जिस कमरे में यह लोग सोए थे । उसकी कुंडी अंदर से बंद थी। बावजूद इसके दुस्साहसी तरीके से इतने बड़े ट्रिपल मर्डर की घटना को अंजाम देकर बेखौफ़ तरीके से अपराधी भागने में सफल हो गए।

## पुलिस अधीक्षक की कड़ी कार्रवाई थानाध्यक्ष समेत तीन निलंबित




**जौनपुर।** जौनपुर में हुए ट्रिपल मर्डर केस को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सख्त कदम उठाए हैं। लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी, बीट प्रभारी और हल्का प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, मुख्य आरोपी गोलू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया है। उसकी तलाश में जिलेभर में लगातार दबिश दी जा रही है

## क्या भाड़े के अपराधियों से दिलाया गया घटना को अंजाम

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के कचगांव अंडरपास के पास बीतीरात एक पिता व उसके दो पुत्रों की नृशंस तरीके से किये गए इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाना जौनपुर पुलिस के लिए टेढ़ी खीर बन गई है। वाराणसी रेंज अंतर्गत हुए इतने बड़े मामले के खुलासे में लगी पुलिस टीम इस बात की थ्योरी को भी खंगालने में जुट गई है की कही इसे भाड़े के पेशेवर हत्यारों से बड़ी सौदेबाजी और उन्हें लंबी रकम की पेशगी देकर तो अंजाम नहीं दिलाया गया है। इसके लिए पुलिस क्राइम ब्रांच से जुड़े दर्जन भर चुनिंदा अधिकारियों की टीम को लगाया गया है। जो पड़ोसी राज्य बिहार प्रांत और पूर्वांचल के देवरिया, आजमगढ़, गोरखपुर और कुशीनगर के कुछ पेशेवर अपराधियों से संपर्क कर इस पूरी घटना को अंजाम देने वाले गुर्गों और उनसे जुड़े अन्य अपराधियों तक पहुंचने में जुट गई है। प्रथम दृष्टि अभी तक के पुलिसिया जांच में काफी कुछ यह स्पष्ट दिख रहा है कि इस घटना को बड़े ही सुनियोजित तरीके से फूल प्रूफ प्लान बनाकर अंजाम दिया गया है। पुलिस का यह भी मानना है इस घटना को इतनी जल्दबाजी में एक दिन में कोई अंजाम नहीं दिला सकता। वाजिब है कि इसकी पूरी निगरानी हफ्ता, 15 दिन पहले से की जा रही थी। और अपराधियों कैसे, कहां से, किसके माध्यम से, मैनेज करके जौनपुर स्थित इस ट्रिपल मर्डर कांड को अंजाम देने के लिए ले आया गया। पुलिस सूत्र बताते हैं कि चार से 6 अपराधियों को घटनास्थल पर लाना, फिर उन्हें किस प्रकार, ब कैसे यहां से सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचना जांच का अहम बिंदु बन गया है। क्योंकि बगैर पहले से की गई निगरानी के बाहरी व्यक्ति आखिर कैसे जान सकता है कि आज के दिन लालजी गौतम पिता, बड़ा बेटा यादवीर व छोटा पुत्र गुड्डू गौतम एक साथ यहां मिलेंगे। यह तमाम बिंदु पुलिस की जांच में अहम कड़ी बन गए हैं। जिनके रहस्यों पर पड़े पर्दे को उठाने के लिए खुद पुलिस के आला अफसर चिलचिलाती धूप और गर्मी में पूरे दिन लगे रहे।

## हत्यारों की थ्योरी को खंगालने में जुटी क्राइम ब्रांच की टीम

जौनपुर। एक कमरे में सो रहे पिता और उसके दो पुत्रों जो शारीरिक रूप से हिस्ट पुस्ट और पूरी तरह से बलवान हों। तीन-तीन लोगों को उनके ही कारखाने में अंदर पहुंचकर दबोच लेना फिर उन्हें मौत की नींद सुलाना कोई बहुत आसान काम नहीं है। क्योंकि जहां कारखाना है वहां खुद हर कोई समझ सकता है की धारदार हथियार, लोहे के राड, सरिया जैसे तमाम चीज किसी को भी मौत की नींद सुलाने में जो प्रयुक्त होते हैं वहा मौजूद है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस घटना को अंजाम देने वालों की संख्या चार से छह जरूर रही होगी। क्योंकि जब कुछ लोग अंदर घटना को अंजाम दे रहे थे होंगे तो बाहर भी कुछ लोग निगरानी जरूर करते रहे होंगे। इन्हें कैसे किस प्रकार घटनास्थल पर लाया गया। वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों को फिर घटना करने के बाद बड़े ही सफाई के साथ उन्हें कैसे सुरक्षित उनके ठिकानों पर पहुंचाया गया। यह भी पुलिस की जांच का एक अहम बिंदु बन गया है। ऐसे ही बड़े रहस्य वाली थ्योरी को खंगालने के लिए एडीजी पीयूष मोर्डिया, पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी वैभव कृष्ण, वाराणसी रेंज ने घटनास्थल और मुख्य मार्ग, नेशनल हाईवे के आसपास व्यावसायिक परिसर व रिहायशी मकानों में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और घटनास्थल से फोरेंसिक टीम द्वारा जुटाए गई रिपोर्ट को भी तत्काल पेश करने को कहा है।

## जफराबाद के तीन हत्याकांड में तीन के खिलाफ मुकदमा

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र नेवादा हाइवे अंडरपास के समीप स्थित कारखाने में बीती रात पिता तथा उसके दो पुत्रों की सिर कूचकर हत्या के इस हाई प्रोफाइल मामले में पुलिस ने तीन मुकदमा दर्ज किया है। वैसे पुलिस सूत्रों का कहना है की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों का काफी कुछ कल्यू पुलिस के हाथ भी लग चुका है। घटना का खुलासा भी बहुत जल्द करने का वह दावा भी कर रही है। ऊक्त तिहरे हत्याकांड की घटना में लालजी, उनके दो पुत्रों यादवीर और गुड्डू गौतम मार दिए गए हैं। घटना के बाद मृतक गुड्डू की पत्नी सरिता ने जगदीशपुर निवासी बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे पलटूराम नगर, उनके एक पुत्र तथा दामाद पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी वैभव कृष्ण, वाराणसी रेंज ने सोमवार को मीडिया को बताया कि इस पूरे मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस क्राइम ब्रांच के साथ, एसओजी और खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के साथ अन्य पुलिस इंस्पेक्टर को भी लगाया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

## पलटू नागर व लालजी के बीच पहले से चल रहा मुकदमा

जफराबाद। क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पलटू राम नगर तथा लालजी के बीच पहले से ही दीवानी न्यायालय जौनपुर में मुकदमा चल रहा है। कई बार दोनो पक्षों में विवाद व झगड़ा हो चुका है। लालजी पहले पलटू राम नागर के मकान में कमरा किराए पर लेकर कारखाना चलाता था। कमरा छोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। एक बार लालजी के पुत्र गुड्डू जो कि घटना में मारा गया। उस पर पलटू राम की लड़की को भगाने का भी मुकदमा चल रहा। दोनो पक्षों से दो दो मुकदमे एक दूसरे के ऊपर चल रहे हैं।घटना के कारणों में यह बात भी प्रमुखता से चर्चा में है।

# भाजपा किसान मोर्चा ने सैनिकों के सम्मान में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

- एक साथ चुनाव पर विचार विमर्श, सभी विधानसभा क्षेत्रों में होगा जन जागरण चौपाल

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पार्टी कार्यालय पर 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर बैठक का आयोजन किया गया, अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में किसान चौपाल का आयोजन कर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

मुख्य वक्ता गोपेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से देश की आर्थिक, मानव संसाधन और प्रशासनिक ऊर्जा का अपव्यय होता है, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ता है। कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से न केवल आर्थिक स्थायित्व आएगा, बल्कि कृषि और व्यापार को भी नई दिशा मिलेगी।

जिला संयोजक दिलीप पाण्डेय ने बताया कि किसान चौपालों के संचालन के लिए विधानसभा वार जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। हर्रैया में दिग्विजय सिंह राना व राम अजोर राजभर, कप्तानगंज में वरुण पाण्डेय व अनिल पाण्डेय, रुधौली में मनोज सिंह व संदीप पाण्डेय, बस्ती सदर में पवन वर्मा व विमल पाण्डेय, महादेवा में रवि चन्द्र पाण्डेय व सुनील पाण्डेय को चौपाल कराने कि जिम्मेदारी सौपी गई। बैठक में विजय द्विवेदी, दिग्विजय सिंह राना, मनोज सिंह, वरुण पाण्डेय सहित अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि एक साथ चुनाव होने से नीतिगत स्थिरता, विकास योजनाओं की निरंतरता और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी।

बैठक में सभी पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि वे किसानों के बीच जाकर 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की अवधारणा पर व्यापक संवाद करेंगे।

बैठक के बाद देश के सैनिकों के सम्मान और 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को लेकर एक तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के सम्मान और शौर्य में नारे लगाये गये।

बैठक और तिरंगा यात्रा में अरुण पाण्डेय, महेन्द्र प्रताप, बालमुकुन्द, राम अजोर राजभर, लवकुश चौबे, जमुना पाण्डेय, घनश्याम मिश्र, राकेश जायसवाल, सुनील कुमार चौधरी, अजय श्रीवास्तव, सुभाष सिंह, राम केवल गुप्ता, राम अचल मौर्या, सुनील मिश्र, सत्यम पाण्डेय, शेषराम निषाद, अंकित पाण्डेय, धनंजय सिंह, उमाकान्त शुक्ल, अनिल पाण्डेय, नीरज त्रिपाठी, अशोक कुमार पाठक, फूलराम वर्मा, उमाकान्त शुक्ल, रामभद्र शुक्ल, सतीश पाण्डेय, के साथ ही किसान मोर्चा के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएमओ साहब आँखें खोलिए! परसरामपुर क्षेत्र में अवैध पैथोलॉजी और झोलाछाप का है मकड़जाल

> बृहद रूप से अभियान चला कर इन अवैध पैथोलॉजी व झोलाछाप डॉक्टरों खिलाफ टीम गठित करके जल्द ही कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
> राजीव निगम, सीएमओ बस्ती।

- परशुरामपुर क्षेत्र में अवैध पैथोलॉजी गलत रिपोर्ट देकर मरीज के स्वास्थ्य के साथ कर रहे खिलवाड़
- यहां अखबार के हनक पर चलती है पैथोलॉजी! स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत, अवैध पैथोलॉजी पर नहीं होती कार्यवाई?

**जन एक्सप्रेस बस्ती**



परसरामपुर ब्लॉक में पैथोलॉजी लैब तो मात्र कुछ ही पंजीकृत हैं,लेकिन कलेक्शन सेंटरों के नाम पर अवैध लैब का मकड़जाल फैला हुआ है। गली-कूचों तक में कलेक्शन सेंटर चल रहे हैं। ये सेंटर ब्लड सैंपल तो ले रहे हैं, लेकिन रखरखाव ठीक न होने से मरीजों को सही रिपोर्ट नहीं दे पा रहे हैं। वहीं, ज्यादातर लैब में जांच करने वाले डॉक्टरों का नाम ही नहीं पता होता है।

स्वास्थ्य विभाग की सुस्ती के चलते जिले में अवैध पैथोलॉजी लैब और कलेक्शन सेंटर का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। गांवों-कस्बों तक कहीं एक कमरे में तो कहीं संकरी गलियों में पैथोलॉजी चल रही है। अप्रशिक्षित कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग के मिलीभगत से अवैध पैथोलॉजी सेंटरों पर नहीं होती कोई कार्रवाई, फर्जी रिपोर्ट का दंश झेल रही जनता

स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के कारण अवैध पैथोलॉजी के ऊपर कोई ठोस कार्रवाई न होने से इन संचालक के हौसले बुलंद है। जिले के अधिकारियो से शिकायत करने पर लेनदेन करके मामले को रफा- दफा कर लिया जाता है। एक पैथोलॉजी संचालक ने यहां तक बताया कि जिले से जब जांच टीम चलती है तो संबंधित पैथोलॉजी के संचालक को इसकी खबर मिल जाती है। जिससे अधिकारियों के आने से पहले इनका शटर बंद हो जाता है। नाम न छापने की शर्त पर कई मरीजो ने बताया कि यहां पर अन्य पैथोलॉजी की अपेक्षा जांच कराने पर महंगी कीमत चुकानी पड़ती है। जबकि अन्य पैथोलॉजी से इनकी रिपोर्ट भी ठीक नहीं होती है। लेकिन पैथोलॉजी, पत्रकारिता तथा स्थानीय चिकित्सकों की गठजोड़ का खामिआजा क्षेत्र के गरीब मरीज को भुगतना पड़ता है।इन अवैध पैथोलॉजी सेंटर का सभी झोलाछाप डॉक्टरों से सीटिंग होती है,गरीब असहाय मरीजों को झोलाछाप चिकित्सक अपने चाल में फंसा कर मोटी रकम ऐठने के बाद खून व मल मूत्र के जांच संबंधित पर्चा संबंधित पैथोलॉजी के यहां जांच करने के लिए लिख दिया करते है।

## परशुरामपुर क्षेत्र में अवैध पैथोलॉजी लैब का फैला है मकड़जाल कार्यवाही कब?

परसरामपुर क्षेत्र में न डॉक्टर की डिग्री,न कोई प्रशिक्षण,धड़ाधड़ गलत रिपोर्ट अंजनमानस के स्वास्थ्य के प्रति खिलवाड़ कर रहे है। परसरामपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कथित मिलीभगत से अवैध पैथोलॉजी सेंटरों का संचालन जारी है। परसरामपुर क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक पैथोलॉजी सेंटर बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। इन सभी केंद्रों पर डॉक्टरों और टेक्निशियन के नाम के बड़े-बड़े बोर्ड लगे हुए हैं, लेकिन वास्तविकता में यहां अप्रशिक्षित युवक बैठते हैं जिनके पास कोई मान्य डिग्री नहीं है। इन केंद्रों की गलत जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जो उनकी जान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

## पैथोलॉजी का कर्मचारी ही है तथाकथित पत्रकार, धौंस दिखाकर अपनी पैथोलॉजी पर करता है आने को मजबूर

परशुरामपुर कस्बे में एक ऐसी पैथोलॉजी है जहा दबदबा बनाने के लिए संचालक ने एक बडे अखबार के रिपोर्टर को अपने पैथोलाजी मे कर्मचारी बना दिया है। चर्चा यहां तक है कि पैथोलाजी संचालक ने अपने पैसे से कस्वे मे संबन्धित अखबार की एजेंसी भी डाल दी है। आलम यह है कि एक बडे अखबार का नाम बाइक पर लिखा कर पत्रकार महोदय कस्बो तथा गांवो में घूम घूम कर खून का नमूना लेते है। अपने अखबार का हवाला दे कर क्षेत्र के झोला छाप डॉक्टरो को खून जांच के लिए पत्रकारिता का धौंस दिखा कर अपनी पैथोलाजी पर आने के लिए जबरन मजबूर भी करते है। पैथोलाजी और पत्रकार के इस गठजोड से क्षेत्र के लोग काफी परेशान है,लोगो का कहना है कि संबन्धित पैथोलाजी पर अन्य से ज्यादा कीमत भी वसूली जाती है। तथा मरीजो के साथ इनका व्यवहार भी अच्छा नही है। क्षेत्र के कुछ अन्य पैथोलॉजी संचालकों से तो बताया कि कई बार संबंधित पैथोलॉजी पर जांच के बाद नाम मात्र की कार्यवाही भी हुयी है। लेकिन फिर से संबंधित पैथोलॉजी अपने पुराने ढर्रे पर चलने लगती है। जिले में इनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि जिले के अधिकारियों पर शिकायत का भी कोई असर नहीं रहता।

## मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति कर रहे खिलवाड़!अवैध पैथोलॉजी सेंटर पर ईसीजी इस सुविधा, स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी?

इन अवध पैथोलॉजी सेंटर के संचालकों द्वारा भोले-भाले मासूम मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति खिलवाड़ किया जा रहा है। मरीज को अपने पैथोलॉजी में ईसीजी की सुविधा देकर उनके जान के साथ खिलवाड़ करना आम बात है। लोगों का तो यह भी कहना है कि इस पैथोलॉजी पर एक्स-रे, ईसीजी की सुविधा भी मिल जाती है। एक्स-रे करने के बाद यहां के संचालक एक्स-रे देखकर बता देते हैं कि मरीज की कौन सी हड्डी टूटी है। और उस मरीज को प्लास्टर भी चढ़ा देते हैं। तथा दवा का पर्चा भी लिख देते हैं। यही नहीं कस्बे में इनका मेडिकल स्टोर भी है। जिस पर दवा लेने का दबाव भी बनाते हैं। इनके द्वारा लिखी गई दवा सिर्फ इन्हीं के मेडिकल स्टोर पर मिलेगी। और महंगी भी होगी। इस तरह से गरीब मरीजों को दोहरा दंड झेलना पड़ता है।

# 1.85 करोड़ की लागत से बनेगा मारूखपुर, रूधौली, नौली डीह बाबा मंदिर मार्ग




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

खुटहन खुटहन थाना क्षेत्र के गभिरन मंडल के गुरैनी सुम्बुलपुर मार्ग से रूधौली मारूखपुर, डीह बाबा नौली फायर स्टेशन तक के मार्ग का शिलान्यास रविवार को खेल एवं युवा कल्याण स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जनसमूह को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि आने वाले दो वर्षों में सदर विधानसभा सड़कों के मामले में पूरे जनपद में अपनी अलग पहचान बनाएगा। वर्तमान समय में सड़कों को मिलाकर विभिन्न विकास परियोजनाओ पर हजारों करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे है।सरकार की मंशा के अनुरूप शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ ग्रामीण सड़को के विकास व नवनिर्माण पर अत्यधिक फोकस किया जा रहा है। जिससे आने वाले वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था तीव्र गति से विकसित होगी। भाजपा सरकार गॉव गरीब, मजलूमों की जिन्दगी बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। इस मौके पर विनय मिश्र, कमला प्रसाद सिंह, नंदलाल राजभर, प्रफुल्ल चंद्र मौर्य, डा इंद्रसेन मौर्य, बलिहारी राजभर, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गभिरन अजय यादव तथा संचालन राम सबद विंद ने किया।

## सहफसली खेती से मिली तरक्की की राह

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिले में सहफसली खेती किसानों के लिए तरक्की की नई राह बनती जा रही है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत रफ्तार पान विकास योजना के तहत पान की खेती करने वाले किसानों को अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से न केवल पारंपरिक खेती को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। ग्राम कोल्हुआ (विकासखंड महराजगंज) के निवासी रामजनक पुत्र नन्हकू बीते दो वर्षों से पान की खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पान की फसल से उन्हें प्रतिमाह लगभग 12 से 15 हजार रुपये की आय हो रही है। खास बात यह है कि रामजनक ने पान के साथ परवल और कुंदरू की सहफसली खेती शुरू की, जिससे उन्हें अतिरिक्त मुनाफा भी मिलने लगा है। उन्होंने बताया कि एक बीघा खेत में पान की खेती पर लगभग पचास हजार रुपये की लागत आती है और इससे 1 से 1.5 लाख रुपये तक का शुद्ध लाभ मिल जाता है। पान की खेती के लिए विशेष प्रकार का ढांचा (बरेजा) तैयार करना होता है, जो बांस की लकड़ी से बनाया जाता है।

# प्रभारी मंत्री का हुआ भव्य स्वागत



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शाहगंज। शाहगंज तहसील स्थित चिरैया मोड़ पर प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा का विधायक रमेश सिंह द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बेसिक शिक्षा संगोष्ठि एवं अहिल्याबाई होलकर के सम्मान में कार्यक्रम आयोजन में जाने के दौरान किया गया। चिरैया मोड़ पर विधायक रमेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, मंडल अध्यक्ष चिंता हरण शर्मा, कैलाश नाथ जायसवाल, मनोज पांडेय, प्रदीप जायसवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा वेद प्रकाश जायसवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धीरज पाटिल, रविकांत देवी प्रसाद चौरसिया मंटू, महेश लालवानी,आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।

# अनियंत्रित टैंकर दुकान में घुसा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




शाहगंज। शाहगंज नगर के प्रयागराज तिराहे पर एक अनियंत्रित तेल टैंकर एक दुकान का शटर चैनल पिलर तोड़ते हुए अंदर घुस गया। जिसके चलते लाखों रुपए का नुक़सान हो गया। वहीं दुकान स्वामी के मुताबिक घटना के बाद दुकान के अंदर से लाखो रुपए के कपड़े चोरी हो गए हैं। नगर के नयी आबादी मोहल्ला के महादेव मंदिर स्थित तिराहे पर शिवकुमार गौरीशंकर क्लाथ स्टोर में सोमवार की भोर लगभग तीन बजे के करीब एक टैंकर तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर सीधे दुकान के अंदर घुस गया। जिसके चलते दुकान का चैनल शटर काउंटर मकान की टाइविम तक को क्षतिग्रस्त कर दिया। दुकान स्वामी ओमकार अग्रहरि का पूरा परिवार उसी मकान में रहता भी है। संयोग से कल रात वो किसी काम से कादीपुर गये थें। भोर में जब वो चार बजे के करीब घर पहुंचे तो दुकान की हालत देख दंग रह गए। जिसके बाद वो अंदर गए तो देखा कि दुकान के अंदर से लाखो रुपए के साड़ी और कपड़े गायब थे। वहीं घटना के बाद से चालक व खलासी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए हैं। नया टैंकर बगैर नम्बर के सड़क पर दौड़ रहा था। गनीमत रहा कि टैंकर खाली था। यदि उसमें तेल होता तो बड़ी दुर्घटना सम्भावित था।

# बाहर से दवाएं लिखी तो सम्बंधित डॉक्टर पर होगी कार्यवाही : शंशाक त्रिपाठी



■ डीएम की अध्यक्षता में आहूत हुई डीएचएस की बैठक, संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के., और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव सहित संबंधित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यो की गहन समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सीएचसी अधीक्षक यह सुनिश्चित कर ले कि उनकी सीएचसी और पीएचसी पर चिकित्सक बाहर से दवाएं न लिखे नहीं तो उनपर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर ले कि प्राइवेट लोग कहीं पर कार्य करते न मिले। सभी चिकित्सक व स्टॉफ के लोग अपने नाम व पदनाम की नेमप्लेट लगाएंगे और निर्धारित वेशभूषा में ही अस्पताल में नजर आएंगे। मरीजों के पर्चे पर चिकित्सक के नाम की मुहर साइन और तारीख जरूर अंकित रहे। इसके अलावा सीएचसी और पीएचसी पर अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सक और कर्मचारी की नियमित सूचना सीएचसी अधीक्षक अपने उच्चाधिकारियों को प्रतिदिन देंगे। संचारी रोगों की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान की गति में तेजी लाई जाए। नालियों की नियमित सफ़ाई कराई जाए। साथ ही स्वच्छता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अधिकारियों को कार्यो में और अधिक सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए जिससे नियमित ओपीडी और आईपीडी चल सके। सीएचसी केंद्रों पर स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी कोई शिकायत न मिले नहीं तो सम्बंधित पर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की शतप्रतिशत इंस्टीट्यूशन डिलीवरी न होने पर कड़ी नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि सभी विकास खंडों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा अन्य सभी स्थानों पर बनाये गए डिलीवरी पॉइंट एक्टिव किये जायें और शतप्रतिशत इंस्टिट्यूशन डिलीवरी कराई जाए।

इस कार्य में लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि जहाँ पर आवश्यकता हो वहाँ पर नए डिलीवरी पॉइंट बढ़ाये जाए। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डी के श्रीवास्तव, डॉ राजीव सिंह, सभी सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम, आयुष्मान अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### एक्सपायरी दवाएं मिली तो कार्यवाही तय

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जिम्मेदार यह सुनिश्चित कर ले कि जिला अस्पताल सहित सभी, सीएचसी और पीएचसी पर एक्सपायर दवाएं बिल्कुल भी न मिले, नहीं उनपर कार्यवाही की जाएंगी। साथ ही जरूरी दवाओं की उपलब्धता पर भी ध्यान रखे जिससे मरीजों को इधर उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान अरोष्य मंदिरों पर नियमित जांच और ओपीडी सुनिश्चित की जाए। मरीजों की जांचे और उनको दवाओं की उपलब्धता हो। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने समीक्षा के दौरान कहा कि मातृ और शिशु मत्यु की रिपोटिंग कम है इसमें शतप्रतिशत रिपोर्टिंग की जाए और मृत्यु के कारणों का भी पता लगाया जाए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एएनएम और आशा टीकाकरण पर विशेष ध्यान दे। गर्भवती महिलाओं सहित कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहने पाए। जिन इलाकों में लोग टीकाकरण के प्रति उदासीनता है वहाँ लोगों को जागरूक करके शतप्रतिशत टीकाकरण कराया जाए। जिन विकास खण्डों में डिप्थीरिया के एक्टिव केसेज मिले थे उनमें टीकाकरण पर विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आभा आईडी कार्ड बनाने की स्थिति जिले में संतोषजनक नहीं है। सम्बंधित अधिकारी आशाओं को निर्देशित कर आभा आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य न करने वाली इनएक्टिव आशाओं पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इनएक्टिव आशाओं को कारण बताओ नोटिस जारी की जाए और अच्छा कार्य करने वाली आशा और एएनएम को प्रोत्साहित करने के लिये सम्मानित करें।

### डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण, ओपन जिम का किया लोकार्पण

बाराबंकी। सोमवार को जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा जिलाकारागार की बैरकों, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम,महिला बैरक,किशोर सदन जिसमें 18 से 21आयु के किशोर रखे जाते है, आदि की सघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही कारागार परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। इस अवसर पर बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बंदियों की बेल न्यायालय द्वारा हो गई है उनकी नियमानुसार रिहाई करवाई जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हों तथा बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के अवसर पर जिला कारागार परिसर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ओपन जिम का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया गया। यह ओपन जिम कारागार मुख्यालय के सौजन्य से उपलब्ध कराया गया है, जिसका उद्देश्य बंदियों के शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना एवं उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। जिलाधिकारी ने कारागार में इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि इससे बंदियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी तथा उनके पुनर्वास में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जेपी तिवारी सहित अनेक कारागार कर्मी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह के साथ देवा रोड स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुरुप गोडाउन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट स्ट्रांगरूम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम देखा और आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर नोडल अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट संजय कुमार विश्वास, वेयर हाउस इंचार्ज, चकबन्दी अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा, आदित्य नारायण झां सहायक चकबंदी अधिकारी व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय सहित जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रामस्वरुप हत्याकाण्ड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



थाना रामनगर पुलिस ने बीती 23 मई की रात्रि को हुए रामस्वरुप हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए हत्या के मुख्य आरोपी को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया। घटना के पीछे हत्या का कारण मृतक का आरोपी की मां से गलत रिष्ता बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बीती 24 मई की सुबह थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम सोधवा में चकमार्ग पर बाबा के नाम से मषहूर रामस्वरुप की लाष रक्तरंजित पड़ी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने लाष का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई रामअवतार कोरी पुत्र बाबू निवासी ग्राम परसोहर थाना जरवल रोड ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार सुबह पुलिस ने सिलौटा नहर पुलिया के पास से ग्राम सोधवा निवासी प्रमोद कुमार कोरी पुत्र स्व. बेचालाल को धर दबोचा। उसकी निषादेही पर हत्या में प्रयोग की गयी लाठी भी बरामद की। थाना प्रभारी रामनगर ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक पिछ्ले सात माह से ग्राम सोधवा में रामरुप बाबा के नाम से रह रहा था। वह गांव में ही खाता पीता था। उन्होने आगे बताया कि मृतक रामस्वरुप गांव के ही निवासी प्रमोद कुमार कोरी की मां के साथ में बदनियती रखता था। इसी को लेकर बीती 23 मई की रात्रि को जब तक आरोपी प्रमोद की मां से मिलने के लिए घर में छिपा बैठा था उस दौरान प्रमोद की नजर मृतक पर पड़ गयी और वह वहां से भागने लगा। पीछा करते हुए हत्यारोपी प्रमोद कुमार ने मुंषी पुरवा जाने वाले चकमार्ग पर लाठियों से पीटकर उसकी हत्या करके लाष को वहीं छोड़कर चला गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की निषादेही पर हत्या में प्रयोग की गयी। लकड़ी का फंटा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने हत्यारोपी को जेल भेज दिया है।

## शौर्य तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता के जयकारे

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम व शौर्य के सम्मान में गत 17 मई से शुरू हुईं शौर्य तिरंगा यात्राओं में हजारों लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बंकी नगर मंडल के माती पुलिस स्टेशन से तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा एवं जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर अवधेश वर्मा ने शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया।तिरंगा यात्रा किसान पथ पर संपन्न हुई।इस दौरान सेना के अदम्य साहस एवं शौर्य के सम्मान में भारत माता के जयकारे गूंजते रहे। उमंग और उत्साह से लबरेज लोगों ने एक स्वर में कहा कि देश के जांबाज सैनिकों की वीरता को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। डीडीसी अवधेश वर्मा ने कहा कि यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र गौरव के प्रति सम्मान का प्रतीक है। पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को जिस तरह से करारा जवाब दिया गया वह हमारे शौर्य, पराक्रम और निर्णायक नेतृत्व का परिचायक है। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने जिले में शौर्य तिरंगा यात्राओं के आयोजन को ऐतिहासिक बताया। इस अवसर पर चंद्रिका रावत सहित काफी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे आदि मौजूद रहे।

## मानसिक विकास के लिए शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान जरुरी : मीनाक्षी ताई




**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

मानसिक शारीरिक बौद्धिक विकास के लिए शस्त्र व शास्त्र दोनों का ज्ञान आवश्यक है। हमारे कार्य और व्यवहार का लाभ समाज को मिलना चाहिए। महिलाएं अपने परिवार को संस्कारित, शक्तिशाली व सशक्त बनाती हैं। उक्त बात सोमवार को मातृशक्ति केंद्रीय संयोजिका मीनाक्षी ताई ने सिटी कॉलेज में चल रहे दुर्गा वाहिनी के सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के पंचम दिवस के बौद्धिक सत्र में कही। उन्होने आगे कहा कि परिवार में संस्कार व सामाजिक समरसता का भाव जागृति करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमको सामाजिक समरसता के दृष्टिकोण से समाज में और कार्य करना है। सामाजिक वैज्ञानिक राजनीतिक आर्थिक शैक्षिक सुरक्षा चिकित्सा सहित समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की अग्रणी भूमिका है। प्राचीन काल के समय भी महिलाएं मल्य युद्ध करती थी। अखिल भारतीय मातृशक्ति संयोजिका मीनाक्षी ताई ने कहा कि हमें माता अहिल्या देवी होलकर और वीरांगना दुर्गावती के जीवन से प्रेरणा लेते हुए संस्कृति की समाज की रक्षा के लिये आगे आना होगा। विभिन्न चुनौतियों से आगे निकलते हुए माता अहिल्यादेवी होलकर ने ही काशी विष्वनाथ मंदिर समेत सनातन संस्कृति की सुदृढ़ता के विभिन्न कार्य किए। वर्ग में 25 संगठनित्मक जिलों की बहनें सहभागी कर रही। कार्यक्रम में कल्पना ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सुचिता चतुर्वेदी, किरन सिंह, संतोष मिश्रा, इंद्रेश, राहुल कुमार, नेहा मिश्रा, विद्या रत्न आदि मौजूद रहे।

## विदेशी नागरिकों के जाली आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र बनवाने में सहयोग करने वाला पूर्व सभासद गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



शुक्लागंज गंगाघाट के मनोहर नगर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के जाली आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र बनवाने में सहयोग करने वाला पूर्व सभासद गिरफ्तार दिनांक 22.05.2025 को उ0नि0 गजेन्द्र सिंह थाना गंगाघाट उन्नाव द्वारा थाना गंगाघाट पर सूचना दी गई कि गंगा किनारे स्थित झोपड़ पट्टी में कुछ लोग रहते है जो स्थानीय भाषा नहीं बोल रहे है। जब झोपड पट्टी मे रहने वाले लोगो को बुलाया गया तो झोपड पट्टी से 2-3 महिलाये निकल कर आई। महिलाओ से उनके बारे में जानकारी की गई तथा आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज मांगे गये तो नहीं दिखा सकी। पूछताछ में उक्त महिलाओं द्वारा बताया गया कि हम लोग म्यामांर के रहने वाले है। वहां से हम लोग असम के रास्ते कानपुर आये और यहां पर शुक्लागंज में गंगा नदी के किनारे झोपड पट्टी बनाकर अपने परिवार के साथ रहने लगे। उक्त लोगो के पास भारत में आने व यहां रहने का कोई प्रपत्र नहीं मिला है। महिलाओ से उनके व परिवार के सदस्यो के बारे में जानकारी की गई तो बताया कि हमारे परिवार में कुल 10 लोग रहते है जिनके नाम मो0 साहिल, अनवर, हवीबुल्ला, असमत पुत्रगण याहियां, रोहिमा बेगम पत्नी याहियां, याहियां पुत्र अब्दुल मुनाव, सिनवारा बेगम पत्नी जुनैद, जुनैद पुत्र अहमद, अजीदा पत्नी मो0 साहिल, नूरकायदा पत्नी अनवर निवासीगण मो0 सिद्दरफारा मोगंडो सिटी जिला बुसीडोंग म्यामांर के रहने वाले है तथा हमारे साथ हमारे बच्चे भी है। उक्त सूचना के आधार पर थाना गंगागाट पर मु0अ0सं0 295/2025 धारा 14/14क(ख) विदेश अधिनियम 1946 बनाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान मुकदमा उपरोक्त में धारा 338, 336(3), 318(4) ब्रहस तथा 14क(ख), 14(ग) विदेशी अधिनियम 1946 की बढोत्तरी की गई तथा दिनांक 25.05.2025 को अभियुक्ता 1. अजीदा पत्नी मो0 साहिल, 2. सिनवारा बेगम पत्नी जुनैद, 3. नूर कायदा पत्नी अनवर निवासीगण मो0 सिद्दरफारा मोगंडो सिटी जिला बुसीडोंग म्यामांर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया की उपरोक्त लोगो के जाली आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाने में तत्कालिन सभासद शहजादे पुत्र वहीद निवासी मोहल्ला मनोहर नगर थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 45 वर्ष द्वारा उनका सहयोग किया गया था। दिनांक 26.05.2025 को उ0नि0 मान सिहं मय फोर्स द्वारा थाना गंगाघाट क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला मनोहर नगर में अवैध रुप से रह रहे विदेशी नागरिकों के जाली आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र बनवाने में सहयोग करने वाले पूर्व सभासद शहजादे पुत्र वहीद निवासी मोहल्ला मनोहर नगर थाना गंगाघाट उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।जिसकी उम्र करीब 45 वर्ष है।

### तालाब में डूब कर वृद्ध की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज। गुरसहायगंज।** ग्राम खाड़े देवर में दिमागी रूप से बीमार चल रहा वृद्ध व्यक्ति तालाब में डूब गया जिसे ग्रामीण गोताखोरों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया तब तक उसकी दर्दनाक मौत हो चुकी थी घटना से परिजनों में कोहराम मच गया मौके पर ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई उधर पुलिस ने पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी है सोमवार को लगभग 4-00 बजे शाम खाड़े देवर निवासी 70 वर्षीय शेर सिंह पुत्र लक्ष्मण जाटव का पैर फिसलने से गांव में ही स्थित गहरे तालाब में डूब गया जानकारी होने पर पहुंचे ग्रामीण गोताखोर सुरेश कठेरिया ने बहादुरी का परिचय देते हुए उसे कड़ी मशक्कत के बाद तालाब से उसे बाहर निकाला गया तब तक उसने दम तोड़ दिया था घटना से परिजनों में कोहराम मच गया मौके पर ग्राम प्रधान राजू खान किसान नेता इरशाद अली जुबेर खान अतीक खान अमन खान सहित।

## अखंड सुहाग के लिए सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष को धागे से बांधकर पति की लंबी आयु के लिए वरदान मांगा

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



शुक्लागंज में धूमधाम से महिलाओं ने करी वट वृक्ष की पूजा व्रत रख पति की लंबी उम्र की करी कामनाएं। गंगाघाट के विभिन्न क्षेत्रों में लगे हुए बरगद के पेड़ों की करी पूजा अर्चना। हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है। हर साल ज्येष्ठ मास के अमावस्या को वट सावित्री व्रत किया जाता है। मान्यता है कि जो सुहागिन महिलाएं इस व्रत को विधि-विधान से करतीं हैं, उन्हें अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त होता है। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा करती हैं। वट सावित्री की पूजा से सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद मिलता है। सबसे पहले वट सावित्री का व्रत राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री ने अपने पति सत्यवान के लिए किया था। तभी से वट सावित्री व्रत महिलाएं अपने पति के मंगल कामना के लिए रखती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रत्येक सुहागन महिलाओं को यह व्रत अवश्य करना चाहिए।

अखंड सुहाग के लिए सुहागिन महिलाओ ने सोमवार को वट सावित्री की पूजा करी। वट वृक्ष को धागे से बांधकर पति की लंबी आयु के लिए वरदान मांगा।

यह पर्व उत्तर भारत में बड़े ही धूमधाम, आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाएं भरणी व कृतिका नक्षत्र और शोभना व अतिगंड योग में पूजन करती है। इस दौरान महिलाएं त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) की पूजा करती हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रेलर चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर ट्रेलर चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस उसे लेकर सीएचसी पहुंची। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर एक पेट्रोल पंप के समीप रविवार देर रात ट्रेलर से उतरे चालक प्रदीप चौधरी (35) पुत्र केदारनाथ निवासी दिबौलिया गांव थाना रुदौली जनपद बस्ती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस सीएचसी लेकर गई। जहां चिकित्सक ने उसे मृत बताया। अजगैन कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। मृतक के साथ रहे सिद्धार्थनगर के थाना बंसी के चौरी गांव निवासी सुनील चौधरी ने बताया कि प्रदीप बस्ती से ट्रेलर लेकर झांसी गिट्टी लोड करने जा रहा था। रास्ते में हादसा हो गया।अजगैन प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

## मिट्टी में दबने से महिला गंभीर रूप से घायल, इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



नवाबगंज। तालाब से मिट्टी निकालने के दौरान मिट्टी भरभराकर गिरने से महिला उसी में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से चिकित्सक ने रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। जबकि साथ गए अन्य को मामूली चोटें आईं।अजगैन कोतवाली के खड़ेहरा गांव निवासी सुशीला (45) पत्नी बुद्धिलाल अपने जेठ के नाती शिवा (10) गांव के दिलीप (20) पुत्र रामविलास व आदर्श (10) पुत्र अवधेश के साथ सुबह करीब 10 बजे गांव के तालाब में घर की पुताई के लिए मिट्टी निकालने गई थी। मिट्टी खुदाई के दौरान अचानक ऊपर की मिट्टी भरभराकर गिर गई। जिसमे महिला उसमें दब गई जबकि अन्य लोग भागकर बाहर आ गए। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन उसे निकाल कर सीएचसी लेकर गए लेकिन गंभीर हालत में चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के तीन बेटे दिनेश, कमलेश, राकेश व दो बेटी कान्ती और शांति हैं। अजगैन प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि अभी कोई सूचना नही है। तहरीर आएगी तो शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## प्रभारी मंत्री ने कई शिक्षकों, खण्ड शिक्षाधिकारियो को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन स्थित सभागार में एजुकेशन ब्राडकास्टिंग स्टूडियो एवं 7409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना व 5258 विद्यालयों में आई0सी0टी0 लैब की स्थापना और 503 पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाईब्रेरी की स्थापना के साथ ही कक्षा 3-12 के छात्र/छात्राओं के स्पॉट एसेसमेण्ट हेतु निपुण प्लस एप् का बटन दबाकर शुभारम्भ किया गया। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2025-26 में छात्र/छात्राओं को ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग आदि के लिये धनराशि का हस्तान्तरण एवं प्रदेश के 51667 प्रधानाध्यापको को टैबलेट्स वितरण व डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं के माध्यम से माह दिसम्बर 2024 एवं फरवरी 2025 में कराये गये निपुण आकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री द्वारा 38 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एंव 66 अच्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास एवं 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों/अतिरिक्त डारमेट्री का लोकार्पण तथा एस.सी.ई.आर.टी. द्वारा तैयार की गई सारथी एवं अनुरूपण पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसका सजीव प्रसारण विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में प्रभारी मंत्री/ राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, रजनी तिवारी की उपस्थिति में देखा व सुना गया। इस अवसर पर 10 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/ शिक्षको को टैबलेट वितरित किये गये, एवं नवीन नामांकन में सर्वाधिक वृद्धि करने वाले 18 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/ शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से मंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक आदि को पौधा भेंट किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र की बालिकाओं द्वारा हस्तनिर्मित आभार पत्र भेंट कर अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि अच्छी सोच और दृढ़ संकल्प पर सब निर्भर हैं। हमारा प्रयास हो कि प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक और छात्र की उपस्थिति शत-प्रतिशत होनी चाहिए। जब सब लोग शिक्षित होगें, तभी प्रदेश आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप नीतियों और नवाचार से विद्यालयों की स्थिति बदली हैं। सरकार डीबीटी के माध्यम से बच्चों को बैग, जूता, मोजा, स्वेटर एवं कापी किताबे खरीदने के लिये धनराशि दे रही हैं। कहा कि अब सरकारी विद्यालय के बच्चे किसी कान्वेंट विद्यालय के बच्चों से कम नहीं हैं। बच्चों को बेहतर बनाये जाने हेतु शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी होती हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**बांगरमऊ।** लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। जिसका सजीव प्रसारण ब्लॉक संसाधन केंद्र गंजमुरादाबाद में भी देखा गया। इस दौरान गंज मुरादाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार व गंज मुरादाबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक पटेल एवं शिक्षक और शिक्षकाए मौजूद रहे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री पटेल ने गंजमुरादाबाद व बांगरमऊ ब्लॉक के शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य व निपुण विद्यालय हेतु प्रशस्ति पत्र दिए। बांगरमऊ ब्लॉक के शिक्षक रजनीश कटियार ने शिक्षकों को समर कैंप, विद्यालय के उत्कर्ष कार्य व निपुण विद्यालय आदि कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डाला। रजनीश कटियार, संजय, निजामुद्दीन, कोमल यादव, रामदास, दयाराम, सुरेंद्र कुमार आदि शिक्षको को सम्मानित किया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र बांगरमऊ के कर्मचारी खेमराज सिंह, अजय सिंह, धीरज कुमार, आशाराम, मनीष कुमार, श्लोक बाजपेई ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

### रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के एक डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर सोमवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। जिसमें उत्तर प्रदेश जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, मोहान विधायक ब्रजेश रावत ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। वीरेंद्र प्रताप सिंह ने उनकी जीवनी को विस्तार से बताते हुए कहा रानी अहिल्याबाई समान न्याय के लिए प्रतिबद्ध थी। उन्होंने गाय के बछड़े को रथ के पहिये से रौंदने के अपराध में अपने बेटे को भी रथ के पहिये से रौंदने का आदेश दिया था। उन्होंने समाजहित में धर्मशाला, तालाब, जलाशय, कुएं और स्कूल बनवाये तथा सनातन धर्म के सोमनाथ, विश्वनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ व रामेश्वर मंदिर में उस समय करोड़ों रुपये खर्च कर मंदिरों को भव्यता देने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में जितनी भी सरकारें रही किसी ने रानी अहिल्याबाई का नाम तक नही लिया लेकिन भाजपा सरकार पूर्वजों को सम्मान देने का निरन्तर काम कर रही है। कार्यक्रम को विधयाक ब्रजेश रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान राजेन्द्र द्विवेदी, वाणीकांत द्विवेदी, शशिकांत राजपूत, नूतन सिंह, भोला सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मनोज पांडेय, रेशु तिवारी, सुरेश रावत, कमलेश रावत, प्रधान समर बहादुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# सिंदूर मिटाने वाले का मिटना तय

## दाहोद में पीएम बोले, आतंकियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, हमने उनके ठिकाने मिट्टी में मिला दिए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात के दाहोद में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। हमने भी आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। मोदी ने कहा, आप बताइए... ऐसे हालात में क्या मोदी चुप बैठ सकता था। जब कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। पीएम ने कहा, साथियों जिन्हें कोई नहीं पूछता उन्हें मोदी पूछता है। आदिवासी समाज में लोग पीछे रह गए हैं। उसमें भी पीछे रहने वाले लोगों की चिंता मैं करता हूं। मैंने उनके लिए भी योजना बनाई। लाखों आदिवासी भाई बहनों को इसका लाभ मिल रहा है। मैं यहां रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहा हूं। आमसभा से पहले मोदी ने यहां रोड शो भी किया। पीएम मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राज्य में यह उनका पहला दौरा है। वे सोमवार सुबह सबसे पहले वडोदरा पहुंचे और रोड शो किया।

### मोदी ने कहा, हमारी सेना ने पाकिस्तानी सेना को धूल चटा दी

मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वो तस्वीरें देखते हैं तो खून खौल जाता है। ये 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी इसलिए मोदी ने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने आपने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी। मोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारी सेना ने वो कर दिखाया जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे आतंक के 9 सबसे बड़े आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला। अता-पता पक्का कर लिया और 22 तारीख को जो खेल खेला गया था, छह तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया तो हमारी सेना ने पाकिस्तानी सेना को धूल चटा दी।

### पीएम ने कहा, स्पेन, इटली की मेट्रो के कोच भारत में बने

मोदी ने कहा, देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए, वो हम भारत में ही बनाएं, ये आज के समय की मांग है। भारत आज तेज गति से मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया में आगे बढ़ रहा है। देश की जरूरत के सामान का निर्माण हो या फिर दुनिया के अलग-अलग देशों में हमारे देश की बनी हुई चीजों का एक्सपोर्ट लगातार बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया की मेट्रो के कोच गुजरात में बने हैं। मैक्सिको, जर्मनी, स्पेन, इटली की मेट्रो के कोच भारत में बने हैं। जॉम्बिया में मेड इन इंडिया ट्रेन चल रही है। मेड इन इंडिया चीजें विदेशों में देखकर हमारा सीना गर्व से ऊंचा हो रहा है।

### लोग कहते थे दाहोद में कुछ नहीं बनने वाला: मोदी

पीएम ने कहा, दाहोद में तीन साल पहले मैं इसका शिलान्यास करने आया था। लोग कहते थे कि चुनाव आया तो उद्घाटन करने आ गए, कुछ बनने वाला नही है। लेकिन, आज यहां पहला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव इंजन बनकर तैयार हो गया है। मैंने कुछ देर पहले ही हरी झंडी दिखाई है।

### आप गुजरातियों ने मुझे आशीर्वाद दिया: मोदी

पीएम ने कहा, मैं देश सेवा में जुटा हूं। इन वर्षों में देश ने वे फैसले लिए, जो अकल्पनीय थे। इन वर्षो में दशकों पुरानी बेडियों को तोड़ा है। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ रहा है। आज देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा है। आज हम 140 करोड़ भारतीय मिलकर अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं।

### हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

पीएम मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले यहां हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें सबसे शानदार दाहोद की इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री है। 3 साल पहले मैं इसका शिलान्यास करने आया था। तब लोगों को तरह तरह की बातें कीं। गालियां दीं। कहा कि चुनाव आने वाले हैं इसलिए ये सब किया जा रहा है। काम कुछ नहीं होगा। देखिए, अब इस फैक्ट्री में पहला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव बनकर तैयार हो गया है। आज गुजरात को एक और उपलब्धि हासिल हुई है। गुजरात के शत-प्रतिशत रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। इसके लिए मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### कर्नल सोफिया की जुड़वां बहन शायना सुनसारा भी रोड शो में पहुंचीं

वडोदरा में पीएम मोदी के रोड शो पर कर्नल सोफिया कुरैशी की जुड़वां बहन शायना सुनसारा भी पहुंचीं। उन्होंने कहा, पीएम मोदी से मिलकर हमें अच्छा लगा। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत कुछ किया है। सोफिया मेरी जुड़वां बहन है। जब आपकी बहन देश के लिए कुछ करती है, तो इससे न केवल मुझे बल्कि दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। वह अब केवल मेरी बहन नहीं बल्कि देश की बहन भी है।

---

फिल्म खरीफ के निर्माता धीरेंद्र डिमरीजी से सुधांशु अनिरुद्ध की बातचीत

# संवेदनशील मनोरंजन ही असल सिनेमा

एक अच्छी फिल्म दिल को छूती है और वही बदलाव की पहली सीढ़ी होती है



## धीरेंद्र डिमरी

**बता दे कि भारतीय सिनेमा को नई राह दिखाने वाली फ़िल्म थी किसान कन्या। जहां से सिनेमा रंगीन हुई और आप जानते हैं कि आज कहां पहुंच चुकी है। एक और फिल्म आई जो किसान जीवन पर आधारित थी मदर इंडिया उसने भी भारतीय सिनेमा को नई दिशा दी और फिल्म को ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया। इसके बाद आई लगान जिसने भारतीय सिनेमा को नई दिशा दी। अब निर्माता धीरेंद्र ढिमरी की फिल्म आ रही है खरीफ। शायद खरीफ भी हिन्दी सिनेमा में कोई नया ट्रेंड सेट कर दे या फिर सिनेमा को नया मोड़ दे कोई नहीं जानता।**

EXCLUSIVE INTERVIEW



वरिष्ठ पत्रकार
सुधांशु अनिरुद्ध

**सुधांशु अनिरुद्ध: धीरेंद्र डिमरी जी सबसे पहले आपको बधाई की आपकी फिल्म खरीफ रिलीज होने जा रही। हम सबसे पहले यही जानना चाहेंगे की फिल्म किस विषय को लेकर है और अपनी फिल्म के बारे में क्या सोचते हैं..?**


■ धीरेंद्र डिमरी जी : पहले तो आपका बहुत शुक्रिया और धन्यवाद। अब बात फिल्म की तो,फिल्म किसानों की समस्या को लेकर है और किसानों से जुड़े सकारात्मक प्रश्नों को हमारे सामने लाती है। एक निर्देशक अपनी फिल्म के बारे में उतना ही अच्छा सोचता है जितना एक मां अपने बच्चे के बारे में सोचती है। बाकी दर्शक है । उनका सोचना ज्यादा जरूरी है और उनका निर्णय देखना है। एक सफल निर्देशक बनने के लिए रचनात्मकता, तकनीकी विशेषज्ञता, नेतृत्व और व्यापक मनोरंजन उद्योग की समझ का मिश्रण होना आवश्यक है। निर्देशक साक्षात्कार का उद्देश्य आपकी कलात्मक दृष्टि, संचार शैली, टीमों को प्रबंधित करने की क्षमता और व्यावसायिक जागरूकता को उजागर करना है।

**सुधांशु अनिरुद्ध: आपके विचार में एक फिल्म निर्देशक का सबसे महत्वपूर्ण गुण क्या है?**

■ धीरेंद्र डिमरी: संयम- हर कहानी को बोलने के लिए समय, धैर्य और दृष्टि चाहिए। ध्वनि के पीछे की चुप्पी को सुनना आना चाहिए। आंदोलन से ज़्यादा, मैं आत्मा के आंदोलन की बात करता हूँ।

**सुधांशु अनिरुद्ध: आपकी फिल्म अब तक की बनी किसान जीवन पर आधारित फिल्मों से कैसे अलग है..**

■ धीरेंद्र डिमरी: मेरी फिल्म किसी नारे की नहीं, एक व्यक्ति की अंतर्दृष्टि की कहानी है।मुद्दे हैं, लेकिन वे लाउड नहीं हैं वे मन की खामोशी से उपजे हैं।




**सुधांशु अनिरुद्ध: आपको इस फिल्म को बनाने में किन दिक्कतों का सामना करना पड़ा...?**

■ दिक्कतें जीवन का हिसा है। मुझे इसे बनाने के बजाय इसके नाम को लेकर ज्याद मशक्कत करनी पड़ी। क्योंकि हम जो टाइटल चाह रहे थे धूल वो हमे ज्यादा शूट करता था। लेकिन वो पहले से रजिस्टर हो चुका था तो अंत में कई नाम आए लेकिन खरीफ रखा गया एक तो खरीफ कहते ही फसल और किसान दोनों हो याद आ जाते हैं । और ये फिल्म है भी किसानी जीवन और उसकी सकारत्मकता को लेकर। तो उम्मीद है फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी। क्योंकि अच्छे सिनेमा को दर्शक नही मिले तो दिक्कत होती है न कि फिल्म बनाने में।

**सुधांशु अनिरुद्ध: आपको आपकी फिल्म की सफलता के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं**

■ धीरेंद्र डिमरी: जी बहुत बहुत शुक्रिया और सभी पाठको का भी शुक्रिया,साथ ही साथ मित्र बिक्रम सिंह और अन्य तमाम लोगो को भी शुक्रिया जिन्होंने अपना सहयोग दिया। बिक्रम का इसलिए भी की वो प्रवृत्ति से अभिनेता है और रचनात्मकता से लेखक तो जब कहीं कुछ लिखने या जोडने घटाने की बात आती तो वो हमेशा तैयार रहें। बाकी उन सभी सदस्यों और पूरी क्रू का धन्यवाद जो पल पल साथ रहे। मेहनत की।

**सुधांशु अनिरुद्ध: आप किसी प्रोडक्शन के लिए कास्टिंग का निर्णय कैसे लेते हैं? चुंकि यह फिल्म किसान केंद्रित है तो कलाकारों का चयन भी कठिन रहा होगा। तो आपने इसको कैसे सुलझाया..?**

■ धीरेंद्र डिमरी: मैं कास्टिंग के समय इस बात पर ध्यान देता हूं कि अभिनेता किरदार के सार को कितनी अच्छी तरह से दर्शाता है और कहानी के लहजे में कितना फिट बैठता है। मैं कलाकारों के बीच के तालमेल को प्राथमिकता देता हूं और अक्सर कार्यशालाएं या ऑडिशन आयोजित करता हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अभिनेता की व्याख्या फिल्म के विजन के साथ संरेखित हो।

**सुधांशु अनिरुद्ध: आपकी फिल्म किसानी जीवन पर आधारित है। आज के दौर में जब हर तरफ ग्लैमरस और व्यवसायिक को प्राथमिकता दी जा रही है । ऐसे में इस तरह की फिल्म बनाना खतरा मोल लेने जैसा नही है..**

■ धीरेंद्र डिमरी: किसान हो या छोटे बच्चों का जहन या फिर कॉमन मैन मैंने जो भी विषय चुने उसमें कमर्शियल मैंने कुछ नहीं सोचा हमारी गीता में भी कहा गया है कि कर्म करो फल की चिंता मत करो जब भी कोई अंदर से बहुत परेशान होता है उसको फूटने देना चाहिए यदि इलाज सही चाहते हो तो प्राकृतिक इलाज भी आह है कि थोड़ा जो फूटता है दर्द होता है लेकिन जब अंदर का दर्द बाहर आ जाता है तो उसको भरने में फिर ज्यादा समय नहीं लगता मैं अपने नुकसान की बात नहीं कर रहा हूं मैं कोई व्यापारी नहीं हूं मैं कला के सौंदर्य को सजाने वाला कलाकार हूं कलाकृति गणना चाहे वह पत्थर हो या कागज हो उसकी कीमत कलाकृति के बाद ही मूल्यवान कराई जा सकती है खतरे वही उठाता है जिसे बदलाव की भूख हो।जब खेतों की मिट्टी की सोंधी खुशबू ही देश की जड़ है, तो उसी पर फिल्म बनाना मेरी जिम्मेदारी है।ग्लैमर के पीछे भागने से पहले हमें अपनी जड़ों को पहचानना होगा।संवेदना जब तक आप महसूस नहीं करोगे, आप दर्शकों को क्या महसूस कराओगे?

**सुधांशु अनिरुद्ध: जब आप असफल होते हैं या हारा हुआ महसूस करते है तो उससे बाहर कैसे निकलते हैं .आप कैसे प्रेरित और रचनात्मक बने रहते हैं?**

■ धीरेंद्र डिमरी: निर्देशन के लिए निरंतर रचनात्मकता और ध्यान की आवश्यकता होती है, यहां तक कि चुनौतीपूर्ण समय में भी। यह प्रश्न आपके लचीलेपन और अपने जुनून को फिर से जगाने के तरीकों का मूल्यांकन करता है। जब मैं रचनात्मक रूप से अवरुद्ध महसूस करता हूं, तो मैं उन फिल्मों, पुस्तकों या कला को फिर से देखता हूं, जिन्होंने मुझे शुरू में प्रेरित किया था। अपने आस-पास के माहौल को देखने या सहकर्मियों के साथ विचारों पर चर्चा करने के लिए ब्रेक लेना अक्सर नए दृष्टिकोणों को जन्म देता है। अपनी टीम से जुड़े रहना और उनकी ऊर्जा से प्रेरणा लेना भी मुझे प्रेरित रखता है।

**सुधांशु अनिरुद्ध: वैसे तो आप खरीफ फिल्म के निर्माता हैं पर आपको निर्देशक के रूप में काम करने में कब रुचि हुई और इस कैरियर को अपनाने के आपके निर्णय को किसने प्रभावित किया?**

■ धीरेंद्र डिमरी: निर्देशन के प्रति मेरा जुनून हाई स्कूल में शुरू हुआ जब मैंने छात्रों के नेतृत्व वाली एक लघु फिल्म परियोजना में भाग लिया। मैंने खुद को एक कहानी को आकार देने, अभिनेताओं के साथ समन्वय करने और एक दृष्टि को जीवन में लाने की प्रक्रिया के प्रति आकर्षित पाया। वर्षों से, यह रुचि विकसित हुई क्योंकि मैंने कॉलेज में फिल्म निर्माण का अध्ययन किया, अनुभवी निर्देशकों के साथ इंटर्नशिप की और सेट पर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया, जिससे पेशेवर रूप से निर्देशन करने की मेरी इच्छा मजबूत हुई।

**सुधांशु अनिरुद्ध: आपने यह विषय केवल इसलिए चुना कि अलग किस्म की फिल्म बनाना चाहते थे या इसके ज़रिए प्रसिद्धि या पुरुस्कार प्राप्त करना चाहते हैं या सचमुच ही फिल्मों के माध्यम से बदलाव लाना चाहते हैं..?**

■ धीरेंद्र डिमरी: बहुत बढ़िया प्रश्न है . सिनेमा,बदलाव या मनोरंजन वास्तव में सिनेमा आत्मा का आईना है वह चाहे रुलाए हँसाए या सोचने पर मजबूर करे। बदलाव और मनोरंजन विरोधी नहीं हैं। संवेदनशील मनोरंजन ही असल सिनेमा है। एक अच्छी फिल्म दिल को छूती है, और वही बदलाव की पहली सीढ़ी होती है।रही बात प्रसिद्धि या बदलाव मैं क्यों सिनेमा?मैं फिल्म को एक ज़रिया मानता हूँ, अपनी आत्मा की बात कहने का।प्रसिद्धि तो परिणाम हो सकता है, लेकिन उद्देश्य नहीं।मेरे लिए बदलाव भीतर से शुरू होता है दर्शकों के दिल और सोच में। मेरी कोशिश रहती है कि लोग मेरी फिल्मों से बाहर निकलें तो उनके भीतर कुछ हलचल हो।

**सुधांशु अनिरुद्ध: सुना है आपको फिल्म का नाम बदलना पड़ा। क्या कोई खास कारण या किसी किस्म के दवाब में ऐसा करना पड़ा ..?**

■ धीरेंद्र डिमरी: नाम भाव का प्रतीक है, और कभी-कभी भावनाओं से ज्यादा संवाद ज़रूरी होता है। मैंने नाम बदला, लेकिन आत्मा वही रखी — यह मेरा स्वैच्छिक, लेकिन सोच-समझकर लिया गया निर्णय था।कभी-कभी बाज़ार की भाषा और हमारी संवेदना के बीच सेतु बनाना पड़ता है।




---

# भारत सरकार द्वारा फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद के चेयरमैन बनाए गए पूरन डावर



गोपाल गुप्ता
चेयरमैन, गुप्ता एच.सी. ओवरसीज


भारत का राजपत्र
The Gazette of India



पूरन चंद डावर
चेयरमैन, डावर फुटवियर

जन एक्सप्रेस। आगरा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूरन चंद डावर को फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद (Development Council for Footwear and Leather Industry) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस प्रतिष्ठित नामांकन पर उद्योग जगत एवं संबंधित संस्थाओं द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति चमड़ा एवं फुटवियर क्षेत्र में श्री डावर के निरंतर समर्पण, नेतृत्व क्षमता और योगदान की सशक्त मान्यता के रूप में देखी जा रही है। वर्तमान में श्री डावर काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स के उत्तरी क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चैम्बर के अध्यक्ष के रूप में सक्रिय हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि श्री डावर के नेतृत्व में विकास परिषद न केवल चमड़ा एवं फुटवियर उद्योग की चुनौतियों को सुलझाने में सहायक होगी, बल्कि इसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और अधिक सशक्त एवं उन्नत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री डावर को इस नई जिम्मेदारी के लिए देशभर से बधाइयों का सिलसिला जारी है, और सभी को उनसे इस पद पर उत्कृष्ट कार्य की पूर्ण अपेक्षा है। इन्हीं के साथ परिषद के सदस्य के रूप में आगरा से गुप्ता एच.सी. ओवरसीज के चेयरमैन गोपाल गुप्ता को भी नामित किया गया है। उनके इस मनोनयन के लिए भारत सरकार द्वारा एक गजट अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों एवं सरकारी विभागों को मिलाकर कुल 25 सदस्यों को परिषद में शामिल किया गया है। जिनमें 11 विभागीय सदस्य हैं और 14 इंडस्ट्री से जुड़े उद्यमी हैं।

# वार्तालोक समिति की इस रविवार को होगी जीबीएम




जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

वसुंधरा सेक्टर 4सी स्थित वार्तालोक सहकारी आवास समिति की जीबीएम रविवार 1 जून को सेक्टर 5 स्थित वेंकट हॉल में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी समिति सचिव प्रेम नाथ पांडे द्वारा दी गई हैं। जीबीएम में सचिव द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का ब्यौरा सदस्यों को देने के बाद परिसर में तैनात कर्मचारियों की वेतन वृद्धि, मासिक अनुरक्षक शुल्क में वृद्धि व परिसर के विकास हेतु प्रस्तावित बजट पर चर्चा की जाएगी और सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा। समिति सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि उनकी टीम ने अपने कार्यकाल में परिसर निवासियों की भलाई के लिए कई विकास कार्य जैसे परिसर की अंदरूनी सड़कों का निर्माण, समिति ऑफ़िस का पुनर्निर्माण, पार्क का रैनोवेशन, टाइल वर्क व मोबाइल ऐप आदि कार्य किए गए और भविष्य में भी कई विकास कार्य पाइपलाइन में हैं , जो इस जीबीएम में सदस्यों के सामने रखे जाएंगे।

# निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करें सम्बंधित विभाग: नोडल अधिकारी

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के द्वारा जनपद गाजियाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल से नल योजना, गौ आश्रय स्थल एवं 50 करोड़ रूपये से अधिक लागत की 2 परियोजनाओं के भौतिक सत्यापन हेतु डा. हीरा लाल, आयुक्त एवं निबंधन सहकारी समितिया उ.प्र. को नामित नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। डा. हीरा लाल, आयुक्त एवं निबंधन सहकारी समितियां द्वारा जनपद गाजियाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल से नल योजना, गौआश्रय स्थल एवं 50 करोड़ रूपये से अधिक लागत की परियोजनाओं के भौतिक सत्यापन हेतु स्थानीय निरीक्षण किया गया। अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत गाजियाबाद सीवरेज योजना करहैडा जोन के कार्यो का भौतिक सत्यापन हेतु निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता अरूण प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त योजना की कुल स्वीकृत लागत 546.94 करोड़ रूपये जीएसटी व सेन्टेज सहित योजना के निर्माण हेतु मैसर्स खिलारी इन्फ्राटेक लिमिटेड, मुम्बई के साथ अनुबन्ध लागत 390.60 करोड़ रूपये निर्गत किया गया है। अनुबन्ध के अनुसार योजना के कार्य प्रारम्भ की तिथि 11 दिसंबर 2023 एवं कार्य पूर्ण किये जाने हेतु दिनांक 8 जून 2026 निर्धारित है। योजना के अन्तर्गत 1 नग 68 एम.एल.डी.एस.टी.पी. , 3 नग आईपीएस, 145 किमी सीवर नेटवर्क तथा उक्त योजना से लगभग 67,669 घरों को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में योजना के निर्माण कार्यो की प्रगति लगभग 55 प्रतिशत है। नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि कार्य स्थल पर योजना के समस्त विवरण का बडे साइज का साईन बोर्ड स्थापित किया जाये, जिस पर योजना से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों तथा फर्म का विवरण अंकित हो। उक्त के साथ ही योजना के निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान सम्बंधित विभाग व कार्यदायी संस्था के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)